10 मेस्सी....



12 जान्हवी कपूर...



झारखण्ड का अपना दैनिक
# झारखण्ड उजाला
सच आप तक

रांची, शुक्रवार, 19 जून 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -05 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**रोबिन कुमार**
**अधिवक्ता, झारखंड उच्च न्यायालय।**

**अधिवक्ताओं का मुख्य कार्य जनता को समय रहते उनकी परेशानियों से कोर्ट के माध्यम से न्याय दिलाना है। जिस पर सभी अभी बताओ तो साजन रहते हुए कार्य करने की आवश्यकता है ताकि जनता को समय पर न्याय मिल सके।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,44,678**
चांदी (प्रति किलो) : **2,70,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **77,409.98**
निफ्टी :- **24,168.00**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **33** °
न्यूनतम तापमान : **25** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:03**
संध्या :- **18:37**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1657 को फ्रांसीसी गणितज्ञ, भौतिक विज्ञानी और दार्शनिक ब्लेज पास्कल ने पहली बार यांत्रिक कैलकुलेटर का आविष्कार किया।**

## संक्षिप्त समाचार

### जेयूटी में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 83 छात्रों का हुआ चयन

रांची। झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (जेयूटी) में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 83 विद्यार्थियों का चयन हुआ है. कुलपति प्रो डीके सिंह ने बताया कि इनका चयन देश की प्रतिष्ठित औद्योगिक कंपनियों में हुआ है. यह उपलब्धि विवि द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, उद्योगोन्मुखी पाठ्यक्रम, कौशल विकास तथा प्रशिक्षण आधारित शिक्षण व्यवस्था का परिणाम है. विवि के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा संचालित चयन प्रक्रिया में सुपर स्मेल्टर्स लिमिटेड, आसनसोल ने कुल 50 डिप्लोमा इंजीनियरिंग छात्रों का चयन किया है. चयनित छात्रों में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 15, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 23 तथा मेटलर्जी इंजीनियरिंग के 12 विद्यार्थी शामिल हैं. इसी प्रकार टीवीएस ब्रेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई 23 विद्यार्थियों का चयन किया गया. चयनित छात्र इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के हैं.

### नाथवानी की जीत पर भाजपाइयों में जश्न

रांची। राज्यसभा चुनाव में भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी की जीत की घोषणा होते ही झारखंड विधानसभा परिसर में भाजपा और एनडीए खेमे में उत्साह का माहौल बन गया. परिणाम के संकेत मिलते ही भाजपा विधायकों ने भारत माता की जय, जय श्री राम और वंदे मातरम के नारों से विधानसभा परिसर को गुंजायमान कर दिया. जीत की खुशी में भाजपा विधायकों और समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी. विधानसभा परिसर में जश्न का माहौल देखने को मिला, जहां नेताओं और कार्यकताओं ने नाथवानी की जीत को एनडीए की रणनीतिक सफलता बताया. भाजपा नेताओं ने कहा कि यह जीत झारखंड के विकास और राज्य के हितों की जीत है.

# पीएम मोदी पेरिस पहुंचे, भव्य स्वागत, कहा- वैश्विक प्रगति के लिए भारत-फ्रांस की पार्टनरशिप जरूरी

**एजेंसी**



**पेरिस।** प्रधानमंत्री मोदी जी-7 के आउटरीच सेशन में शामिल होने के बाद बुधवार को फ्रांस की राजधानी पेरिस पहुचे. यहां भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. उन्होंने यहां वैश्विक प्रगति के लिए भारत-फ्रांस की पार्टनरशिप के महत्व पर जोर दिया. बता दें कि जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत को अतिथि देश के तौर पर आमंत्रित किया गया था. श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, मैं कुछ देर पहले ही पेरिस पहुंचा हूं, यहां भारतीय समुदाय के लोगों ने मेरा गर्मजोशी से स्वागत किया. मुझे भारत और फ्रांस को करीब लाने की उनकी कोशिशों पर गर्व है. उन्होंने कहा, मारी दुनिया की प्रगति के लिए भारत-फ्रांस साझेदारी बहुत जरूरी है. पेरिस मेंपीएम मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ VivaTech 2026 कार्यक्रम में शामिल होंगे और भारतीय समुदाय के लोगों से बातचीत करेंगे. विदेश मंत्रालय के अनुसार विवटेक यूरोप का प्रमुख टेक्नोलॉजी और इनोवेशन इवेंट है. इस साल के आयोजन में भारत का नेशनल पैविलियन सबसे बड़ा होगा, जो भारतीय और यूरोपीय इनोवेशन इकोसिस्टम के बीच सहयोग की बढ़ती संभावनाओं को दशार्ता है. फ्रांस में भारतीय मूल के लोगों की संख्या लगभग 1,19,000 है, जबकि फ्रांस के बाहरी इलाकों में 3,50,000 से ज्यादा भारतीय मूल के लोग रहते हैं.

पेरिस रवाना होने से पहले, पीएम मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन में अपनी गतिविधियों को फायदेमंद करार दिया था. उन्होंने कहा कि उन्हें गवर्नेंस और पॉलिसी बनाने के अहम मुद्दों पर भारत का नजरिया और कोशिशें रखने का मौका मिला. जी-7 के आउटरीच सेशन में पीएम मोदी ने जी-7 देशों, भारत और ग्लोबल साउथ की ताकतों को मिलाकर कनेक्टिविटी और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए एक फ्रेमवर्क का प्रस्ताव रखा. साथ ही उन्होंने विकासशील देशों पर पश्चिम एशिया संकट के लंबे समय तक रहने वाले असर को लेकर भी चिंता जताई. सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी ने कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं, जिनमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, यूके के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी शामिल थे.

# झारखंड टी20 क्रिकेट लीग: विकास कुमार विशाल की शानदार पारी से धनबाद डायमंड्स को मिली पहली जीत

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** झारखंड टी20 क्रिकेट लीग 2026 में धनबाद डायमंड्स ने आखिरकार जीत का खाता खोल लिया. जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में धनबाद डायमंड्स ने संथाल स्ट्राइकर्स को सात विकेट से हराकर टूनार्मेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की. टीम ने 184 रनों के लक्ष्य को आठ गेंद शेष रहते हासिल कर लिया. टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए संथाल स्ट्राइकर्स ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 183 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया. टीम की पारी की सबसे बड़ी विशेषता तीसरे विकेट के लिए अरविंद कुमार और कुमार सूरज के बीच हुई 101 रनों की शानदार साझेदारी रही.

अरविंद कुमार ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों पर 62 रन बनाए, जबकि कुमार सूरज ने 30 गेंदों में 41 रनों की उपयोगी पारी खेली. इसके अलावा सुमित कुमार ने 16 गेंदों पर 25 रन बनाकर टीम के स्कोर को मजबूती प्रदान की. धनबाद डायमंड्स की ओर से गेंदबाजी में विवेकानंद तिवारी सबसे सफल रहे. उन्होंने अपने चार ओवर में 33 रन देकर दो विकेट हासिल किए. वहीं तेज गेंदबाज सुशांत मिश्रा ने 23 रन देकर एक विकेट और मीत जैन ने 27 रन देकर एक विकेट अपने नाम किया. 184 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी धनबाद डायमंड्स की शुरूआत शानदार रही. ओपनर विकास कुमार विशाल और आर्यमान सेन ने पहले विकेट के लिए 50 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को मजबूत आधार दिया. आर्यमान सेन ने 32 रनों का योगदान दिया. इसके बाद प्लेयर ऑफ द मैच आदित्य सिंह ने तेजतर्रार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया. उन्होंने सिर्फ 32 गेंदों में 59 रन बनाते हुए विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बना दिया और लक्ष्य को आसान कर दिया. आदित्य की इस पारी ने धनबाद की जीत की नींव रखी. हालांकि मैच के असली नायक ओपनर विकास कुमार विशाल रहे, जिन्होंने शुरू से अंत तक क्रीज पर टिके रहते हुए जिम्मेदारी भरी पारी खेली.



### अरविंद कुमार की अर्धशतकीय पारी बेकार

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी संथाल स्ट्राइकर्स की शुरूआत बेहद खराब रही और टीम ने 32 रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए. इसके बाद कुमार सूरज (41 रन) और अरविंद कुमार ने मिलकर पारी को संभाला. अरविंद कुमार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों में 9 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 62 रनों की आतिशी अर्धशतकीय पारी खेली. मध्यक्रम में सुमित कुमार ने 16 गेंदों में 25 और अनमोल राज ने 15 गेंदों में 24 रनों का योगदान दिया, जिसकी बदौलत संथाल स्ट्राइकर्स ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट पर 183 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया. धनबाद डायमंड्स की तरफ से कप्तान बाल कृष्णा की अगुवाई में विवेकानंद तिवारी ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 33 रन देकर 2 सफलताएं हासिल कीं, जबकि मनीषी ने भी 2 विकेट चटकाए.

### विकास विशाल का तूफानी पारी

184 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी धनबाद डायमंड्स को विकास कुमार विशाल और आर्यमन सेन (32 रन) ने ठोस शुरूआत दी. विकास विशाल ने संथाल के गेंदबाजों की जमकर क्लास ली और मात्र 56 गेंदों में 5 चौकों और 4 गगनचुंबी छक्कों की मदद से नाबाद 79 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली. मध्यक्रम में आदित्य सिंह ने भी 32 गेंदों में 39 रनों का बहुमूल्य योगदान दिया. संथाल स्ट्राइकर्स का कोई भी गेंदबाज धनबाद के बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा सका और धनबाद डायमंड्स ने 18.4 ओवर में 3 विकेट पर 185 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया.

# झारखंड में राज्यसभा चुनाव में परिमल नाथवानी और जेएमएम के बैद्यनाथ राम ने दर्ज की जीत

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए गुरुवार 18 जून 2026 को हुए चुनाव के साथ पिछले करीब दो सप्ताह से जारी राजनीतिक उठापटक और सस्पेंस पर विराम लग गया. कड़े मुकाबले के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के उम्मीदवार बैजनाथ राम और एनडीए समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नथवानी ने जीत दर्ज की. इस परिणाम के साथ ही राज्य की राजनीति में महागठबंधन की एकजुटता पर भी सवाल खड़े हो गए हैं.

### नतीजों ने बदल दिया राजनीतिक समीकरण

81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में हुए मतदान में झामुमो उम्मीदवार बैजनाथ राम को सबसे अधिक 31 वोट मिले और वह आसानी से राज्यसभा पहुंचने में सफल रहे. दूसरी सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नथवानी ने जीत हासिल की. परिमल नथवानी को कुल 30 वोट प्राप्त हुए थे, लेकिन इनमें से दो मत रद्द कर दिए गए. यानी उन्हें कुल 28 वोट मिले. वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा को 20 वोट मिले, जिनमें एक वोट अमान्य घोषित कर दिया गया. कुल 81 वोटों में से तीन मत रद्द हुए. इस तरह अंतिम गणना में बैजनाथ राम को 31 और परिमल नथवानी को 28 वैध वोट मिले, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार जीत से दूर रह गए.





### परिमल नथवानी की जीत ने बढ़ाई महागठबंधन की मुश्किलें

राज्यसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन के नेताओं द्वारा दोनों सीटों पर जीत का दावा किया जा रहा था. कांग्रेस और झामुमो के नेताओं का कहना था कि गठबंधन पूरी तरह एकजुट है और क्रॉस वोटिंग की कोई संभावना नहीं है. लेकिन चुनाव परिणामों ने इन दावों की पोल खोल दी. परिमल नथवानी की जीत के बाद यह साफ हो गया कि महागठबंधन के भीतर कहीं न कहीं राजनीतिक दरार मौजूद थी. यही वजह रही कि कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा अपेक्षित समर्थन जुटाने में असफल रहे और दूसरी सीट उनके हाथ से निकल गई.

### कौन हैं परिमल नथवानी

परिमल नथवानी देश के प्रमुख उद्योग समूह रिलायंस इंडस्ट्रीज से जुड़े हुए हैं और लंबे समय से झारखंड की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं. वह लगातार दो बार झारखंड से राज्यसभा सांसद रह चुके हैं. उन्होंने वर्ष 2008 में पहली बार निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर राज्यसभा का चुनाव जीता था. इसके बाद 2014 में भी उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल कर संसद के उच्च सदन में अपनी जगह बरकरार रखी. अब तीसरी बार उन्होंने राज्यसभा पहुंचने में सफलता प्राप्त की है. झामुमो उम्मीदवार बैजनाथ राम का राजनीतिक सफर संघर्ष और कई उतार-चढ़ाव से भरा रहा है. लातेहार के शहीद चौक स्थित धोबी मुहल्ला के निवासी बैजनाथ राम का जन्म वर्ष 1967 में लातेहार प्रखंड के परसही गांव में हुआ था. उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव में प्राप्त की और बाद में बालक उच्च विद्यालय, लातेहार से मैट्रिक और इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की. इसके बाद बनवारी साहू महाविद्यालय से राजनीतिक शास्त्र में स्नातक की डिग्री हासिल की. राजनीति में आने से पहले उन्होंने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में लगभग तीन वर्षों तक शिक्षक के रूप में काम किया. लेकिन वर्ष 2000 में झारखंड राज्य गठन के बाद उन्होंने नौकरी छोड़कर राजनीति को अपना पूर्णकालिक कार्यक्षेत्र बना लिया.

### कई दलों का सफर तय कर पहुंचे राज्यसभा

बैजनाथ राम ने वर्ष 2000 में जनता दल यूनाइटेड के टिकट पर पहली बार लातेहार विधानसभा सीट से जीत हासिल की और बाद में खेल मंत्री, मद्य निषेध मंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद संभाले. वर्ष 2005 में वह भाजपा में शामिल हुए और शिक्षा मंत्री बने. हालांकि, बाद के वर्षों में राजनीतिक परिस्थितियां बदलीं और टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने भाजपा छोड़कर झामुमो का दामन थाम लिया. अब झामुमो के उम्मीदवार के रूप में राज्यसभा चुनाव जीतकर उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक अनुभव में एक और उपलब्धि जोड़ ली है. राज्यसभा चुनाव के नतीजों ने यह संकेत दे दिया है कि झारखंड की राजनीति में आने वाले दिनों में नए समीकरण बन सकते हैं.










# विद्यालयों, गोबरधन योजना, आम बागवानी और कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**किस्को दौरे पर उपायुक्त ने शिक्षा, कृषि और ग्रामीण विकास योजनाओं का लिया जायजा**



**लोहरदगाः** उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने गुरुवार को किस्को प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर शिक्षा, कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजकीयकृत मध्य विद्यालय किस्को, पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, गोबरधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत विकसित आम बागवानी तथा कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राजकीय कृत मध्य विद्यालय, किस्को के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति, शिक्षण व्यवस्था एवं विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, पाकशाला की व्यवस्था तथा आईसीटी लैब के संचालन की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही विद्यालय परिसर स्थित जर्जर भवन को हटाने तथा विद्यालय के सामने स्थित भूमि को प्रखंड स्तरीय फुटबॉल मैदान के रूप में विकसित करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय परिसर में निमार्णाधीन नए भवन का भी जायजा लिया और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उच्च विद्यालय परिसर में निमार्णाधीन भवन का निरीक्षण कर छोटी-मोटी तकनीकी एवं निर्माण संबंधी कमियों को चिन्हित किया तथा उनमें सुधार कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। दौरे के क्रम में उपायुक्त ने परहेपाट पंचायत के जनवल गांव में संचालित गोबरधन योजना का निरीक्षण किया। लाभुकों ने बताया कि संयंत्र से उत्पादित बायोगैस का लाभ गांव के 15 घरों को मिल रहा है। उपायुक्त ने योजना के संचालन, रखरखाव एवं वित्तीय प्रबंधन की समीक्षा करते हुए समिति का बैंक खाता शीघ्र खोलने तथा योजना को और सुदृढ़ बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह योजना स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और वैकल्पिक ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। जनवल गांव में ही उपायुक्त ने किसान चमरू महतो की बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत विकसित आम बागवानी का निरीक्षण किया। उन्होंने कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के लिए इंटरक्रॉपिंग (अंतरवर्ती फसल) मॉडल विकसित करने का निर्देश दिया तथा सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कुएं को और गहरा करने एवं ड्रिप सिंचाई प्रणाली उपलब्ध कराने की पहल करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को इस मॉडल को अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मिट्टी जांच प्रयोगशाला, विभिन्न कृषि मशीनरी, खाद उत्पादन इकाई एवं चारा उत्पादन संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने तथा कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त ने केवीके के अधिकारियों के साथ बैठक कर केंद्र में संचालित गतिविधियों एवं उपलब्धियों की समीक्षा की तथा किसानों के हित में और बेहतर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पीडी आईटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## आरएसएस कार्यालय पर पेट्रोल बम हमला निंदनीय, दोषियों की हो अविलंब गिरफ्तारी : जय श्रीराम समिति



**लोहरदगा।** झारखंड की राजधानी रांची के निवारणपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कार्यालय पर हुए कथित पेट्रोल बम हमले की जय श्रीराम समिति ने कड़ी निंदा की है। समिति ने इस घटना को राज्य की शांति, सामाजिक सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था पर हमला बताते हुए दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। समिति के पदाधिकारियों ने जारी बयान में कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज में भय और अस्थिरता का माहौल पैदा करने का प्रयास हैं। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड को अशांत करने और हिंसा की आग में झोंकने की साजिश रचने वाले अपराधी अपने मंसूबों में कभी सफल नहीं हो पाएंगे। राज्य की जनता शांति, एकता और राष्ट्रहित के पक्ष में खड़ी है।समिति ने झारखंड सरकार एवं पुलिस प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि इस घटना में शामिल अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही इस हमले के पीछे यदि कोई बड़ी साजिश है तो उसकी भी निष्पक्ष एवं गहन जांच कर सभी दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाए। जय श्रीराम समिति ने कहा कि समाज में अशांति फैलाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समिति ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोषियों के खिलाफ शीघ्र एवं ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए व्यापक स्तर पर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। समिति ने राज्यवासियों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि ऐसे समय में सभी लोगों को एकजुट होकर समाज विरोधी तत्वों का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करना चाहिए तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करना चाहिए।

## पतरातू पुलिस ने कॉपर वायर चोरी कांड का किया खुलासा, तीन आरोपी गए जेल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पतरातुः** पतरातु थाना पुलिस ने पी वी यू एन एल प्लांट से कॉपर वायर चोरी मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई थाना कांड संख्या-33/26 में की गई है, जो 5 फरवरी 2026 को दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी शिव लाल गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच के दौरान पुलिस को चोरी में शामिल आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग मिले थे। इसके आधार पर छापेमारी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में रोचाप निवासी रोहेल अंसारी उर्फ टीपू, मेराज अंसारी तथा जयनगर मुस्लिम टोला निवासी अलाउद्दीन अंसारी उर्फ लादेन शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों में होने वाली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निगरानी व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा रहा है।

## आरएसएस कार्यालय पर पेट्रोल बम हमला निंदनीय, दोषियों की हो अविलंब गिरफ्तारी : जय श्रीराम समिति

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा।** झारखंड की राजधानी रांची के निवारणपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कार्यालय पर हुए कथित पेट्रोल बम हमले की जय श्रीराम समिति ने कड़ी निंदा की है। समिति ने इस घटना को राज्य की शांति, सामाजिक सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था पर हमला बताते हुए दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। समिति के पदाधिकारियों ने जारी बयान में कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज में भय और अस्थिरता का माहौल पैदा करने का प्रयास हैं। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड को अशांत करने और हिंसा की आग में झोंकने की साजिश रचने वाले अपराधी अपने मंसूबों में कभी सफल नहीं हो पाएंगे। राज्य की जनता शांति, एकता और राष्ट्रहित के पक्ष में खड़ी है। समिति ने झारखंड सरकार एवं पुलिस प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि इस घटना में शामिल अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही इस हमले के पीछे यदि कोई बड़ी साजिश है तो उसकी भी निष्पक्ष एवं गहन जांच कर सभी दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाए। जय श्रीराम समिति ने कहा कि समाज में अशांति फैलाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समिति ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोषियों के खिलाफ शीघ्र एवं ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए व्यापक स्तर पर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। समिति ने राज्यवासियों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि ऐसे समय में सभी लोगों को एकजुट होकर समाज विरोधी तत्वों का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करना चाहिए तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करना चाहिए।

## दार्जिलिंग में लोकसभा की याचिका समिति की हाई-लेवल बैठक, सांसद सुखदेव भगत बैठक में हुए शामिल

जनहित के मुद्दों और जन-याचिकाओं पर हुआ गहरा मंथन

दार्जिलिंग के 'चिया ताज कुटीर' में लोकसभा की याचिका संबंधी संसदीय समिति की एक बेहद महत्वपूर्ण और उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में आम जनता से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं और जनहित के गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समिति के सदस्य के रूप में लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य फोकस जनता द्वारा सीधे भेजी गई शिकायतों और मांगों पर त्वरित कार्रवाई करना रहा। सांसद सुखदेव भगत ने ?बैठक के दौरान चर्चा के मुख्य बिंदुओं को साझा करते हुए स्पष्ट किया कि समिति किन मामलों को प्राथमिकता देती है। उन्होंने बताया कि याचिकाएं आमतौर पर उन मामलों पर विचारणीय होती हैं, जो सीधे तौर पर केंद्र या राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आते हैं।विशेषकर ऐसे मामले, जिनके निवारण के लिए पहले से कोई कानूनी सत्र, अदालत या उचित फोरम उपलब्ध नहीं है, उन्हें समिति बेहद गंभीरता से लेती है। बताया गया कि ?आम जनता के लिए यह समिति सुरक्षा कवच है। यह संसदीय समिति आम जनता की आवाज को सीधे संसद और मंत्रालयों तक पहुँचाने का काम करती है। इसका जन-याचिकाओं का परीक्षण, समिति जनता द्वारा सीधे भेजी गई शिकायतों, विधेयकों और सामान्य जनहित के मामलों का बारीकी से परीक्षण करती है। समिति को यह अधिकार है कि वह संबंधित मंत्रालयों और विभागों से पूरी जानकारी, साक्ष्य और रिपोर्ट मांग सके। साथ ही साक्ष्यों और उचित प्रक्रियाओं को समझने के बाद, समिति मंत्रालयों को निर्देश देकर जनता की समस्याओं का स्थायी समाधान कराती है। ?इस बैठक से यह साफ संदेश गया है कि शासन और जनता के बीच की दूरी को कम करने के लिए संसदीय समितियां धरातल पर उतरकर काम कर रही हैं, ताकि हर नागरिक की समस्या का सही मंच पर निवारण हो सके। बैठक में बहुत सारे सदस्य एवं विभागीय स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी की उपस्थित थे

# झारखंड में मिशन परिवार विकास अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) झारखंड के तहत गुरुवार को मिशन परिवार विकास अभियान 2026 के प्रथम चरण का राज्यव्यापी शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत राज्य के सभी जिलों में उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर विशेष जागरूकता एवं परिवार नियोजन गतिविधियों का आयोजन किया गया। एनएचएम की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अभियान के दौरान एएनएम, सहिया, सहिया साथी एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने योग्य दम्पतियों और समुदाय के लोगों को परिवार नियोजन के महत्व की जानकारी दी। इसके साथ ही अस्थायी एवं स्थायी गर्भनिरोधक साधनों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन सेवाओं के संबंध में परामर्श प्रदान किया गया। जरूरतमंद लाभार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना, जन्म के बीच उचित अंतराल को बढ़ावा देना तथा परिवारों को स्वस्थ और योजनाबद्ध जीवन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत नवविवाहित दम्पतियों, किशोर-किशोरियों एवं प्रजनन आयु वर्ग के लोगों को सही समय पर विवाह, पहले बच्चे के जन्म में उचित अंतराल तथा दो बच्चों के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतर रखने के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने आमजन से परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ उठाकर स्वस्थ, समृद्ध एवं खुशहाल परिवार निर्माण में सहभागिता निभाने की अपील की है।

## सांसद प्रतिनिधि ने विस्थापित विस्थापित आदिवासी परिवारों के पुनर्वास की उठाई मांग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पतरातूः** बलकुदरा सियारी टोला स्थित छाई डैम क्षेत्र में प्रभावित आदिवासी परिवारों की समस्याओं को लेकर गुरुवार को सांसद प्रतिनिधियों ने स्थल का निरीक्षण किया। जिसके बाद पतरातू लेक रिसोर्ट स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रतिनिधियों ने कहा कि विकास कार्यों के साथ-साथ प्रभावित लोगों के अधिकारों और पुनर्वास का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में राधेश्याम अग्रवाल, राजाराम प्रजापति एवं सुरेंद्र करमाली शामिल थे। प्रतिनिधियों ने क्षेत्र में रह रहे ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और वर्तमान स्थिति का जायजा लिया।प्रेस वार्ता में बताया गया कि छाई डैम परियोजना क्षेत्र में कुछ परिवार लंबे समय से निवास कर रहे थे, जिनके आवास प्रभावित हुए हैं। प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा और पुनर्वास उपलब्ध कराना प्रशासन तथा प्रबंधन की जिम्मेदारी है। विशेष रूप से प्रभावित सात आदिवासी परिवारों को वैकल्पिक भूमि और आवास की व्यवस्था जल्द से जल्द सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रतिनिधियों ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा गया है।उन्होंने प्रशासन और पीवीयूएनएल प्रबंधन से संवेदनशीलता के साथ मामले का समाधान निकालने की अपील करते हुए कहा कि प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। प्रेस वार्ता में ग्रामीणों की मांगों और पुनर्वास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया।

## खूंटी सदर अस्पताल में परिवार नियोजन को लेकर इम्प्लांट विधि का शुभारंभ

**खूंटी।** सदर अस्पताल में गुरुवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत महिलाओं के लिए दीर्घकालिक गर्भनिरोधक इम्प्लांट विधि की शुरूआत की गई। इस अवसर पर स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ प्रियंका आनंद ने कहा कि प्रसव के बाद सुरक्षित अंतराल बनाए रखने के लिए यह एक प्रभावी एवं सुविधाजनक विकल्प है। उन्होंने बताया कि इम्प्लांट विधि तीन वर्षों तक प्रभावी रहती है। यदि कोई महिला निर्धारित अवधि से पहले इसे हटवाना चाहे तो इसे आसानी से निकाला भी जा सकता है। इस विधि से योग्य दंपतियों को अनचाहे गर्भधारण की समस्या से बचने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सहिया और स्वास्थ्यकर्मियों की ओर से लाभार्थियों को समय-समय पर आवश्यक परामर्श एवं फॉलो-अप सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि परिवार नियोजन कार्यक्रम का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंच सके। परिवार नियोजन परामर्शदाता निशांत झा ने बताया कि अब तक माला-डी, कॉपर-टी, निरोध, छाया और अंतरा इंजेक्शन जैसी विधियों के माध्यम से महिलाओं को बच्चों के बीच अंतराल बनाए रखने की सुविधा उपलब्ध थी। अब इम्प्लांट के रूप में एक और प्रभावी विकल्प जुड़ गया है, जिसे एक बार लगाने के बाद महिला तीन वर्षों तक गर्भधारण की चिंता से मुक्त रह सकती है। डीजीएमयू समन्वयक ललन महतो ने इसे खूंटी जिले के लिए ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि जिले में इम्प्लांट विधि की सफल शुरूआत से परिवार नियोजन कार्यक्रम को नई मजबूती मिलेगी। इससे भविष्य में राज्य और जिले की कुल प्रजनन दर को संतुलित बनाए रखने में भी सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान लेबर रूम प्रभारी गीता कुमारी, हीरामणि नाग, ऊषा रानी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# लोहरदगा द्वारा स्थानीय नॉवेल्टी होटल में 12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के विषय पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगाः** भारतीय जनता पार्टी जिला लोहरदगा द्वारा स्थानीय नॉवेल्टी होटल में 12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के विषय पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए समीर उरांव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, पारदर्शिता एवं जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा, अनुसूचित जनजाति एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अनेक जनहितकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है, जिसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।उन्होंने विशेष रूप से जनजातीय समाज के लिए संचालित योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने आदिवासी समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, वन धन विकास केंद्र, जनजातीय छात्रवृत्ति योजनाओं सहित अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से आदिवासी समाज के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने का कार्य किया गया है।समीर उरांव ने झारखंड में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में रेलवे, सड़क, ऊर्जा एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। लोहरदगा से धनंजयगढ़ 293 किलोमीटर रेल लाइन की स्वीकृति केंद्र सरकार ने इसके लिए लगातार जनप्रतिनिधियों ने प्रयास किया 2 वर्ष पूर्व ही इस रेल परियोजना सर्वे पूरा कर लिया गया था मैं भी एक राज्यसभा का प्रतिनिधि होने के नाते तीन-तीन बार सदन पटेल पर उठाया लोकसभा में भी पूर्व के प्रतिनिधि ने भी सदन में बात रखी और स्वयं रेल मंत्री से जाकर मिला पिछले वर्ष में मिला था उस वक्त भी परियोजना संबंधी कार्यों को पूर्ण करने की बात कही थी यह परियोजना बिलासपुर रेल मंडल अंतर्गत आती है। लोहरदगा में जनप्रतिनिधि के आगरा पर केंद्र सरकार का इन्हीं 12 वर्षों के अंदर राजधानी जैसी ट्रेन का परिचालन शुरू भी हुआ। ऐसे ऐसे कई विकास अनन्य उदाहरण है । देश में इसे अपने प्रदेश की छवि खराब हो रही है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हर घर नल जल योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार है सड़के अधूरी है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व मंच पर एक मजबूत, आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। केंद्र सरकार की नीतियों के कारण गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना विकास एवं सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री मनीर उरांव, जिला अध्यक्ष अजय कुमार पंकज, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, रिपुसूदन साहू, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन अग्रवाल, जिला महामंत्री पशुपति नाथ पारस, मिथुन तमेड़ा, मनीष शिखर एवं सुरेश बैठा सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष अजय कुमार पंकज ने प्रेस प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएंगे तथा विकास एवं जनकल्याण के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

## विशेष शिक्षा सहायक शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा लागू

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से आयोजित कंप्यूटर आधारित झारखंड इंटरमीडिएट और स्नातक प्रशिक्षित विशेष शिक्षा सहायक शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त संचालन को लेकर प्रशासन ने परीक्षा केंद्र के आसपास निषेधाज्ञा लागू कर दी है।अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर रांची कुमार रजत ने बीएनएसएस की धारा 163 के तहत परीक्षा केंद्र के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की है। यह आदेश 22 जून से 24 जून 2026 तक प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे से रात 8.30 बजे तक प्रभावी रहेगा। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री और वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के संयुक्त आदेश पर परीक्षा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारियों और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।प्रशासन को आशंका है कि असामाजिक तत्व भीड़ एकत्र कर परीक्षा संचालन में बाधा डालने का प्रयास कर सकते हैं। निषेधाज्ञा के तहत पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग, हथियार लेकर चलने एवं किसी भी प्रकार की सभा या बैठक आयोजित करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश रांची के इरबा स्थित आई क्यूब डिजिटल, मेडांटा अस्पताल के निकट स्थित परीक्षा केंद्र पर लागू रहेगा। प्रशासन ने अभ्यर्थियों और आम नागरिकों से आदेश का पालन करने और परीक्षा के सुचारू संचालन में सहयोग करने की अपील की है।

# राज्यसभा चुनाव : प्रणव झा की हार के बाद कांग्रेस में बौखलाहट, बोले के राजू - आरजेडी और माले ने हमें दिया धोखा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



रांची। झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए हुए चुनाव के नतीजे गुरुवार 18 जून 2026 को घोषित कर दिए गए. चुनाव में झामुमो समर्थित उम्मीदवार बैजनाथ राम और एनडीए समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नथवानी ने जीत हासिल की, जबकि कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार प्रणव झा को हार का सामना करना पड़ा. नतीजों के सामने आते ही महागठबंधन के भीतर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है.

**प्रणव झा की हार पर के राजू का बड़ा आरोप**

कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा की हार के बाद झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू ने सहयोगी दलों राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और भाकपा माले पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा कि आरजेडी और माले के विधायकों ने कांग्रेस के साथ धोखा किया है, जिसकी वजह से पार्टी समर्थित उम्मीदवार चुनाव नहीं जीत सके. के राजू का कहना है कि अगर गठबंधन के सभी सहयोगी दल पूरी मजबूती के साथ साथ खड़े रहते, तो परिणाम अलग हो सकता था. उनके इस बयान ने राज्य की राजनीति में नई बहस को जन्म दे दिया है.

**दीपिका पांडेय सिंह ने भी उठाए सवाल**

कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने भी प्रणव झा की हार के लिए आरजेडी और माले को जिम्मेदार ठहराया है. उन्होंने कहा कि महागठबंधन की मजबूती का दावा करने वाले सहयोगी दलों को अपने रुख को स्पष्ट करना चाहिए. दीपिका पांडेय के बयान के बाद यह साफ हो गया है कि राज्यसभा चुनाव के नतीजों ने इंडिया गठबंधन के भीतर असहजता बढ़ा दी है. राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस विवाद का असर भविष्य में गठबंधन की रणनीति पर भी पड़ सकता है.

**बैजनाथ राम और परिमल नथवानी ने दर्ज की जीत**

81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में हुए मतदान में झामुमो उम्मीदवार बैजनाथ राम को सबसे अधिक 31 वोट मिले और वह राज्यसभा पहुंचने में सफल रहे. दूसरी सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नथवानी ने जीत दर्ज की. परिमल नथवानी को कुल 30 वोट मिले थे, लेकिन इनमें से दो मत रद्द कर दिए गए. इस तरह उन्हें 28 वैध वोट प्राप्त हुए. वहीं, कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा को 20 वोट मिले, जिनमें एक वोट अमान्य घोषित कर दिया गया. कुल 81 मतों में तीन वोट रद्द हुए. अंतिम गणना में बैजनाथ राम को 31 और परिमल नथवानी को 28 वैध वोट मिले, जबकि प्रणव झा केवल 19 वैध वोटों तक ही सीमित रह गए.

**महागठबंधन के पास थे 56 विधायक**

झारखंड विधानसभा में इंडिया गठबंधन के पास कुल 56 विधायकों का समर्थन है. इनमें झामुमो के 34, कांग्रेस के 16, आरजेडी के चार और भाकपा माले के दो विधायक शामिल हैं. संख्या बल के लिहाज से गठबंधन मजबूत स्थिति में था और कांग्रेस को उम्मीद थी कि वह दोनों सीटों पर जीत दर्ज कर लेगा. लेकिन चुनाव परिणाम ने इन दावों को झटका दे दिया. अब कांग्रेस नेताओं के आरोपों के बाद यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या महागठबंधन के भीतर सबकुछ ठीक है या फिर राज्यसभा चुनाव ने अंदरूनी मतभेदों को उजागर कर दिया है.

# चाईबासा कोषागार से अवैध वेतन निकासी: 3 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




रांची। चाईबासा कोषागार से अवैध वेतन निकासी से जुड़े मामले में आरोपी देवनारायण मुर्मू, सरकार हेम्ब्रम और अरुण कुमार मार्डी की जमानत याचिका पर गुरुवार को सीआईडी के विशेष न्यायाधीश कुलदीप की अदालत में फैसला सुनाया है. अदालत ने तीनों आरोपियों को राहत नहीं दी और उनकी जमानत याचिका खारिज कर दिया. दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रखा था. मामले में सीआईडी ने कांड संख्या 7/2026 के तहत चार आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है. इस मामले में अनुसंधान जारी है. जांच प्रगति पर है. बता दें कि 9 सालों में पुलिस विभाग के खजाने से 26.21 लाख रुपए 5 अलग-अलग खातों में ट्रांसफर किए गए थे. पुलिसकर्मियों ने लंबित वेतन,पेंशन के साथ कई मद से राशि की निकासी की गई थी. वर्ष 2017-2025 तक लेखा विभाग में देवनारायण मुर्मू कार्यरत थे. वर्ष 2009 पुलिस में बहाल हुआ था.

**बोकारो कोषागार से अवैध निकासी: 3 आरोपियों की जमानत पर सुनवाई पूरी, आदेश 24 को**

वेतन की मद में बोकारो कोषागार से अवैध निकासी से जुड़े मामले के आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई सीआईडी की विशेष कोर्ट में हुई. मामले में आरोपियों लेखा शाखा के अरक अशोक भंडारी, गृह रक्षक सतीश कुमार और काजल मंडल की जमानत याचिका पर अदालत में सुनवाई पूरी हो गई. सीआईडी की विशेष कोर्ट ने उनकी जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा है. अदालत 24 जून को अपना आदेश सुनाएगी. दरअसल, यह बोकारो कोषागार से 11 करोड़ की अवैध निकासी से जुड़ा मामला है. बोकारो जिला के एसपी कार्यालय के लेखा शाखा में सबसे पहले अवैध वेतन निकासी का मामला सामने आया था. महालेखाकार (एजी) की रिपोर्ट में हुए खुलासे के बाद वित्त विभाग ने जांच का आदेश दिया था. मामले की जांच के बाद बोकारो में प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

# झारखंड टी-20 लीग : योगेश का अर्धशतक नहीं आया काम, श्रेष्ठ सागर की जुझारू पारी से छोटानागपुर रॉयल्स ने जीता मैच

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



रांची। झारखंड टी-20 लीग 2026 में छोटानागपुर रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोयलांचल सुपर किंग्स को 13 रन से हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की. पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल्स की टीम ने 19.3 ओवर में 143 रन बनाए. जवाब में कोयलांचल सुपर किंग्स की टीम 20 ओवर में 156 रन पर पहुंची, लेकिन लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच में रॉयल्स के गेंदबाजों ने निर्णायक मौकों पर शानदार प्रदर्शन किया और मुकाबला अपने नाम कर लिया. छोटानागपुर रॉयल्स की बल्लेबाजी की बात करें तो टीम की ओर से श्रेष्ठ सागर ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 52 गेंदों में नाबाद 69 रन बनाए. अपनी पारी में उन्होंने 10 चौके और 1 छक्का लगाया. एक छोर पर विकेट गिरते रहने के बावजूद श्रेष्ठ ने जिम्मेदारी संभाली और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया. उनके अलावा चंदन कुमार ने सिर्फ 14 गेंदों में 28 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. मोहित कुमार ने 9 रन का योगदान दिया.

कोयलांचल सुपर किंग्स की ओर से गेंदबाजी में राहुल प्रसाद सबसे सफल रहे. उन्होंने 4 ओवर में मात्र 18 रन देकर 3 विकेट झटके. वहीं, जुनैद अशरफ, शुभ शर्मा, हर्ष राज, उत्कर्ष सिंह और अमित कुमार को एक-एक सफलता मिली. लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोयलांचल सुपर किंग्स की शुरूआत बेहद खराब रही. टीम ने शुरूआती विकेट जल्दी गंवा दिए. हालांकि मध्यक्रम में योगेश भास्कर ने शानदार संघर्ष करते हुए 38 गेंदों में 56 रन बनाए. उनकी पारी में 6 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. उनके अलावा लक्ष्य ने 14 गेंदों में 21 रन, अमित कुमार ने 20 गेंदों में 24 रन और हर्ष राज ने मात्र 6 गेंदों में 17 रन बनाकर टीम को जीत दिलाने की कोशिश की. रॉयल्स की गेंदबाजी में मोहित कुमार और राहुल राजक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-2 विकेट हासिल किए. दीपांशु रावत ने भी 2 विकेट लिए, जबकि विकास सिंह और सुप्रियो चक्रवर्ती को एक-एक सफलता मिली. मैच में श्रेष्ठ सागर की नाबाद अर्धशतकीय पारी और गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन ने छोटानागपुर रॉयल्स को 13 रन की यादगार जीत दिलाई. इस जीत के साथ रॉयल्स ने अंक तालिका में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली.

# दिउड़ी मंदिर पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

तमाड़। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ दिउड़ी मंदिर माता दुर्गा के चरणों में गुरुवार को माथा टेका एवं झारखंड सहित देश की सुख समृद्धि की कामना किया। पूजा के पश्चात तमाड़ मंडल भाजपा कार्यकताओं ने संजय सेठ से मिले एवं रांची कांड्रा रेलवे लाइन जल्द बनवाने की मांग की साथ तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के जर्जर ग्रामीण सड़कों की ओर ध्यानाकर्षण कराते हुए केन्द्रीय कोष से जल्द बनवाने की भी मांग की। मंत्री संजय सेठ ने रेलवे लाइन सहित सभी प्रमुख सड़कों को जल्द बनवाने का आश्वासन दिया।बताते चले कि केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा एन एच 33 की बहुप्रतीक्षित जमशेदपुर से रांची तक सड़क की ओवर ले कार्य का विधिवत भूमि पूजन भी किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल कार्यकताओं ने रांची लोकसभा के सांसद सह केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का दिउड़ी मंदिर पहुँचने पर जोरदार स्वागत किया। मंत्री संजय सेठ से मिलने वालों में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता लक्ष्मण सिंह मुण्डा दिलीप सेठ धीरेन्द्र महतो,मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी संजय महतो सुबोध मुखर्जी, महामंत्री विवेक गुप्ता, चंदन साहु, भारती कुमारी, सुरेन्द्र साहु, तुलसी मुण्डा, मुकेश मुण्डा, सोनाहातु भाजपा नेता परीक्षित मंडल, लक्ष्मण मुण्डा, के साथ ही तमाड़ बुण्डू सोनाहातु के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे। इस दौरान जिला अध्यक्ष विनय कुमार महतो (धीरज ) विशेष रूप से उपस्थित थे।

# पुलिस मुख्यालय में आज डीजीपी की समीक्षा बैठक, सभी एसएसपी-एसपी को शामिल होने का निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



रांची। झारखंड में सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और आपदा राहत व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में पुलिस मुख्यालय ने बड़ी पहल की है. डीजीपी की अध्यक्षता में 19 जून को अपराह्न 3 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यव्यापी समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी. इस संबंध में पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी एसएसपी और एसपी को निर्देश जारी कर दिए गए हैं. जारी आदेश के अनुसार, बैठक में राज्य की यातायात व्यवस्था एवं राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के कार्यों और तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी. सभी जिलों को निर्धारित एजेंडा के अनुरूप अद्यतन आंकड़ों और रिपोर्टों के साथ बैठक में भाग लेने को कहा गया है. बैठक में ट्रैफिक थानों और नए आउट पोस्टों के गठन के प्रस्ताव, ई-चालान प्रणाली के क्रियान्वयन, पीओएस मशीन व्यवस्था, यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध कार्रवाई और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों की समीक्षा की जाएगी. इसके अलावा राज्य में लगे सीसीटीवी कैमरों, ट्रैफिक सिग्नलों और सड़क संकेतकों की स्थिति का भी आकलन होगा.

यातायात पुलिस को उपलब्ध कराए गए उपकरणों जैसे ब्रीथ एनालाइजर, स्पीड गन, बॉडी वॉर्न कैमरा और टोइंग वाहनों की उपलब्धता और आवश्यकता पर भी चर्चा होगी. सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दुर्घटना संभावित हॉट स्पॉट और ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों का विश्लेषण किया जाएगा. साथ ही घायलों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने में पीसीआर और हाईवे पेट्रोलिंग टीमों की प्रतिक्रिया अवधि (रिस्पांस टाइम) की भी समीक्षा की जाएगी. बैठक के दौरान आई-रैड (एफ्अऊ) और ई-डीएआर (ीऊअफ) प्रणाली की प्रगति, राष्ट्रीय राजमार्गों पर एंबुलेंस की तैनाती व्यवस्था, स्पीड लेजर गन अभियान, जन-जागरूकता कार्यक्रमों और शिकायत निवारण तंत्र की भी समीक्षा की जाएगी. वहीं एसडीआरएफ से जुड़े एजेंडे में आपदा प्रबंधन की वर्तमान स्थिति, संवेदनशील क्षेत्रों की वल्नरेबिलिटी मैपिंग, खनन दुर्घटनाओं, सड़क हादसों, बाढ़, वज्रपात, भूकंप, आंधी-तूफान और ओलावृष्टि जैसी संभावित आपदाओं के हॉट स्पॉट क्षेत्रों की समीक्षा शामिल है.

# नाथवानी की जीत पर बाबूलाल ने दी बधाई, कहा- झारखंड को मिलेगा उनके अनुभव का लाभ



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। झारखंड राज्यसभा चुनाव में भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी की जीत पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने खुशी जताते हुए सभी विधायकों को बधाई दी. मरांडी ने कहा कि परिमल नाथवानी को 28 वोट प्राप्त हुए हैं और उनकी जीत सुनिश्चित हो गई है. उन्होंने कहा कि सभी एनडीए विधायक एकजुट रहे और चुनाव में गठबंधन की रणनीति सफल रही. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड के जनप्रतिनिधि यह अच्छी तरह समझते हैं कि राज्य के हित में किसे समर्थन देना चाहिए. उन्होंने कहा कि परिमल नाथवानी का झारखंड से पुराना और गहरा जुड़ाव रहा है. राज्यसभा सदस्य के रूप में उनके कार्यों और राज्य के विकास में निभाई गई भूमिका को लोग आज भी याद करते हैं. उन्होंने विश्वास जताया कि राज्यसभा में नाथवानी की वापसी से झारखंड को लाभ मिलेगा. मरांडी ने कहा कि नाथवानी के अनुभव, संपर्क और विकासोन्मुख सोच का फायदा राज्य को मिलेगा और वे एक बार फिर झारखंड के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाने का काम करेंगे.

# लापता बच्ची मामला : सरकार ने हाईकोट को बताया- मुख्य आरोपी के नार्को टेस्ट की अनुमति मिल चुकी है

मुख्य आरोपी का गुजरात में होगा नार्को टेस्ट

मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी हुए कोर्ट में हाजिर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




रांची। झारखंड हाईकोर्ट में गुमला से वर्ष 2018 से लापता बच्ची के मामले में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले की मुख्य आरोपी मुख्य आरोपी के नार्को टेस्ट की अनुमति सीजेएम, गुमला की अदालत से 17 जून को मिल चुकी है. गुजरात में उसका नार्को टेस्ट होगा. सीजेएम कोर्ट ने मुख्य आरोपी के नार्को टेस्ट को लेकर पुलिस प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं. सुनवाई के दौरान मामले के अनुसंधानकर्ता (क्ड) हाजिर हुए. कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 9 जुलाई निर्धारित की. हालांकि इसके पहले हाईकोर्ट के 12 मई 2026 के एक आदेश के संशोधन को लेकर सरकार की ओर से हस्तक्षेप याचिका (क्अ) दाखिल की गई थी. जिस पर कोर्ट ने कहा कि जब इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने एसएलपी दाखिल की थी और वहां से इसे वापस लिया गया था, तो फिर हाईकोर्ट में संशोधन पिटीशन दाखिल करने का क्या औचित्य है. इसके बाद कोर्ट में दोपहर 2:15 बजे मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी को तलब किया, इसके बाद यह तीनों कोर्ट में हाजिर हुए. कोर्ट ने तीनों अधिकारियों से जवाब तलब किया. कोर्ट ने आदेश के संशोधन को लेकर दायर सरकार की हस्तक्षेप याचिका खारिज कर दी. दरअसल, सितंबर 2018 से गुमशुदा गुमला की 6 वर्षीय बच्ची को बरामद करने को लेकर उसकी मां चंद्रमुनि उराइन की ओर से दायर हेवियस कार्पस की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट कर रही है.

**हजारीबाग में ट्रैफिक अव्यवस्था केस: हाईकोर्ट ने मांगा जवाब**

हजारीबाग शहर में बढ़ती ट्रैफिक समस्या और अव्यवस्थाओं को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. मामले में सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा. कोर्ट ने 9 जुलाई तक का समय सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए दिया. वहीं प्रार्थी को निर्देश दिया कि वह सरकार की जवाब को देखते हुए अब तक मामले में अपने द्वारा दिए गए सुझाव को संक्षिप्त रूप में शपथ पत्र के माध्यम से दाखिल करें. कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 9 जुलाई निर्धारित की. इससे पहले प्रार्थी की ओर से बताया गया कि कोर्ट के 28.8. 2025 के आदेश का अनुपालन अब तक नहीं हुआ है. हजारीबाग में सड़कों का अतिक्रमण जारी है, पार्किंग स्थलों पर कब्जा और सीसीटीवी कैमरों के खराब होने जैसी समस्याएं आज भी बनी हुई है. ट्रैफिक लाइट भी नहीं लगाए गए हैं. सीसीटीवी खराब रहने से हजारीबाग शहर में चोरी छिनतई की घटनाएं लगातार हो रही हैं. हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अच्युत स्वरूप मिश्रा ने पक्ष रखा.

# राज्यसभा चुनाव : कांग्रेस अपने विधायकों को संभाल नहीं पाई- भाकपा माले



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। भाकपा (माले) के झारखंड राज्य सचिव मनोज भक्त ने राज्यसभा चुनाव 2026 के नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी के दोनों विधायकों अरूप चटर्जी और चंद्रदेव महतो ने कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा के पक्ष में मतदान किया. उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया के दौरान पार्टी की ओर से पोलित ब्यूरो सदस्य कॉ. हलधर महतो और केंद्रीय कमिटी सदस्य कॉ. गीता मंडल अधिकृत एजेंट के रूप में मौजूद थे और उन्होंने मतदान की पुष्टि की है. मनोज भक्त ने कहा कि चुनाव परिणाम से यह स्पष्ट है कि कांग्रेस अपने विधायकों को संभालने में विफल रही. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपनी कमजोरियों को छिपाने के लिए अनावश्यक बयानबाजी कर रही है. साथ ही कहा कि दूसरों पर आरोप लगाने से पहले कांग्रेस को अपने भीतर की स्थिति का आकलन करना चाहिए. भाकपा (माले) नेता ने कहा कि उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन की जिम्मेदार सहयोगी है और गठबंधन धर्म का पालन करते हुए कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन किया गया. उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से अपील की कि वह निराधार आरोप लगाने के बजाय कथित क्रॉस वोटिंग और आंतरिक असंतोष के कारणों की समीक्षा करे.

# झारखंड में मानसून की धीमी शुरूआत, रांची छोड़ बाकी के 23 जिलों में सामान्य से कम हुई बारिश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



रांची। बिल्कुल निर्धारित और तय समय पर झारखंड में दस्तक देने का बावजूद मानसून की शुरूआत अपेक्षा से कमजोर रही है. मौसम केंद्र ,रांची से मिले मानसून संबंधित आंकड़े के अनुसार झारखंड में 01 जून से 18 जून 2026 के बीच में औसत वर्षा 30.8 मिलीमीटर दर्ज की गई, जबकि सामान्य स्थिति में वर्षा 74.9 मिलीमीटर होनी चाहिए थी. इस प्रकार राज्य में कुल वर्षा में 59% की कम रही है. राज्य के ज्यादातर जिलों में मानसून के शुरूआती दिनों में वर्षापात औसत से कम रहा है. रांची जिला को छोड़ दें तो बाकी के 23 जिलों में सामान्य से कम बारिश रिकॉर्ड की गई है. पहले से ही अलनीनो के प्रभाव से सामान्य से कम बारिश के पूर्वानुमान के बीच झारखंड में मानसून की शुरूआती कम बारिश चिंता को बढ़ाने वाला है.

**गढ़वा, पलामू और साहिबगंज की स्थिति ज्यादा खराब**

हालांकि यह मानसून के शुरूआती दिन हैं. बहुत संभव है कि आनेवाले दिनों में मानसूनी बारिश होने से स्थिति में सुधार हो, लेकिन 01 जून से 18 जून तक के मौसम केंद्र, रांची के आंकड़े बताते हैं कि झारखंड में अब तक का मानसून कमजोर ही रहा है. गढ़वा में 01 जून से 18 जून तक सामान्यतः 46.7टट बारिश होती है, लेकिन इस बार अब तक एक मिलीमीटर भी वर्षा दर्ज नहीं हुई, जो सामान्य से 100% कम है. इसी तरह पलामू और साहिबगंज में 97% वर्षा की कमी दर्ज की गई. चतरा में सामान्य से 95% और लोहरदगा में सामान्य से 94% वर्षा कम हुई है. इसी तरह 01 जून से 18 जून के बीच सरायकेला-खरसावां में सामान्य से 84% और खूंटी में 77% वर्षा की कमी दर्ज की गई.

**सिर्फ रांची ही सामान्य वर्षापात वाले जिले की सूची में**

मौसम केंद्र के तय मानक के अनुसार औसत वर्षा से 19% तक कम या 19% अधिक वर्षा को सामान्य वर्षा की श्रेणी में रखा जाता है. ऐसे में रांची जिला ही एक मात्र ऐसा जिला है जहां 01 जून से 18 जून के बीच मानसूनी वर्षापात सामान्य रहा है. अब तक रांची जिले में 86.9 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो सामान्य 77.5 मिलीमीटर की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है.

**कमजोर मानसून ने बढ़ाई किसानों की चिंता**

मानसून की कमजोर शुरूआत का असर कृषि गतिविधियों पर पड़ने की संभावना है. झारखंड में सबसे अधिक धान की खेती होती है. ऐसे में धान के बिचड़े तैयार करने में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. हालांकि राहत की बात यह है कि मौसम केंद्र ने अपने ताजा पूर्वानुमान में राज्य के कई हिस्सों में आनेवाले दिनों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जताई है. इस दौरान मौसम केंद्र ने लोगों को गरज-चमक, वज्रपात और तेज हवा के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी है. रांची मौसम केंद्र के निदेशक बाबूराज पीपी ने बताया कि झारखंड में मानसून अभी कमजोर पड़ा हुआ है. फेबरेबल कंडीशन नहीं होने की वजह से यह रांची से आगे नहीं बढ़ा है. उन्होंने बताया कि इस महीने के अंतिम सप्ताह में (अनुमानतः 23 जून के आसपास) बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दवाब का क्षेत्र बनने की करीब 50% संभावना है. इससे राज्य के कई हिस्सों में अच्छी बारिश हो सकती है.

# झारखंड कृषि व्यापार मेला : कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पदाधिकारी हुए सम्मानित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





रांची। झारखंड कृषि व्यापार मेला का गुरुवार को समापन हो गया. समारोह में राज्य के कृषि क्षेत्र की उपलब्धियों, नवाचारों और विकास कार्यों को बढ़ावा दिया गया. इस दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, कृषि विशेषज्ञ, किसान प्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे. समापन समारोह में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबूबकर सिद्दीक पी (आईएएस) ने कहा कि कृषि क्षेत्र में हो रहे विकास, आधुनिक तकनीकों के उपयोग के बारे में बारिकी से बताए गए. किसानों को लाभ पहुंचाने वाली विभिन्न योजनाओं पर जोर दिया गया. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने पर काम कर रही है. कृषि को अधिक सशक्त बनाने के लिए लगातार कोशिश किए जा रहे है. कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य पालन, उद्यान एवं डेयरी विकास क्षेत्रों में योगदान देने वाले अधिकारियों और विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया. वक्ताओं ने सतत कृषि विकास, संसाधनों के बेहतर उपयोग और किसानों को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया. समेती के निदेशक ने नागपुरी गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को झारखंड की लोक गीतों से सबको आकर्षित किया. इसके अलावा मेले के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं और कृषि नवाचार श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों, उद्यमियों और संस्थानों को सम्मानित कर उनके प्रयासों की सराहना की गई.

## हाईकोर्ट में 500-400 मीटर नियम पर सुनवाई टली

# 30 जुलाई को अगली तारीख प्रदूषण बोर्ड ने मांगा 4 हफ्ते का समय

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**सैकड़ों खदान-क्रशर पर अब भी लटकी तलवार**



**साहिबगंज** ।झारखंड में पत्थर कारोबार की किस्मत का फैसला गुरुवार को अपराह्न 2:15 बजे होना था,लेकिन अंतिम आदेश पारित नहीं हो सका.झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जवाब दाखिल करने के लिए 4 सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा,जिसे हाईकोर्ट की मुख्य खंडपीठ ने स्वीकार कर लिया.अब इस मामले की अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी.मुख्य न्यायाधीश महेश शरदचंद्र सोनक और न्यायाधीश राजेश शंकर की खंडपीठ ने 16 अप्रैल को दिए अंतरिम आदेश पारित कर कहा था कि वन भूमि की सीमा से पत्थर खन के लिए 500 मीटर और स्टोन क्रशर लगाने के लिए 400 मीटर की न्यूनतम दूरी अनिवार्य होगी. प्रदूषण बोर्ड ने 2015 और 2017 में इस दूरी को घटाकर 250 मीटर कर दिया था,जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था. यह नियम राज्य के सभी 24 जिलों पर लागू होगा.अंतरिम आदेश के बाद से पत्थर-क्रशर उद्योग में हड़कंप मचा है.कारोबारियों का कहना है कि यदि फैसला बरकरार रहा तो सैकड़ों खन पट्टे और क्रशर लाइसेंस रद्द हो जाएंगे.अरबों का निवेश डूबने,हजारों मजदूरों के बेरोजगार होने और गिट्टी के दाम बढ़ने की आशंका जताई जा रही है.इसका सीधा असर निर्माण क्षेत्र पर पड़ेगा.वहीं पर्यावरण प्रेमियों ने हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश का स्वागत किया है.चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर ने इसे झारखंडवासियों की ऐतिहासिक जीत बताया.उन्होंने कहा कि यह फैसला वन संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा और जल,वायु तथा ध्वनि प्रदूषण पर दीर्घकालिक नियंत्रण मिलेगा. हाईकोर्ट ने 16 अप्रैल के अंतरिम आदेश में सभी पक्षों को 12 जून तक अपना पक्ष रखने की छूट देते हुए अंतिम आदेश के लिए 18 जुन की तारीख निर्धारित की थी.निर्धारित तिथि पूरी होने के बाद गुरुवार को सुनवाई हुई,लेकिन प्रदूषण बोर्ड के द्वारा समय मांगने से आदेश टल गया.सुनवाई की तिथि आगे बढ़ने से सरकार और खदान-क्रशर कारोबारियों ने राहत की सांस ली,जबकि पर्यावरण कार्यकताओं में मायूसी देखी गई.अब सबकी निगाहें 30 जुलाई की सुनवाई पर टिकी हैं.हाईकोर्ट यदि 16 अप्रैल के अंतरिम आदेश को बरकरार रखता है तो राज्य के सैकड़ों स्टोन खदान और क्रशर पर ताला लगना तय माना जा रहा है।

## वर्षा के जल का संरक्षण बेहद जरूरी : उपायुक्त

**खूंटी**। द हंस फाउंडेशन की ओर से ग्रामीण जल और स्वच्छता समिति के सदस्यों के लिए गुरुवार को कर्रा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त जावेद हुसैन ने किया। कार्यशाला में तोरपा और कर्रा प्रखंड के जल समिति सदस्यों को वर्षा जल संरक्षण करने, जलकर जमा कर गांवों को आत्मनिर्भर बनाने एवं भविष्य के जल संकट से बचने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने कहा कि मानव जीवन के लिए वर्षा जल का संरक्षण बहुत जरूरी है।इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए जल सहिया सुवित्रि कुमारी और संस्था की सीआरपी रीना कुमारी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया, जबकि उपायुक्त ने ग्रामीण स्तर पर स्वच्छता और पेयजल के लिए फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की।इस कार्यक्रम में द हंस फाउंडेशन के सैम्युल सिंह, सावन कुमार, प्रतिभा तिर्की, फील्ड सुपरवाइजर और समिति के सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## अमानत दियारा में दहेज को लेकर मारपीट कर आग लगाकर जान से मारने का प्रयास, थाना में शिकायत दर्ज

**उधवा/साहिबगंज**। थाना क्षेत्र के अमानत दियारा के कठलियाटोला गांव की एक विवाहिता ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के आठ लोगों पर दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित करने, मारपीट करने तथा आग लगाकर जान से मारने का प्रयास करने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़िता ने राधानगर थाना में लिखित आवेदन देकर कानूनीच कार्रवाई की मांग की है। थाना को दिए आवेदन में काजोल बीबी (38) ने बताया है कि उसकी शादी करीब दस वर्ष पूर्व मुलाहार शेख के साथ इस्लामिक रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। विवाह के समय उसके माता-पिता ने घरेलू सामान एवं गहने दिए थे।पीड़िता का आरोप है कि शादी के एक वर्ष बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के लोग दो लाख रुपये दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। कई बार दोनों पक्षों के परिजनों एवं समाज के लोगों ने समझौते का प्रयास किया, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। लगातार प्रताड़ना के कारण वर्ष 2017 में दोनों के बीच सामाजिक स्तर पर तलाक हो गया था। बाद में पति द्वारा अपनी गलती स्वीकार करने और सामाजिक व धार्मिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद वर्ष 2018 में दोनों का पुनः निकाह हुआ। पीड़िता का कहना है कि दूसरी शादी के समय उसके पिता ने दो लाख रुपये नकद और एक पल्सर मोटरसाइकिल दी थी। इसके बावजूद कुछ समय बाद फिर से पांच लाख रुपये दहेज की मांग शुरू कर दी गई। महिला ने आरोप लगाया है कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर 4 जून की रात को पति, सास-ससुर, भैंसुर, ननद और गोतनियों समेत परिवार के अन्य सदस्यों ने मिलकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। मारपीट के दौरान उसके सोने-चांदी के गहने भी छीन लिए गए। इतना ही नहीं, उसे जान से मारने की नीयत से डीजल डालकर आग लगाने का भी प्रयास किया गया। जिसके बाद वह किसी तरह आरोपितों के चंगुल से निकलकर बाहर आई। घटना को लेकर पीड़िता ने पति मुलाहार शेख, ससुर एरसाद शेख, सास नुरेफा बीबी समेत कुल आठ लोगों को नामजद करते हुए राधानगर थाना में आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## नशे से दूरी, उज्ज्वल भविष्य की तैयारी, शुक्रवासनी हाई स्कूल में जागरूकता अभियान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज**। नशा मुक्त समाज के निर्माण और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बरहरवा थाना क्षेत्र के शुक्रवासनी उच्च विद्यालय में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र - छात्राओं को नशे के बढ़ते खतरे और उससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने कहा कि नशा व्यक्ति की प्रतिभा, स्वास्थ्य और भविष्य को बर्बाद कर देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद और सामाजिक गतिविधियों में अपनी ऊर्जा लगाएं। इस दौरान छात्रों को शराब, तंबाकू, गुटखा, सिगरेट एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर बनाता है, बल्कि परिवार और समाज में भी कई समस्याओं का कारण बनता है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई गई। साथ ही उन्हें अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी नशे के खिलाफ जागरूक करने का संदेश दिया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना और जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाएं, पुलिसकर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं मौजूद रहे।

# बरहरवा में नशा मुक्ति अभियान तेज, महिलाओं ने संभाली जागरूकता की कमान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**बरहरवा/साहिबगंज**। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की पहल पर गुरुवार को बरहरवा प्रखंड के सभी ग्राम संगठनों में व्यापक नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। अभियान के तहत स्वयं सहायता समूहों की दीदियों, ग्राम संगठन के पदाधिकारियों, जेंडर सीआरपी, सामुदायिक समन्वयकों, पीआरपी एवं ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया तथा नशामुक्त समाज निर्माण का संकल्प दिलाया गया। बैठकों में शराब, तंबाकू, गुटखा एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करने के साथ - साथ परिवार की आर्थिक स्थिति को भी कमजोर करती है। इसके कारण घरेलू हिंसा, पारिवारिक कलह और सामाजिक असुरक्षा जैसी समस्याएं बढ़ती हैं। अभियान में शामिल महिलाओं ने अपने - अपने गांवों को नशामुक्त बनाने का संकल्प लेते हुए कहा कि वे गांव स्तर पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाएंगी और नशे के खिलाफ सामुदायिक अभियान को और मजबूत करेंगी। उन्होंने बताया कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और सामूहिक प्रयासों से ही स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक फैज आलम ने कहा कि जेएसएलपीएस का उद्देश्य नशे के विरुद्ध जनचेतना विकसित करना और समुदाय की सक्रिय भागीदारी से स्वस्थ, सुरक्षित एवं खुशहाल समाज का निर्माण करना है। उन्होंने लोगों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। अभियान के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने नशा न करने और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की सामूहिक शपथ ली। साथ ही बरहरवा प्रखंड को नशामुक्त बनाने के लिए जागरूकता अभियान को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया गया।

## बच्चा गांव में 20 जून को होगा भव्य जलसा, देश के नामचीन उलेमा करेंगे शिरकत

**मंडरो/साहिबगंज**।मंडरो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बच्चा गांव में 20 जून को चार मुहर्रम के अवसर पर एक भव्य धार्मिक जलसा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़े-बड़े औलामा-ए-कराम और इस्लामी विद्वान शिरकत करेंगे तथा दीन-ए-इस्लाम की शिक्षाओं पर रोशनी डालेंगे।बच्चा गांव के इमाम शाहबाज कमर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह जलसा चार मुहर्रम की बरकत और धार्मिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों के पहुंचने की उम्मीद है और आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।जलसे में उलेमा-ए-कराम अपने बयान के माध्यम से इंसानियत, भाईचारा, अमन-शांति और इस्लामी तालीमात पर चर्चा करेंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्र के लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर जलसे को कामयाब बनाने की अपील की है।स्थानीय लोगों में जलसे को लेकर उत्साह का माहौल है और दूर-दराज के इलाकों से भी लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। जलसा की तैयारी में सरदार शमशीर अंसारी, मास्टर जावेद अंसारी,डॉक्टर रफीक अंसारी, एकरामूल अंसारी, इस्लाम अंसारी, दिलदार अंसारी, जुहूरुद्दीन अंसारी, आसमोहम्मद अंसारी, अख्तर अंसारी, शाहबान अंसारी, एहसान अंसारी, महताब अंसारी, मुस्ताक अंसारी,आरिफ अंसारी, अब्दुल हलीम अंसारी, रेजाक अंसारी, खुर्शीद अंसारी,नसीम अंसारी, इस्माइल अंसारी, जब्बार अंसारी, जमशेद अंसारी, कलाम अंसारी, अब्दुल हाकिम अंसारी, इरसाद अंसारी, तारिक अनवर आदि की अहम भूमिका है.

## विजय कुमार बने साहिबगंज के अपर समाहर्ता

**साहिबगंज** ।कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी करके वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के उप सचिव विजय कुमार को साहिबगंज का नया अपर समाहर्ता नियुक्त किया है। वही उधवा सीओ के पद पर आशीष मंडल को नियुक्त किया है। ज्ञात हो कि साहिबगंज अपर समाहर्ता गौतम भगत का तबादला बीते सप्ताह किया गया था। जिसके बाद साहिबगंज अपर समाहर्ता का पद रिक्त हो गया था। जल्द ही विजय कुमार पदभार लेंगे।

# कोटालपोखर थाना क्षेत्र में तीन बड़े मामलों में एफआईआर दर्ज, पुलिस ने शुरू की जांच

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज**। कोटालपोखर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अलग - अलग घटनाओं से जुड़े तीन गंभीर मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इनमें जान से मारने की धमकी, पारिवारिक विवाद में हथियार के साथ हमला तथा दहेज उत्पीड़न के आरोप शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**हाइवा ट्रक विवाद में कट्टा तानकर धमकी देने का आरोप**

पहले मामले में ग्राम बड़ा सोनाकड़ निवासी मुकेश कुमार साहा ने कोटालपोखर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी (कांड संख्या 44/26) के अनुसार, किश्त (ईएमआई) बकाया रहने के कारण जब वह अपने 18 चक्का अशोक लेलैंड हाइवा ट्रक की चाभी लेने के लिए रंजीत कुमार साहा के पास पहुंचे, तो आरोपी ने कथित रूप से उन पर कट्टा तान दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की जिम्मेदारी एसआई प्रदीप कुमार महतो को सौंपी है।

**पारिवारिक विवाद ने लिया हिंसक रूप**

दूसरे मामले (कांड संख्या 45/26) में रबिया बीबी ने अपने ही परिवार के सदस्यों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, उनके पुत्र और पुत्रवधू इमरान हुसैन एवं शबनम खातून आपसी विवाद के दौरान हसुआ और पिस्तौल लेकर उनके घर पहुंचे।आरोप है कि दोनों ने घर में तोड़फोड़ की, खिड़की - दरवाजों को नुकसान पहुंचाया तथा मोबाइल फोन भी छीन लिया। इस मामले की जांच एएसआई विनय सिंह को सौंपी गई है।

**विवाहिता ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप**

तीसरे मामले (कांड संख्या 46/26) में अंधारकोठा निवासी शबनम खातून ने अपने पति इमरान हुसैन, सास रबिया बीबी तथा ससुर हफेजुर रहमान के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की प्राथमिकी दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विवाहिता से 10 लाख रुपये दहेज की मांग की जा रही थी। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट की गई और उसे घर से निकाल दिया गया।

**पुलिस कर रही सभी मामलों की जांच**

कोटालपोखर पुलिस ने तीनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी पक्षों के बयान दर्ज किए जाएंगे तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में इन मामलों को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है, जबकि पुलिस पूरे घटनाक्रम की गहनता से पड़ताल कर रही है।

## राजमहल में विकास योजनाओं की समीक्षा, बीडीओ ने लंबित कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**राजमहल/साहिबगंज**। प्रखंड सभागार राजमहल में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. यूसुफ की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वें वित्त आयोग, निर्वाचन, जनगणना, सामाजिक सुरक्षा, लघु सिंचाई गणना समेत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक के दौरान बीडीओ मो. यूसुफ ने सभी पंचायत सचिवों को निर्देश दिया कि पेंशनधारियों के सत्यापन के लिए प्रत्येक पंचायत में विशेष कैंप आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग के तहत संचालित सभी योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा संबंधित अभिलेखों का समुचित संधारण किया जाए।लघु सिंचाई गणना की समीक्षा के दौरान सभी जनसेवकों को 30 जून तक कार्य हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया गया। वहीं मनरेगा की समीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाली पांच पंचायतों के पंचायत सचिवों को एक सप्ताह के भीतर कार्यों में सुधार लाने का निर्देश दिया गया।बीडीओ ने सभी कनीय अभियंताओं को लंबित योजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए कार्यों को भौतिक रूप से पूरा कर एमआईएस पोर्टल पर भी अपडेट करने के निर्देश दिए। निर्वाचन कार्य की समीक्षा के क्रम में सभी सुपरवाइजरों को मैपिंग कार्य में तेजी लाने तथा एएसडीडी (ASDD) सूची समय पर जमा करने को कहा गया।बैठक में पंचायत राज पदाधिकारी सूर्यनारायण चौधरी, बीपीओ श्वेता, गगन बापू, प्रखंड समन्वयक अभिजीत कुमार, प्रधान सहायक गौतम कुमार झा, प्रमोद कुमार, रविकांत रवि, सहायक अभियंता विकास कुमार, कनीय अभियंता मो. एहसानुल जमील, भैया बेसरा, दीप नारायण मंडल, विनोद मंडल, राकेश कुमार, राजीव रंजन, मो. शाहजहां अंसारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## बेहड़ा मोड़ के पास 16 चक्का टेलर ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, बड़ा हादसा टला




**साहिबगंज** ।तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के तीनपहाड़झबोरियो मुख्य सड़क स्थित बेहड़ा मोड़ के समीप गुरुवार को एक 16 चक्का टेलर ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक (बीआर 06 जीएच 5951) माल खाली कर बोरियो की ओर लौट रहा था। इसी दौरान बेहड़ा मोड़ के नीचे उतरते समय चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। संतुलन बिगड़ने से ट्रक का आगे का केबिन मुड़ गया, जबकि डाला सड़क के बीचों-बीच खड़ा हो गया।घटना के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर आवागमन प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही तीनपहाड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। दुर्घटना में चालक सुरक्षित बच गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

## बोरियो के मो0 कैफ को दिल्ली युनिवर्सिटी में एलएलबी प्रवेश परीक्षा में मिली कामयाबी




**साहिबगंज** ।बोरियो फाजिल टोला निवासी मास्टर मोइनुल हक के पुत्र एवं एबीसी कोचिंग सेंटर, बोरियो के पूर्व छात्र कैफ अंसारी ने एलएलबी की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित विधि महाविद्यालय में प्रवेश हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। मोहम्मद कैफ अंसारी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा तथा मैट्रिक तक की पढ़ाई एबीसी कोचिंग सेंटर, बोरियो से पूरी की। इसके बाद उन्होंने देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में शामिल जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर वहीं से अपनी इंटरमीडिएट तथा स्नातक की शिक्षा पूरी की। अब उन्होंने एलएलबी/वकालत शिक्षा के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। दिल्ली विश्वविद्यालय देश के उन प्रमुख शिक्षण संस्थानों में गिना जाता है, जहां से अनेक प्रसिद्ध अधिवक्ता, न्यायविद तथा न्यायाधीश निकलकर देश की सेवा कर चुके हैं। मोहम्मद कैफ की इस सफलता से उनके माता-पिता, एबीसी कोचिंग सेंटर तथा पूरे मोहल्ले और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित हुआ है। उनकी उपलब्धि गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है और क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। स्थानीय लोगों एवं शिक्षकों ने मोहम्मद कैफ अंसारी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सभी को विश्वास है कि वे आगे चलकर एक सफल अधिवक्ता बनेंगे और अपने गांव, समाज तथा देश की सेवा करते हुए क्षेत्र का नाम और अधिक रोशन करेंगे

# श्रीधर दियारा में जर्जर सड़क को ग्रामीणों ने मरम्मत कर मिसाल पेश की

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज** ।श्रीधर दियारा पंचायत के ग्रामीणों ने एक अनूठी पहल करते हुए निजी पैसे व श्रमदान कर जर्जर सड़क मरम्मत कर मिशाल पेश किया है। जानकारी के अनुसार श्रीधर पंचायत के कॉलोनी नंबर 9 से 10 के बीच बनी पक्की सड़क के बीचोंबीच लगभग 200 फीट गढ्डा बन गया था। यह सड़क कॉलोनी नंबर 9 और 10 के बीच जोड़ने वाली जिसे लाइफ लाइन सड़क कही जाती है। उक्त सड़क काफी दिनों से जर्जर हो गया था, और सड़कों के बीच बडे. बड़े गड्ढे बन चुका था। जिसके कारण राहगीरों, बाइक सवारों एवं अन्य वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढे दुर्घटनाओं को लगातार आमंत्रित दे रहे थे।इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासन से गुहार लगाई लेकिन सारे कोशिश नाकाम रही।वहीं मंगलवार को कॉलोनी नंबर 10 के स्थानीय लोगों ने स्वयं सड़क मरम्मत करने की ब्रीडा. उठाया।लोगों ने गांव से चंदा इकट्ठा कर निजी पैसे से मिट्टी मोरांग सड़क पर डलवाया और स्वयं श्रमदान कर मरम्मत कर मिसाल पेश किया।स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की खराब स्थिति के कारण आए दिन छोटे-बड़े हादसे होने की आशंका बनी रहती थी। खासकर बारिश के दिनों में स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती थी।यह ग्रामीणों की अनोखी पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है।मौके पर जोतिष रॉय,सदानंदा रॉय,सुजीत मंडल, अमल बल्लव,दिलीप रॉय, अभिजीत रॉय,गोकुल रॉय।सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## 70 घरों पर बिजली संकट की मार, सड़क जाम के बाद प्रशासन ने दिया समाधान का भरोसा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज**। प्रखंड की सातगाछी पंचायत अंतर्गत श्यामपुर (कुकुर डुब्बा) गांव में बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आया। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले 10 से 12 दिनों तक गांव में बिजली पूरी तरह ठप रही, जिससे लगभग 70 परिवारों को अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ा। बिजली नहीं रहने के कारण सबसे अधिक परेशानी विद्यार्थियों को हुई। रात के समय पढ़ाई प्रभावित होने से अभिभावकों में चिंता का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग द्वारा बाद में 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया, लेकिन इसके बावजूद गांव के सभी घरों तक सुचारू रूप से बिजली नहीं पहुंच पा रही है। कई परिवार अब भी नियमित बिजली आपूर्ति से वंचित हैं। लगातार समस्या बने रहने से नाराज ग्रामीणों ने विरोध स्वरूप सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलने पर बरहरवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति को शांत कराया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने - बुझाने के बाद जाम समाप्त कराया गया। इस दौरान प्रशासन की ओर से पहुंचे विद्युत विभाग के एसडीओ ने ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि दो दिनों के भीतर बिजली व्यवस्था को दुरुस्त कर समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने आंदोलन स्थगित कर दिया, हालांकि उन्होंने जल्द समाधान नहीं होने पर पुनः आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

# अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद विभाग की सघन छापेमारी, 700 किलोग्राम जावा महुआ एवं 300 लीटर अवैध शराब जब्त

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**हजारीबाग।** उपायुक्त श्री हेमन्त सती के निदेर्शानुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, संचय एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग के निर्देशन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कूद एवं रेवाली में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान विभिन्न घरों एवं अवैध महुआ चुलाई शराब की संचालित भट्ठियों की जांच की गई। इस दौरान घटनास्थल तथा आसपास छिपाकर रखे गए लगभग 700 किलोग्राम किन्वयन योग्य जावा महुआ को विनष्ट किया गया। साथ ही शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, बर्तन आदि को नष्ट किया गया तथा लगभग 300 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब जब्त की गई। अभियान के दौरान अवैध शराब निर्माण एवं कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की गई है। उनके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। उत्पाद विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध आगे भी लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा तथा ऐसे अवैध कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद श्री सौरव कुमार झा, अवर निरीक्षक उत्पाद श्री भुवनेश्वर नायक, सहायक अवर निरीक्षक श्री एंटोनी बागे तथा सशस्त्र गृह रक्षा वाहिनी के जवान शामिल थे।

## नशामुक्त हजारीबाग के संकल्प को मिल रही जनभागीदारी, जिलेभर में जागरूकता गतिविधियां जारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**हजारीबागः** निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को हजारीबाग जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला जनसंपर्क कार्यालय के द्वारा संचालित इस अभियान के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों तथा नशामुक्त जीवन के महत्व की जानकारी दी गई।अभियान के अंतर्गत पांच जागरूकता प्रचार रथों ने जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, हाट-बाजारों, चौक-चौराहों, बस स्टैंडों, शैक्षणिक संस्थानों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में भ्रमण कर जनसंदेश पहुंचाया। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 30 से 36 के अतिरिक्त चौपारण, ईचाक, विष्णुगढ़ एवं कटकमदाग प्रखंड के कई पंचायत क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार गतिविधियां संचालित की गईं।प्रचार रथों पर स्थापित एलईडी स्क्रीन के माध्यम से नशामुक्ति संबंधी ऑडियो जिंगल एवं लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। वहीं आमजनों के बीच नशामुक्ति विषयक पंपलेट वितरित कर उन्हें जागरूक किया गया।इसी क्रम में 10 सांस्कृतिक दलों द्वारा जिले के 20 विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। चौपारण, बरही, बरकट्ठा, ईचाक, कटकमसांडी, सदर, केरेडारी, बड़कागांव एवं विष्णुगढ़ प्रखंडों के सार्वजनिक स्थलों, बाजारों एवं पंचायत क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्र के जबरा एवं बाबूगांव चौक में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भागीदारी निभाई।नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से कलाकारों ने नशे के सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रमों के दौरान लोगों को नशे से दूर रहने, परिवार एवं समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने तथा युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।अभियान के दौरान उपस्थित नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा समाज को नशामुक्त बनाने के सामूहिक संकल्प को मजबूत करने का आह्वान किया गया। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से नशामुक्त हजारीबाग के निर्माण में सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

# दामोदर नदी सूखी, सिंदरी में पानी का संकट! जून में भी सूखे की मार, एल नीनो कहर

कुलबीर सिंह/ झारखंड जल संवाददाता।



**सिंदरी/ धनबाद।** पूर्वी भारत की जीवन रेखा मानी जाने वाली दामोदर नदी इन दोनों चिंता का विषय बन गई है। जून के महीने में, जब मानसून अभी पूरी तरह सक्रिय नहीं हुआ है, नदी के कई हिस्सों में पानी का स्तर बेहद कम हो गया है और अधिकतर जगहों पर यह पूरी तरह सूख गई है। किसान, स्थानीय निवासी और उद्योग इस जल संकट से जूझ रहे हैं। नदी में पर्याप्त जल नहीं रहने के कारण धनबाद एवं आसपास के क्षेत्र में पेयजल संकट गहराने लगा है। जलापूर्ति योजनाओं पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। सिंदरी के एफसीआईएल क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति मुख्य रूप से नदी से पानी उठाकर पंप हाउस के माध्यम से शुद्धिकरण के बाद की जाती है। लेकिन इस बार नदी में पानी न होने के कारण पंप हाउस सूखा पड़ा है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि सेटलिंग टैंक के संग्रहीत पानी की सप्लाई अब एक दिन छोड़कर हो रही है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि जितना आवश्यक हो उतना ही पानी इस्तेमाल करें और पानी को व्यर्थ में बहने से बचाएं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार प्रशांत महासागर से एल नीनो की स्थिति विकसित होने से मानसूनी हवाएं बाधित हो रही है जिससे भारत में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना बढ़ गई है। वहीं दामोदर नदी के जल स्तर को बढ़ाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण भूमिका तेनुघाट डैम (बांध) की है। तेनुघाट डैम के गेट खोलने से नदी में पानी आएगा।तेनुघाट बांध से बोकारो के औद्योगिक क्षेत्र, आसपास की छोटी बड़ी इंडस्ट्रीज और म्युनिसिपल ड्रिंकिंग वॉटर सप्लाई होती है।

## भीषण गर्मी के बाद सिंदरी में राहत, हल्की बारिश ने बदला मौसम का मिजाज

**सिंदरी /धनबाद।** लगातार भीषण गर्मी और उमस भरी गर्म हवाओं से परेशान सिंदरी वासियों को गुरुवार की शाम राहत भरी रही। जून 18 की शाम को मौसम ने अचानक करवट बदली और हल्की बारिश ने पूरे इलाके में ठंडक बिखेर दी। सिंदरी में पिछले कई दिनों से पारा 40 डिग्री के पार पहुंच रहा था। लोग घरों के अंदर रहने को मजबूर थे। लेकिन गुरुवार की शाम करीब 6:00 बजे अचानक आसमान में बादल छा गए और लगभग आधे घंटे तक हल्की बारिश हुई। इस बारिश ने न सिर्फ तापमान में गिरावट दर्ज की बल्कि वातावरण को भी सुहावना बना दिया। सड़कों पर निकाल कर लोग इस अनायास आई बारिश का आनंद लेते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में और भी बारिश की संभावना है, जो इस भीषण गर्मी के बाद इलाके के लिए बड़ी राहत साबित हो सकती है।

## केरेडारी के नए अंचलाधिकारी बने बिपिन चंद्र विश्वास, निवर्तमान सीओ विवेक कुमार ने सौंपा पदभार




**केरेडारी/हजारीबागः** केरेडारी अंचल में प्रशासनिक बदलाव हुआ है। नए अंचलाधिकारी के रूप में बिपिन चंद्र विश्वास ने पदभार ग्रहण कर लिया है। निवर्तमान अंचलाधिकारी विवेक कुमार ने उन्हें विधिवत रूप से पदभार सौंपा। पदभार ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त सीओ बिपिन चंद्र विश्वास ने कहा कि अंचल में आम जनता की राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित व पारदर्शी निष्पादन उनकी प्राथमिकता होगी। दाखिल-खारिज, भूमि विवाद, प्रमाण पत्र निर्गत करने जैसे कार्यों में तेजी लाई जाएगी। वहीं निवर्तमान सीओ विवेक कुमार ने नए अधिकारी को शुभकामनाएं दीं और अंचल के कार्यों की जानकारी साझा की। इस मौके पर अंचल कार्यालय के कर्मी व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## भूमि दानकर्ता दंपती सम्मानित, शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न



**हजारीबाग।** मटवारी स्थित कुम्हार टोली दुर्गा स्थान में मंदिर निर्माण समिति सनातन मंडल द्वारा आयोजित पंचदिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सह शिव पुराण कथा का समापन पूर्णाहुति, नगर भ्रमण, भव्य भंडारा एवं सम्मान समारोह के साथ संपन्न हुआ।समारोह में शिव परिवार मंदिर निर्माण के लिए भूमि दान करने वाले समाजसेवी टिकाधर प्रजापति एवं उनकी धर्मपत्नी विजवा देवी को फूल-माला, शॉल और चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। दंपती ने कहा कि उनकी भूमि पर भगवान शिव का मंदिर स्थापित होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। समिति के सदस्यों ने बताया कि भूमि दान के कारण एक ही परिसर में शिवालय, दुर्गा मंदिर और हनुमान मंदिर की स्थापना संभव हो सकी। जिससे श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना में सुविधा मिलेगी। टिकाधर प्रजापति के पुत्र आनंद कुमार सहितमहेंद्र प्रजापति, रवि कुमार, गोपी प्रजापति, डॉ. जितेंद्र प्रसाद, मीना देवी, प्रीति देवी, नीलम देवी, वीणा प्रसाद, स्मिता कुमारी सहित अन्य ने कहा कि यह मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा।मौके पर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष दुर्गेश प्रजापति, सचिव कुलेश्वर कुमार पंडित, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, संरक्षक किशोर प्रजापति, महेश ठाकुर, शिबन प्रजापति सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# सिंदरी गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु अर्जन देव जी का 420 वां शहीदी दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**सिंदरी /धनबाद** ।सिंदरी गुरुद्वारा साहिब में गुरुवार को सिख समुदाय ने बड़े ही भक्ति भाव के साथ पंचम पातशाह गुरु अर्जन देव जी का 420 वां शहीदी दिवस मनाया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में पिछले 40 दिनों से चल रहे सुखमणि साहिब पाठ का समापन अत्यंत भक्ति भाव के साथ किया गया। गुरुद्वारा परिसर में सुबह से ही संगत गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष नतमस्तक होने के लिए पहुंचती रही। कीर्तन दरबार में स्त्री स्थानीय रागी जत्थों द्वारा गुरु अर्जन देव जी के जीवन, शिक्षाओं और शहादत पर आधारित शब्द कीर्तन प्रस्तुत किए। उपरांत गुरुद्वारा साहब के ग्रंथी सरदार बलवीर सिंह ने सरबत का भला, विश्व शांति तथा समस्त मानवता के कल्याण की कामना करते हुए अरदास की और गुरु का हुकुमनामा सुनाया। भीषण गर्मी मेंज गुरुद्वारा साहिब परिसर के बाहर राहगीरों और छोटे -बड़े वाहनों को रोककर चेने का प्रसाद और ठंडा मीठा जल (छबील) वितरित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने सेवा करते हुए मानवता, परोपकार और भाईचारे का सुंदर संदेश दिया। दोपहर 2:00 बजे से सभी श्रद्धालुओं के बीच गुरु का लंगर वितरित किया गया। मौके पर गुरुद्वारा सिंदरी के प्रधान जसप्रीत सिंह रैनो, हरदीप सिंह, जगदीश्वर सिंह, प्रेम सिंह, लखजीत सिंह, हरपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, मोहन सिंह, कुलबीर सिंह, हरविंदर सिंह, सतविंदर सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, मनजीत सिंह उप्पल, ओंकार सिंह, बलवीर सिंह नागी, गुरचरण सिंह, स्त्री सत्संग प्रधान जसपाल कौर, हरभजन कौर, डा.स्मृति नागी, मनजीत कौर, दविंदर कौर, सुरेंद्र कौर, रूपा कौर, हरदेव कौर, रीता कौर,हरभजन कौर, कमलजीत कौर, प्रीति कौर, दलजीत कौर, बलजीत कौर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थें।

## नवनिर्मित मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पूणार्हुति तथा भव्य भंडारा के साथ संपन्न हुआ



**पलामू** (झारखंड) 18 जून 2026 छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत नौडीहा बाजार प्रखंड के खैरादोहर पंचायत स्थित ग्राम शिल्दाखुर्द (लकड़ाही-बाजार) प्रांगण के नवनिर्मित मंदिर में श्री सीताराम-लक्ष्मण,श्री हनुमान जी और श्री राधा-कृष्ण की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह पूणार्हुति तथा भव्य भंडारा के साथ संपन्न हुआ।खैरादोहर पंचायत में सन 2007 से हिन्दू समाज को एकसूत्र में पिरोनें का कार्य करनें वाले- पलामू धमार्चार्य प्रमुख बालयोगी संत विभु सुमनजी का सपना सभी श्रद्धालुओं के सहयोग से 20 वर्षों के बाद साकार हुआ।ऐसे ऐतिहासिक और आध्यात्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति व आस्था को सुदृढ़ करते हैं। यह भावी पीढ़ी का सही मार्गदर्शन करते हैं और मानव जीवन को सौभाग्यशाली बनाते हैं।

## भूमि दानकर्ता दंपती सम्मानित, शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न



**हजारीबाग।** मटवारी स्थित कुम्हार टोली दुर्गा स्थान में मंदिर निर्माण समिति सनातन मंडल द्वारा आयोजित पंचदिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सह शिव पुराण कथा का समापन पूणार्हुति, नगर भ्रमण, भव्य भंडारा एवं सम्मान समारोह के साथ संपन्न हुआ।समारोह में शिव परिवार मंदिर निर्माण के लिए भूमि दान करने वाले समाजसेवी टिकाधर प्रजापति एवं उनकी धर्मपत्नी विजवा देवी को फूल-माला, शॉल और चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। दंपती ने कहा कि उनकी भूमि पर भगवान शिव का मंदिर स्थापित होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। समिति के सदस्यों ने बताया कि भूमि दान के कारण एक ही परिसर में शिवालय, दुर्गा मंदिर और हनुमान मंदिर की स्थापना संभव हो सकी। जिससे श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना में सुविधा मिलेगी। टिकाधर प्रजापति के पुत्र आनंद कुमार सहितमहेंद्र प्रजापति, रवि कुमार, गोपी प्रजापति, डॉ. जितेंद्र प्रसाद, मीना देवी, प्रीति देवी, नीलम देवी, वीणा प्रसाद, स्मिता कुमारी सहित अन्य ने कहा कि यह मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा।मौके पर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष दुर्गेश प्रजापति, सचिव कुलेश्वर कुमार पंडित, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, संरक्षक किशोर प्रजापति, महेश ठाकुर, शिबन प्रजापति सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रह

# हजारीबाग गुरुद्वारा में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया गुरु अर्जन देव जी का शहीदी दिवस

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**हजारीबाग।** शहर स्थित गुरुद्वारा साहिब में गुरु सिंह सभा एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में सिख धर्म के पांचवें गुरु, गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस को श्रद्धा, भक्ति और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सिख श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा पहुंचकर गुरु घर में मत्था टेका तथा धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत गुरुद्वारा साहिब में आयोजित विशेष दीवान से हुई, जिसमें पटना साहिब गुरुद्वारा से आए हजूरी रागी भाई कविंदर सिंह जत्था के द्वारा गुरबाणी व स्थानीय ग्रंथि भाई परमजीत सिंह ,एवं मनप्रीत कौर , शबद-कीर्तन प्रस्तुत किया गया ।

तबले पर संतोष कुमार ने संगत किया । कीर्तन के माध्यम से गुरु अर्जन देव जी के त्याग, बलिदान, मानवता, सेवा और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए दिए गए सर्वोच्च योगदान को याद किया गया। उपस्थित संगत ने गुरु वाणी का श्रवण कर आध्यात्मिक शांति एवं प्रेरणा प्राप्त की। शबद कीर्तन के दौरान हजूरी रागी भाई कविंदर सिंह ने कहा कि गुरु अर्जन देव जी ने सत्य, न्याय और मानव कल्याण के मार्ग पर चलते हुए धर्म के लिए बलिदान दिया था। उनका जीवन समाज को प्रेम, सहिष्णुता, सेवा और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसके कारण उन्हें सिख इतिहास में विशेष सम्मान प्राप्त है। इस अवसर पर हजारीबाग की सिख साध-संगत ने बड़ी श्रद्धा के साथ शबद-कीर्तन में भाग लिया। कार्यक्रम के उपरांत सभी श्रद्धालुओं के बीच गुरु का अटूट लंगर प्रसाद , एवं कच्ची लस्सी वितरित किया गया। संगत ने एक साथ बैठकर लंगर ग्रहण किया, जो समानता, सेवा और भाईचारे की सिख परंपरा का प्रतीक है। गुरुद्वारा परिसर में पूरे दिन श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। संगत के सदस्यों ने गुरु अर्जन देव जी के बताए मार्ग पर चलने तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उक्त जानकारी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार रौशन सिंह कालरा एवं सचिव सरदार आनंद राज सिंह कालरा ने दी। उन्होंने बताया कि गुरु अर्जन देव जी का शहीदी दिवस सिख समुदाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है, जो त्याग, तपस्या और मानव सेवा की प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाली समस्त साध-संगत के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक कल, थाना प्रभारी ने की लोगों से भाग लेने की अपील




**केरेडारीः** मुहर्रम त्यौहार के दौरान क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक बुलाई गई है। यह बैठक कल दिनांक 19.06.2026, शुक्रवार को शाम 4:00 बजे से थाना परिसर में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि त्यौहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सभी की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों, समाजसेवियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पत्रकारों एवं आम जनमानस से बैठक में शामिल होने की अपील की है। बैठक में मुहर्रम के जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं और अन्य जरूरी बिंदुओं पर चर्चा कर रूपरेखा तय की जाएगी।

# मुहर्रम को लेकर पाकुड़ पुलिस अलर्ट, एसपी अनुदीप सिंह ने मासिक अपराध गोष्ठी में दिए सख्त निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पाकुड़ः** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह (भा.पु.से.) की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में मई माह की मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पाकुड़ एवं महेशपुर, सभी पुलिस निरीक्षक, थाना एवं ओपी प्रभारी सहित विभिन्न शाखाओं के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में आगामी मुहर्रम पर्व-2026 को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया। एसपी ने सभी थाना और ओपी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित करने, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने, संवेदनशील एवं धार्मिक स्थलों की पहचान कर नियमित पेट्रोलिंग करने, जुलूस मार्ग का भौतिक सत्यापन कराने तथा सीसीटीवी और वीडियोग्राफी के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती करने को कहा गया।अपराध समीक्षा के दौरान बताया गया कि मई माह में जिले में कुल 109 नए मामले दर्ज हुए, जबकि 111 मामलों का निष्पादन किया गया। लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।बैठक में ढडउरड एक्ट, आईटी एक्ट और एनडीपीएस एक्ट से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन, लंबित वारंट और कुर्की की कार्रवाई में तेजी लाने पर भी बल दिया गया। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को जिला परिवहन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर नियमित वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। अभियान के तहत हेलमेट, सीट बेल्ट, वाहन पंजीकरण, बीमा और ड्रंक एंड ड्राइव के मामलों की जांच कर मोटर वाहन अधिनियम के तहत विधिसम्मत कार्रवाई करने को कहा गया। सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े मामलों की ी-ऊअफ में अनिवार्य प्रविष्टि करने का भी निर्देश दिया गया।इसके अलावा पिछले पांच वर्षों में संपत्तिमूलक अपराधों में सक्रिय अपराधियों के खिलाफ सीसीए, निगरानी पंजी और गुंडा पंजी में नाम दर्ज कराने के लिए प्रस्ताव भेजने को कहा गया। चोरी, लूट, डकैती और गृहभेदन जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नियमित गश्ती और सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए।एसपी ने थाना और ओपी प्रभारियों को यह भी निर्देशित किया कि थानों में आने वाले शिकायतकर्ताओं के साथ शालीन व्यवहार किया जाए और उनकी शिकायतों पर बिना अनावश्यक परेशानी दिए विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।बैठक में सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध, मानव तस्करी, नशामुक्ति, महिला उत्पीड़न, डायन प्रथा, बाल विवाह तथा अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ प्रत्येक माह स्कूलों, कॉलेजों, हाट-बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। साथ ही लंबित चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट और परिवाद पत्रों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए गए।

## पलामू पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक महत्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक कर पिछले कई वर्षों से लंबित चल रहे मामलों पर चिंता व्यक्त की

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पलामू –** जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक महत्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई. इस बैठक की अध्यक्षता पलामू के पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने की. बैठक में जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी , अंचल निरीक्षक और सभी थानों के प्रभारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे. बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पिछले कई वर्षों से लंबित चल रहे मामलों पर चिंता व्यक्त की और प्रत्येक मामले की विस्तृत समीक्षा की. उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर दिया. इस दौरान जिन थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पुराने मामलों को सुलझाने तथा कानून-व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने में बेहतरीन प्रदर्शन किया, उनके काम की सराहना की गई और उन्हें पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया.

# धनबाद के नए अपर समाहर्ता बने श्री प्रदीप कुमार शुक्ला, संभाला पदभार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**सिंदरी/धनबाद।** जिले के नए अपर समाहर्ता के रूप में प्रदीप कुमार शुक्ला ने गुरुवार को विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। निवर्तमान अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार ने उन्हें कार्यभार सौंपा। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा बुधवार की देर शाम जारी हुए प्रशासनिक पदाधिकारियों के स्थानांतरण आदेश के तहत धनबाद के अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार का तबादला मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त के पद पर किया गया है। वहीं, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, रांची में उप सचिव के पद पर कार्यरत



श्री प्रदीप कुमार शुक्ला को धनबाद का नया अपर समाहर्ता नियुक्त किया गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री प्रदीप कुमार शुक्ला ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा संचालित विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मियों के सहयोग से प्रशासनिक कार्यों को और अधिक पारदर्शी तथा जनोन्मुखी बनाने की प्रतिबद्धता जताई। उल्लेखनीय है कि श्री प्रदीप कुमार शुक्ला का धनबाद से पुराना जुड़ाव रहा है। इससे पूर्व वे जिले में जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इस मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खलखो, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय कुमार झा, आइटी मैनेजर रूपेश कुमार मिश्रा, बिजनेस एनालिस्ट आनंद पटेल, जिला राजस्व शाखा के कार्यालय अधीक्षक राम विलास राम, सुशील कुमार सिन्हा, प्रधान सहायक कुमार कर्मवीर, मंजू मंझियाइन, मो. सोहराब, प्रशांत कुमार झा, मनीष कुमार, विजय कुमार, संतोष कुमार, अंशु देव, राज पृथ्वी राज, तालिब हुसैन, पिंकी कुमारी, उमेश कुमार, पिंकी कुमारी, मोबिन अंसारी आदि थे।

# 17,401 आवेदन प्राप्त, 1,479 आवेदनों का निष्पादन; लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन के दिए निर्देश

**तीन दिवसीय विशेष प्रमाण–पत्र शिविर सफलतापूर्वक संपन्न**

झारखंड उजाला प्रतिनिधि




**पाकुड़ :** जिला प्रशासन, पाकुड़ द्वारा आमजन को उनके पंचायत स्तर पर ही आवश्यक प्रमाण- पत्र संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 15 जून से 17 जून 2026 तक आयोजित तीन दिवसीय विशेष प्रमाण-पत्र शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। जिले के सभी अंचलों में आयोजित इस विशेष अभियान के दौरान ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बड़ी संख्या में जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण- पत्र के लिए आवेदन जमा किए।शिविर के दौरान जिलेभर से कुल 17,401 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 7,792 जाति प्रमाण-पत्र, 9,039 आवासीय प्रमाण-पत्र एवं 570 आय प्रमाण-पत्र के आवेदन शामिल हैं। प्राप्त आवेदनों में से 928 जाति प्रमाण-पत्र, 469 आवासीय प्रमाण-पत्र तथा 82 आय प्रमाण-पत्र आवेदनों का निष्पादन किया गया। इस प्रकार कुल 1,479 आवेदनों का निष्पादन किया गया है। वहीं शेष लंबित आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया संबंधित अंचलों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर निरंतर जारी है।विशेष शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर से राहत दिलाना तथा पंचायत स्तर पर ही महत्वपूर्ण नागरिक सेवाएं सुलभ कराना था। शिविरों में अंचल अधिकारियों, राजस्व कर्मियों, पंचायत सचिवों, जनप्रतिनिधियों एवं स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए ग्रामीणों को आवेदन प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान किया।उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने विशेष अभियान की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आमजन को सरल, सुलभ, पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पात्र आवेदकों को निर्धारित समयावधि में प्रमाण-पत्र उपलब्ध हो सके।

## पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस ने उप स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

झारखंड उजाला प्रतिनिधि



**पाकुड़ः** पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस शाखा, पाकुड़ के पदाधिकारियों ने उप स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और कर्मचारियों को मिलने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान टीम ने स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही दवाओं की वैधता तथा उपस्थिति पंजी का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के सदस्यों ने स्वास्थ्य केंद्र की अधूरी व्यवस्थाओं को शीघ्र दुरुस्त करने पर जोर दिया। शाखा के सहायक सचिव भुपाली कुमार यादव ने मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों की समस्याओं का त्वरित और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उप स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखना मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक की जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।इस दौरान संगठन सचिव गौरव कुमार, युवा संगठन सचिव शिवम् कुमार सिंह, शाखा सदस्य अमित कुमार सहित संगठन के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। निरीक्षण के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और व्यवस्थाओं में सुधार लाने पर विशेष बल दिया गया।

# स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्था ठीक नहीं पाए जाने पर एमओआईसी को बदलने के निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**उपायुक्त ने की बलियापुर प्रखंड में चल रही योजनाओं की समीक्षा**

**राशन वितरण में अनियमितता पाए जाने पर कई पीडीएस डीलरों को शोकॉज तथा बीएसओ को निगरानी नहीं रखने पर शोकॉज के निर्देश**




**सिंदरी/ धनबाद।**उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन ने आज बलियापुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड तथा अंचल क्षेत्र में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा बैठक के साथ-साथ गठित 12 निरीक्षण टीमों द्वारा बलियापुर प्रखंड की 16 पंचायतों में संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का औचक निरीक्षण किया गया। टीमों ने मनरेगा, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, जन वितरण प्रणाली, शिक्षा व्यवस्था, पेयजल योजनाओं सहित अन्य योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी। निरीक्षण प्रतिवेदन की समीक्षा के दौरान विभिन्न पंचायतों एवं संस्थानों में अनियमितता, लापरवाही एवं कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों, कर्मियों एवं संवेदकों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बाल विकास परियोजना कार्यालय की समीक्षा के क्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने तथा अध्ययन स्थिति की जानकारी नहीं होने पर बलियापुर की सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिका का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान मध्य विद्यालय मोदीडीह के परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र हेतु भूमि से संबंधित भ्रामक पत्र निर्गत करने के मामले में प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित करने का निर्देश दिया।प्रधानाध्यापक को शो-कॉज करते हुए उनका वेतन भी रोकने का निर्देश दिया गया। वहीं स्कूलों की बदहाल व्यवस्था पर जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) को भी शोकॉज जारी करने का निर्देश दिया गया। बलियापुर के बीपीओ का वेतन रोकने तथा बीआरसी एवं सीआरसी का वेतन रोकते हुए वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक लगाने का निर्देश भी उप स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं पर असंतोष व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी (एमओआईसी) का वेतन रोकने तथा उनके स्थानांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश दिया। साथ ही क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए सीएचसी के स्थानांतरण से संबंधित प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई उपायुक्त ने खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को राशन वितरण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लाभुकों का ई-केवाईसी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा जिन क्षेत्रों में प्रगति संतोषजनक नहीं है, वहां विशेष अभियान चलाकर कार्य में तेजी लाई जाए। उपायुक्त ने लंबित आवेदनों एवं शिकायतों के त्वरित निष्पादन पर बल देते हुए जन शिकायत निवारण तंत्र को सुदृढ़ बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने टोल फ्री नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी करने तथा गोदाम से लेकर जन वितरण प्रणाली की दुकानों तक आपूर्ति श्रृंखला को पारदर्शी बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि राशन कार्डधारियों की पात्रता की जांच पैन कार्ड के माध्यम से की जाए। साथ ही जीएसटी एवं आयकर भुगतान करने वाले लाभुकों की पहचान कर यह सुनिश्चित किया जाए कि वे योजना के लिए पात्र हैं अथवा नहीं। अपात्र पाए जाने वाले लाभुकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता अथवा अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी पदाधिकारी एवं कर्मी निर्धारित समय सीमा में कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें तथा आम जनता को योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से उपलब्ध कराएं।

## राज्यसभा चुनाव में हुआ धनबल का उपयोग : परविंदर



**पूर्वी सिंहभूम।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष परविंदर सिंह ने झारखंड राज्यसभा चुनाव के परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए चुनाव प्रक्रिया में धनबल और प्रलोभन की राजनीति के इस्तेमाल की आशंकाओं को लेकर गंभीर चिंता जताई है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी प्रणव झा को अपेक्षित समर्थन नहीं मिलना कई सवाल खड़े करता है और पूरे घटनाक्रम ने लोकतांत्रिक मूल्यों को आघात पहुंचाया है।परविंदर सिंह ने आरोप लगाया कि एनडीए समर्थित उम्मीदवार की जीत के लिए सत्ता और संसाधनों का दुरुपयोग किए जाने की चचाएं राजनीतिक गलियारों में व्यापक रूप से हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि जनप्रतिनिधियों के मत को प्रभावित करने के लिए धनबल या अन्य अनैतिक साधनों का उपयोग हुआ है, तो यह लोकतंत्र और संविधान की भावना के खिलाफ है।

## परिमल नाथवानी की जीत झारखंड के विकास की जीत : संजीव




**पूर्वी सिंहभूम।** राज्यसभा चुनाव में भाजपा-एनडीए समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी की जीत पर भाजपा जमशेदपुर महानगर इकाई में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने परिमल नाथवानी को बधाई देते हुए इसे झारखंड के विकास, राज्यहित और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत बताया।उन्होंने कहा कि इस चुनाव परिणाम ने यह साबित कर दिया है कि झारखंड की जनता विकास और सकारात्मक राजनीति के साथ खड़ी है। संजीव सिन्हा ने कहा कि विधानसभा में पर्याप्त संख्या होने के बावजूद कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार की हार से यह स्पष्ट हो गया है कि झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन के भीतर मतभेद गहराते जा रहे हैं और महागठबंधन की एकजुटता कमजोर पड़ चुकी है।उन्होंने दावा किया कि यह परिणाम राज्य की राजनीति में बड़े बदलाव का संकेत हैं। संजीव सिन्हा ने विश्वास जताया कि परिमल नाथवानी अपने अनुभव, दूरदर्शी सोच और झारखंड से गहरे जुड़ाव के बल पर राज्य के मुद्दों को राज्यसभा में मजबूती से उठाएंगे तथा झारखंड के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## परिमल नाथवानी की जीत पर भाजपा कार्यकताओं ने मनाया उत्सव




**पश्चिमी सिंहभूम।** राज्यसभा चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवानी की जीत के बाद गुरुवार को जिले में भाजपा कार्यकताओं के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। पार्टी कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने एकत्र होकर एक-दूसरे को बधाई दी और मिठाई बांटकर अपनी खुशी जताई।इस दौरान कार्यकताओं ने कहा कि परिमल नाथवानी की जीत केवल एक राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि झारखंड के विकास और प्रगति की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि नाथवानी अपने अनुभव और सक्रिय भूमिका के माध्यम से राज्य के विकास से जुड़े मुद्दों को राज्यसभा में प्रभावी ढंग से उठाएंगे।भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने कहा कि झारखंड में उद्योग, आधारभूत संरचना, शिक्षा, खेल और रोजगार के क्षेत्र में नई संभावनाओं को आगे बढ़ाने में नाथवानी की भूमिका महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने केंद्र सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि देश निरंतर प्रगति और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है।कार्यक्रम में संजय पांडे, रंजन प्रसाद, चंद्र मोहन तियू, रविशंकर विश्वकर्मा, राकेश पोद्दार, हर्ष रवानी, मुकेश कुमार, रोहित दास, अनूप प्रसाद, रितेश कुमार, अजय झा, राजेश खंडेलवाल, सौरभ प्रसाद, पिंटू, सुखमति बीरूवा, राम अवतार राम, रवि उल्लास नाग, अनिल सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शादी की नीयत से युवती के अपहरण का आरोपित गिरफ्तार



**बोकारो।** बोकारो जिले के नावाडीह थाना पुलिस ने शादी की नीयत से युवती के अपहरण के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज होने के महज तीन घंटे के भीतर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया और पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।पुलिस के अनुसार, 17 जून 2026 की शाम करीब पीड़ित परिवार ने थाना नावाडीह की ओर से थाना में लिखित आवेदन दिया गया। आवेदन में आरोप लगाया गया कि उनकी बेटी का अपहरण शादी की नीयत से रुपलाल कोडा उर्फ रुपलाल मुण्डा (19), पिता धीरन मुण्डा, निवासी महलीडीह अंबाटोला, थाना गोला, जिला रामगढ़ तथा वर्तमान निवासी गुंजरडीह, थाना नावाडीह की ओर से कर लिया गया है।आवेदन के आधार पर नावाडीह थाना (कांड संख्या-49/2026 ) दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बोकारो के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बेरमो-तेनुघाट के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी सहयोग एवं मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित रुपलाल कोडा उर्फ रुपलाल मुण्डा को तीन घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। साथ ही अपहृत युवती को सकुशल बरामद किया गया।

# विश्व शांति एवं संतुलन के लिए आत्ममंथन हो जी-7 बैठक में



सुमित कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

सूत्र जी-7 में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा और जापान शामिल हैं, लेकिन व्यवहारिक रूप से इसकी दिशा और नीति निर्धारण पर अमेरिका का प्रभाव सबसे अधिक दिखाई देता है। विशेष रूप से राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका की विदेश नीति ने सहयोग के बजाय दबाव और वर्चस्व की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। फ्रांस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन पर इस समय पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हुई हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय राजनीति, व्यापार, जलवायु परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा सुरक्षा और युद्ध जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए दुनिया की सात प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं का यह मंच एकत्रित हुआ है। ऐसे समय में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या जी-7 आज भी उतना ही प्रासंगिक और प्रभावशाली है, जितना उसकी स्थापना के समय था? क्या यह संगठन वास्तव में वैश्विक समस्याओं के समाधान का मंच बन पाया है अथवा यह कुछ शक्तिशाली देशों के हितों की रक्षा का माध्यम बनकर रह गया है? क्या इस मंच की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने स्वार्थों के चलते धुंधलाने में लगे हैं? विश्व में शांति स्थापना, संतुलित आर्थिक विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बने विभिन्न वैश्विक संगठनों की सफलता का मूल्यांकन उनके परिणामों से होता है, न कि उनके घोषणापत्रों से। दुर्भाग्य से जी-7 के संदर्भ में यह प्रश्न बार-बार उठता रहा है कि उसके निर्णयों और घोषणाओं का वास्तविक प्रभाव कितना है। पिछले वर्षों में रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया का संकट, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन की चुनौती और बढ़ती व्यापारिक प्रतिस्पर्धा जैसी समस्याओं के समाधान में यह संगठन अपेक्षित भूमिका निभाने में सफल नहीं दिखा है।



जी-7 में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा और जापान शामिल हैं, लेकिन व्यवहारिक रूप से इसकी दिशा और नीति निर्धारण पर अमेरिका का प्रभाव सबसे अधिक दिखाई देता है। विशेष रूप से राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका की विदेश नीति ने सहयोग के बजाय दबाव और वर्चस्व की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। ट्रंप ने अपने सहयोगी देशों के साथ भी कई बार ऐसा व्यवहार किया है, मानो वे साझेदार नहीं बल्कि अमेरिकी नीतियों का अनुसरण करने वाले अनुयायी हों। टैरिफ युद्ध, व्यापारिक प्रतिबंध, रक्षा व्यय को लेकर दबाव और अनेक एकतरफा निर्णयों ने सदस्य देशों के बीच अविश्वास बढ़ाया है। विशेषतः ईरान-इजरायल युद्ध ने समूची दुनिया की अर्थव्यवस्था का धराशायी कर दिया और यह अब अमेरिका के कारण ही हुआ है क्योंकि पिछले कुछ महीनों में हिंसक संघर्ष ने पूरे क्षेत्र को एक व्यापक युद्ध की आशंका से भर दिया था। ईरान, इजरायल और इस क्षेत्र के अनेक गैर-राज्यीय समूह आमने-सामने खड़े दिखाई दे रहे थे। इस संघर्ष का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र होर्मुज जलमार्ग बन गया था, जहां से विश्व के लगभग पांचवें हिस्से का तेल गुजरता है। जी-7 समूह के देश भी इसको लेकर बंटे हुए थे।

यही कारण है कि जी-7 के भीतर आज पहले जैसी एकजुटता दिखाई नहीं देती। फ्रांस, जर्मनी, कनाडा और जापान जैसे देश कई मुद्दों पर अमेरिका से अलग दृष्टिकोण रखते हैं। ईरान युद्ध ही नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के प्रश्न पर, वैश्विक व्यापार के नियमों पर और बहुपक्षीय संस्थाओं की भूमिका को लेकर भी मतभेद सामने आते रहे हैं। ऐसे में यह अपेक्षा करना कठिन है कि यह संगठन विश्व की जटिल समस्याओं के समाधान के लिए कोई सर्वमान्य और प्रभावी रणनीति प्रस्तुत कर पाएगा। इस सम्मेलन में भारत की उपस्थिति विशेष महत्व रखती है। भारत भले ही जी-7 का सदस्य न हो, लेकिन उसकी बढ़ती आर्थिक शक्ति, वैश्विक प्रतिष्ठा और विकासशील देशों के प्रतिनिधि स्वरूप ने उसे इस मंच का एक महत्वपूर्ण सहभागी बना दिया है। यह अवसर केवल भारत की उपलब्धियों को प्रस्तुत करने का नहीं, बल्कि उन विकासशील और निर्धन देशों की आकांक्षाओं को मुखर करने का भी है, जिनकी आवाज अक्सर वैश्विक निर्णय प्रक्रिया में दब जाती है।

आज अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के अनेक देश आर्थिक संकट, खाद्य असुरक्षा, जलवायु आपदाओं और ऋण के बोझ से जूझ रहे हैं। उनकी प्राथमिकताएं जी-7 देशों की प्राथमिकताओं से भिन्न हैं। इसलिए भारत को यह प्रश्न उठाना चाहिए कि क्या विश्व की दिशा तय करने का अधिकार केवल कुछ विकसित देशों तक सीमित रहना चाहिए? क्या वैश्विक शासन व्यवस्था को अधिक लोकतांत्रिक, समावेशी और प्रतिनिधिक नहीं बनाया जाना चाहिए? यह समय विकासशील देशों की आवाज को मजबूती देने और वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) की चिंताओं को केंद्र में लाने का है। जी-7 की प्रासंगिकता पर सबसे बड़ा प्रश्न उसकी प्रभावशीलता को लेकर है। यदि कोई संगठन विश्व की प्रमुख समस्याओं को रोकने या सुलझाने में सक्षम नहीं है, तो उसकी उपयोगिता स्वतः प्रश्नों के घेरे में आ जाती है। रूस-यूक्रेन युद्ध वर्षों से जारी है। पश्चिम एशिया लगातार अशांत बना हुआ है। आतंकवाद और कट्टरता की चुनौतियां बनी हुई हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण पूरी दुनिया अभूतपूर्व संकटों का सामना कर रही है। इसके बावजूद वैश्विक नेतृत्व देने का दावा करने वाले मंचों की उपलब्धियां सीमित दिखाई देती हैं।

हाल के दिनों में अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने तथा शांति और सहमति की दिशा में बढ़ने की खबरों ने पूरी दुनिया को राहत दी है। लंबे समय से चल रहे तनाव के कारण पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ रही थी और इसका प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा था। जैसे ही दोनों देशों के बीच समझौते और संवाद की संभावनाएं मजबूत हुईं, दुनिया भर के वित्तीय बाजारों में सकारात्मक संकेत दिखाई दिए। निवेशकों का विश्वास बढ़ा, ऊर्जा बाजार में स्थिरता के संकेत मिले और तेल की कीमतों में नरमी आई। इससे स्पष्ट है कि शांति केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं होती, बल्कि उसका सीधा संबंध वैश्विक आर्थिक स्थिरता और आम नागरिक के जीवन से भी होता है। लेकिन यहां एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है। यदि संवाद और समझौता ही अंततः समाधान का मार्ग था, तो फिर टकराव और तनाव की स्थिति को इतना लंबा क्यों खींचा गया? आखिर राष्ट्रपति ट्रंप को समझौते और सहमति के लिए राजी होने की आवश्यकता क्यों महसूस हुई? क्या इसके पीछे आर्थिक दबाव थे? क्या वैश्विक बाजारों की चिंता थी? क्या अमेरिकी जनता की अपेक्षाएं थीं? या फिर यह स्वीकारोक्ति थी कि युद्ध और दबाव की राजनीति की भी सीमाएं होती हैं? ये ऐसे प्रश्न हैं जिन पर जी-7 जैसे मंचों में गंभीर चर्चा होनी चाहिए।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि, नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं. आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं.

**वृषभ राशि :-** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है. आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा. विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है. शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें.

**मिथुन राशि :-** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं. लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है. जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है. वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा. जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं.

**कर्क राशि :-** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं. खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे.

**सिंह राशि :-** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं. धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं. परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें. उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं. आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे.

**कन्या राशि :-** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं. जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है. अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऐसे बड़ों के साथ बांटें, जो आपकी सहायता कर सकते हैं. रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी. आज किए गए निवेश काफी फायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है.

**तुला राशि :-** दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खयाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले. जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें. आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं. सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है.

**वृश्चिक राशि :-** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी. आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है. आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा. दोस्तों का साथ राहत देगा. अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें. नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी.

**धनु राशि :-** खयाली पुलाव पकाने में वक़्त जाया न करें. सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें. आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा. किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरूआत होगी. प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है. आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौके होंगे. अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं।

**मकर राशि :-** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है. आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी. कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं. अपना कीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें. यह सबसे बेहतर मरहम है. वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे.

**कुम्भ राशि :-** नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को नियन्त्रित रखें. खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी. कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा. अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है. मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा. दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा.

**मीन राशि :-** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है. शाम को रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी आपको व्यस्त रखेगी. कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी. कार्यक्षेत्र के नजरिए से आज का दिन आपका है. इसका भरपूर फायदा उठाएँ. आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे, जब कोई आपके सहयोग की वजह से पुरस्कृत होगा।

# तेल के खेल में मोदी के आगे कोई नहीं टिक सकता, भारत-वेनेजुएला वार्ता के बाद दुनिया में मची हलचल

सूत्रों के अनुसार अमेरिका ने भारत को संकेत दिया है कि वह शीघ्र ही वेनेजुएला से तेल खरीद दोबारा शुरू कर सकता है ताकि रूसी कच्चे तेल पर निर्भरता घटे। यह पहल भारत अमेरिका ऊर्जा संबंधों को नए सांचे में ढालने की अमेरिकी कोशिश का हिस्सा है। भारत और वेनेजुएला के बीच कूटनीति ने अचानक तेज रफ्तार पकड़ ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के बीच हुई टेलीफोन वार्ता ने वैश्विक ऊर्जा राजनीति में जबरदस्त हलचल पैदा कर दी है। माना जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच हुई इस वार्ता का सीधा संबंध तेल से है और इसका परोक्ष असर भारत रूस निर्भरता घटाने, अमेरिका से व्यापारिक दबाव कम करने और ग्लोबल साउथ में भारत की रणनीतिक स्थिति मजबूत करने से जुड़ा है।

सूत्रों के अनुसार अमेरिका ने भारत को संकेत दिया है कि वह शीघ्र ही वेनेजुएला से तेल खरीद दोबारा शुरू कर सकता है ताकि रूसी कच्चे तेल पर निर्भरता घटे। यह पहल भारत अमेरिका ऊर्जा संबंधों को नए सांचे में ढालने की अमेरिकी कोशिश का हिस्सा है। रिपोर्टों के मुताबिक आने वाले महीनों में भारत रूसी तेल आयात में प्रतिदिन कई लाख बैरल की कटौती कर सकता है। इस कूटनीतिक पृष्ठभूमि में डेल्सी रोड्रिगेज ने प्रधानमंत्री मोदी से वार्ता के बाद ऊर्जा सहयोग पर सहमति की पुष्टि की। प्रधानमंत्री ने भी सार्वजनिक संदेश में कहा कि दोनों देश द्विपक्षीय साझेदारी को सभी क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों तक ले जाने की साझा दृष्टि रखते हैं। हम आपको बता दें कि यह वार्ता ऐसे समय हुई है जब वेनेजुएला ने अपने हाइड्रोकार्बन क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का ऐतिहासिक फैसला लिया है।

वेनेजुएला दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडारों वाला देश है। दशकों तक कठोर सरकारी नियंत्रण के बाद अब कानूनों में व्यापक सुधार किए गए हैं। खोज, उत्पादन, वितरण और विपणन में निजी भागीदारी को अनुमति दी गई है। कर और रॉयल्टी घटाई गई हैं, बड़े प्रोजेक्ट के लिए शुल्क और कम किए जा सकते हैं और विवादों में अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता का रास्ता खोला गया है। इस तरह यह बदलाव कर पूर्व राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज के दौर की राष्ट्रीयकरण नीति को पलट दिया गया है।

अमेरिका ने भी जवाबी कदम उठाते हुए वेनेजुएला को प्रतिबंधों में ढील दी है। नया सामान्य लाइसेंस अमेरिकी कंपनियों को वेनेजुएला के तेल के निर्यात, भंडारण, परिवहन और परिशोधन की अनुमति देता है, हालांकि भुगतान और कुछ देशों से जुड़े लेन-देन पर सख्त शर्तें रखी गई हैं। हम आपको याद दिला दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल मार्च में वेनेजुएला से तेल खरीदने वाले देशों पर भारी शुल्क लगाया था, जिसमें भारत भी शामिल था। अब दिशा बदली है।



देखा जाये तो रूस यूक्रेन युद्ध के बाद भारत ने अवसर का लाभ उठाते हुए सस्ता रूसी तेल बड़ी मात्रा में खरीदा। इससे देश की ऊर्जा जरूरतें भी पूरी हुईं और कीमतों पर भी नियंत्रण रहा। लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। अमेरिका का दबाव बढ़ा है, व्यापार शुल्क भारी हुए हैं और प्रतिबंधों के कारण आपूर्ति व्यवस्था जटिल हो गई है। इसी वजह से भारत अब तेल आयात के नए विकल्प तलाश रहा है। आयात के ताजा आंकड़े बताते हैं कि दिसंबर में रूस से तेल खरीद दो साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। इसके साथ ही ओपेक देशों से आने वाले तेल की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। कई भारतीय रिफाइनरियों ने रूसी कच्चे तेल से दूरी बना ली है और आपूर्ति स्रोत बदलने शुरू कर दिए हैं।

इसी बीच, वेनेजुएला के नए कानून ने एक नई संभावना खोली है। उत्पादन और निर्यात में तेज बढ़ोतरी की उम्मीद जताई जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रतिबंधों के चलते जो तेल पहले मजबूरी में सस्ते दाम पर बेचना पड़ता था, अब वह बेहतर कीमत और कम लागत के साथ खुले बाजार में उपलब्ध होगा। सरकारी आकलन के अनुसार, वेनेजुएला में इस साल उत्पादन में 18 प्रतिशत तक बढ़ोतरी संभव है, जबकि निजी अनुमान इससे भी तेज उछाल की ओर संकेत कर रहे हैं।

देखा जाये तो मोदी और रोड्रिगेज की बातचीत सिर्फ एक शिष्टाचार नहीं, बल्कि सामरिक संकेत है। भारत साफ तौर पर संदेश दे रहा है कि वह किसी एक स्रोत या किसी एक धड़े के साथ नहीं रहेगा। ऊर्जा सुरक्षा भारत की आर्थिक संप्रभुता की रीढ़ है और इस रीढ़ को मजबूत करने के लिए बहुध्रुवीय नीति अनिवार्य है। वेनेजुएला के दरवाजे खुलना भारत के लिए अवसर की तरह है क्योंकि दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार तक पहुंच सस्ती और स्थिर आपूर्ति का रास्ता खोल सकती है। हालांकि भारत को अमेरिकी शर्तों, भुगतान नियमों और भू-राजनीति की रस्साकशी में संतुलन भी साधना होगा। सामरिक रूप से यह कदम रूस पर निर्भरता घटाकर भारत की सौदेबाजी की शक्ति को और बढ़ाता है। यदि भारत वेनेजुएला से तेल खरीद फिर शुरू करता है तो अमेरिका के साथ व्यापारिक तनाव कम हो सकता है, साथ ही लैटिन अमेरिका में भारत की मौजूदगी मजबूत होगी।

# सहयोग का तकाजा


नई दिल्ली में भूटान के राजा और भारत के प्रधानमंत्री की मुलाकात के दौरान आपसी संबंधों को दृढ़ करने को लेकर जिस तरह नीतिगत स्तर पर बातचीत आगे बढ़ी, वह एक महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम है। इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत और भूटान के बीच सदियों से मधुर संबंध रहे हैं और अच्छे पड़ोसी होने के नाते दोनों देशों में कई स्तर पर आपसी सहयोग पर आधारित तालमेल लंबे समय से कायम रहा है। लेकिन नई परिस्थितियों में दुनिया भर में बदलते समीकरण के दौर में ऐसे रिश्तों को मजबूती देने के लिए नए कार्यक्रमों पर जोर देना, उसमें स्पष्टता लाना समय की जरूरत होती है। इस लिहाज से देखें तो मंगलवार को नई दिल्ली में भूटान के राजा और भारत के प्रधानमंत्री की मुलाकात के दौरान आपसी संबंधों को दृढ़ करने को लेकर जिस तरह नीतिगत स्तर पर बातचीत आगे बढ़ी, वह एक महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम है। खासतौर पर दोनों देशों के बीच सुरक्षा के मुद्दे पर तालमेल बढ़ाने पर जो सहमति बनी और ह्यपहले से ही घनिष्ठ संबंधोंह्ण को विस्तार देने के मकसद से पांच सूत्रों पर आधारित रूपरेखा तैयार की गई, वह निश्चित रूप से भारत और भूटान के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। यों भी भारत में भूटान को लेकर अतीत में कभी कोई द्वंद्व नहीं रहा है। यह भारत का हमेशा ही करीबी सहयोगी रहा है। बल्कि पिछले कुछ सालों में द्विपक्षीय संबंधों को लेकर दोनों देशों के बीच काफी प्रगति हुई है। दरअसल, भारत में मौजूदा सरकार ने ह्यपड़ोसी प्रथम की नीति की तरजीह दिया है। इसी के तहत भारत एक परस्पर सहयोगी पड़ोसी और नजदीकी मित्र के रूप में भूटान को महत्त्व देता रहा है। औपचारिक सद्भावनाओं और कार्यक्रमों के जरिए संबंधों में मजबूती को पुष्टि मिलती है। मगर भारत ने अपनी ओर से नीतिगत स्तर पर परस्पर सहयोग आधारित नीति ही अपनाई है, जिसमें एक दूसरे की गरिमा को कायम रखना एक अहम पक्ष होता है।

भूटान नरेश के ताजा दौरे में भी भारत के साथ विविध क्षेत्रों में सहयोग को और व्यापक बनाने के मकसद से जो खाका तैयार किया गया, उसमें मुख्य रूप से पांच सूत्रों पर जोर दिया गया। इसमें अर्थव्यवस्था और विकास में साझेदारी के साथ-साथ भारत भूटान में व्यापार, संपर्क और निवेश के तहत बुनियादी ढांचा, रेल, हवाई संपर्क और अंतर्देशीय जलमार्ग विकसित करने में सहयोग करेगा। इसके अलावा, दीर्घकालिक और सतत व्यापार सुविधा के उपाय और ऊर्जा सहित अभिनव क्षेत्रों में सहयोग के रास्ते तलाशे जाएंगे। जाहिर है, भूटान नरेश की भारत यात्रा दोनों देशों के बीच पहले से कायम मित्रवत संबंधों को ताजगी देने और उसमें मजबूती लाने की कवायद है। लेकिन यह ध्यान रखने की जरूरत है कि भारत और भूटान, दोनों की सीमा से सटा देश चीन आज जिस तरह की बिसात रच रहा है, अगर समय रहते उसे नहीं समझा गया तो उससे नई जटिलताएं खड़ी होंगी। मसलन, हाल में चीन ने भारत के सीमाई इलाकों में जिस तरह की हरकतें की हैं, उसे वह औपचारिक शक्ल देने की फिराक में है और दूसरे देशों को भी अपने प्रभाव में लेना चाहता है। शायद इसी संजाल की वजह से भूटान के प्रधानमंत्री ने हाल ही में अपने एक साक्षात्कार में डोकलाम को लेकर एक उलझा हुआ बयान दिया था। उन्होंने भूटान के सीमावर्ती इलाकों में चीन की ओर से गांव बसाने के मसले पर भी कहा कि कोई अतिक्रमण नहीं हुआ।

# भौतिक चकाचौंध व सोशल मीडिया से बढ़ रहे रिश्तों के कत्ल

आंकडों के मुताबिक पूरे देश में कुल 28 हजार 522 कत्ल के मामले सामने आए। ये तमाम कत्ल 19 अलग अलग वजहों से हुए। मसलन, निजी दुश्मनी, सांप्रदायिक और धार्मिक वजह, राजनीतिक वजह, डायन प्रथा, जातिवाद, विवाद, या लूट-डकैती। विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम की सीख देने वाले भारत जैसे आध्यत्म और शांति की धरा वाले देश में बढ़ती भौतिक विलासिता की चकाचौंध और सोशल मीडिया का जिन्दगी में बढ़ता दखल, पारिवारिक-सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है। संबंधों में तकरार और फिर नृशंस तरीके से हत्या जैसे मामलों ने देश को झकझोर कर रख दिया है। मेरठ की मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपुत की हत्या कर दी। ऐसे ही मुजफ्फरनगर की पिंकी ने अपने आशिक के लिए अपने पति अनुज को जहर पिलाकर मार दिया। रिश्तों में हत्या का ऐसा ही प्रकरण बेंगलुरू में देखने को मिला, वहां के हुलीमावु क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करके उसकी बॉडी को सूटकेस में भर दिया। देश के अलग-अलग शहरों में हो रही ऐसी हत्याओं ने देश की जनता को पूरी तरह से हिलाकर रख दिया। आखिर ये सिलसिला कहां जकर थमेगा? इन घटनाओं ने सोचने-समझने के लिए मजबूर कर दिया है कि आखिर यह देश किस दिशा में जा रहा है।

पिछले कुछ वक्त से देश के अलग-अलग हिस्सों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जिनमें पति पत्नी का और पत्नी पति का कत्ल कर देती है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की रिपोर्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में दुनिया भर में कुल 51 हजार 100 महिलाओं और लड़कियों का कत्ल हुआ है। इनमें से 60 फीसदी के करीब कत्ल महिलाओं या लड़कियों के अपने पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने किया। एक रिपोर्ट कहती है कि देश भर में हर साल औसतन 225 लोगों को उनकी पत्नियां कत्ल कर देती हैं और लगभग 275 पत्नियां अपने पति के हाथों मारी जाती हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में हर ग्यारवें मिनट में एक महिला या लड़की का कत्ल होता है। इनमें से औसतन हर रोज 140 महिलाओं या लड़कियों का कत्ल उनके घर के अंदर होता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन और लंदन स्कूल ऑफ हाइजिन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड साउथ एफ्रिकन मेडिकल रिसर्च काउंसिल की रिपोर्ट कहती है वर्ष 2022 में दुनिया भर में कुल 48 हजार 800 महिलाओं और लड़कियों के कत्ल हुए थे और इनमें से भी 60 फीसदी से ज्यादा कत्ल पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने ही किए थे। वर्ष 2022 में ऐसे अपराधों के मामलों में अफ्रीका पहले नंबर पर था और एशिया दूसरे नंबर पर। ऐसे अपराधों में अब 2023 में एशिया पहले नंबर पर है और अफ्रीका दूसरे नंबर पर है। आंकड़ा कहता है कि पार्टनर पति या रिलेशनशिप में दुनिया भर में जितने कत्ल होते हैं, उसकी 58 फीसदी शिकार महिलाएं या लड़कियां होती हैं। लेकिन चौंकाने वाला आंकड़ा ये भी है कि इसी पार्टनर और रिलेशनशिप की वजह से 42 फीसदी पुरुषों का भी कत्ल होता है। अर्थात यह अंतर ज्यादा नहीं है। ब्रिटिश मेडिकल जनरल लेनसेट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 60 फीसदी महिलाओं के कत्ल मौजूदा या फिर पूर्व पार्टनर की वजह से होती है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में महिलाओं के कत्ल का सबसे ज्यादा खतरा उन्हीं के मौजूदा या पूर्व पार्टनर से ही होता है। जबकि पूर्व या मौजूदा महिला पार्टनर के हाथों पुरुषों के कत्ल का प्रतिशत सिर्फ साढ़े 6 फीसदी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक देश में हर साल कितने पति अपनी पत्नी का या पत्नी अपने पति का कत्ल करती हैं। एनसीआरबी के 2022 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि इश्क और रिश्तों में लोग अब जान नहीं देते बल्कि जान लेते हैं। भारत में जिन वजहों से सबसे ज्यादा कत्ल होते हैं। उनमें लव अफेयर और शादी के बाद संबंधों के मामलों में होने वाला कत्ल तीसरे और चौथे नंबर पर आता है।



# बिहार में मौसम का कहर, ठनका गिरने से दो युवकों की मौत.. 15 जिलों में तेज बारिश-आंधी का येलो अलर्ट

**एजेंसी**

7.
अररियाः बिहार में मौसम पूरी तरह बदल गया है. कई जिलों में तेज आंधी के साथ भारी बारिश हो रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है. अररिया जिले में वज्रपात की दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जिससे स्थानीय स्तर पर शोक का माहौल है.



**अररिया में वज्रपात से दो युवकों की मौतः** अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखंड के सैफगंज पंचायत में 22 वर्षीय टिवंकल कुमार खेत में भैंस चरा रहे थे. अचानक हुई बारिश और गरज के दौरान बिजली गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई. इसी तरह रानीगंज प्रखंड के विक्टोरिया पंचायत के डुमरिया गांव में 12 वर्षीय मोहम्मद गुड्डु भी भैंस चराते समय वज्रपात की चपेट में आ गए और उनकी भी मौत हो गई. दोनों घटनाओं ने पूरे जिले में दहशत फैला दी है.

**15 जिलों में भारी बारिशः** मौसम विभाग के अनुसार आज बिहार के उत्तर, उत्तर-पूर्व और पूर्वी हिस्सों में बारिश, मेघगर्जन और तेज हवाओं की गतिविधियां सक्रिय रहेंगी. सहरसा, दरभंगा, मधुबनी, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, भागलपुर, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, सुपौल, मधेपुरा, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर और बांका सहित 15 जिलों में तेज बारिश हो सकती हैं.

**उत्तर बिहार में तेज आंधी और ठनका का खतराः** मौसम विभाग ने उत्तर बिहार और सीमांचल क्षेत्र के कई जिलों में आंधी-तूफान तथा वज्रपात को लेकर सतर्कता बरतने की अपील की है. शिवहर, अररिया, सुपौल, मधुबनी, दरभंगा, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, किशनगंज, कटिहार, समस्तीपुर और पूर्वी चंपारण में 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है. किसानों और खुले में काम करने वालों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है.

**बांका जिले में येलो अलर्ट जारीः** बांका जिले में भारतीय मौसम विभाग ने येलो वॉच जारी करते हुए अगले कुछ घंटों में हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक और 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज हवाओं की चेतावनी दी है. स्थानीय प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की हिदायत दी है.

**दक्षिण बिहार में गर्मी और उमस का सितमः** दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम बिहार के जिलों में बारिश कम होने के कारण गर्मी का असर बरकरार है. गया, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर, नवादा, अरवल, भोजपुर और बक्सर में अधिकतम तापमान 38 से 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है. इन इलाकों में उमस भरी गर्मी लोगों को खासी परेशान कर रही है.

**लोगों से सावधानी की अपीलः** मौसम विभाग ने आमजन, खासकर किसानों और मजदूरों से अपील की है कि वे खराब मौसम में अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें. खुले मैदान, पेड़ों के नीचे या पानी वाले इलाकों से दूर रहें.

# अररिया में नेपाल से ब्राउन शुगर तस्करी, 119 ग्राम ड्रग्स के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी**

**अररियाः** बिहार के अररिया जिले के बसमतिया थाना अंतर्गत सीमावर्ती क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है. बुधवार को वाहन जांच के दौरान एक स्कॉर्पियो से 119 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद कर एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया गया.

**नेपाली तस्कर गिरफ्तारः** गिरफ्तार आरोपी की पहचान नेपाल के लौकही गांव निवासी अजीत कुमार साह के रूप में हुई है. पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल हो रही भारतीय नंबर प्लेट वाली स्कॉर्पियो को भी जब्त कर लिया है.



**गुप्त सूचना पर कार्रवाईः** बसमतिया थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक नेपाली नागरिक स्कॉर्पियो में छिपाकर ब्राउन शुगर लेकर नेपाल से भारत आ रहा है. सूचना पर तुरंत वाहन जांच अभियान शुरू किया गया.

**वाहन तलाशी में बरामदगीः** संदिग्ध स्कॉर्पियो को रोककर की गई तलाशी में वाहन के अंदर छिपाकर रखा गया 119 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ. पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया.

**न्यायिक हिरासत में भेजा गयाः** मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को अररिया न्यायालय में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. पुलिस ने वाहन और मादक पदार्थ को भी सबूत के तौर पर जब्त कर लिया है.

**सीमा पर सख्त निगरानीः** पुलिस के अनुसार सीमावर्ती क्षेत्रों में नशे के अवैध कारोबार पर लगातार नजर रखी जा रही है. मादक पदार्थ तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान चलाया जाएगा.

# बिहार चुनाव में राजनीतिक दलों को मिला 281 करोड़ रुपये चंदा, कहां खर्च किये 193 करोड़?

**एजेंसी**

**पटनाः** बिहार में पिछले साल विधानसभा चुनाव में भाग लेने वाली राजनीतिक पार्टियों ने उस दौरान 281.32 करोड़ रुपये का चंदा जुटाया था. वहीं 193.47 करोड़ रुपये खर्च किए थे, जिसमें प्रचार पर सबसे ज्यादा खर्च हुए. एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में यह खुलासा किया है.

**10 बड़ी पार्टियों के आंकड़ों का विश्लेषणः** एडीआर रिपोर्ट में पांच राष्ट्रीय पार्टियों बीजेपी, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और पांच क्षेत्रीय पार्टियों आरजेडी, जेडीयू, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), एआईएमआईएम और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) द्वारा दाखिल खर्च के ब्योरों का विश्लेषण किया गया.

**पार्टियों ने जुटाया था 281 करोड़ फंडः** रिपोर्ट के मुताबिक, बिहार की 10 पार्टियों ने मिलकर चंदा के तौर पर 281.323 करोड़ रुपये जुटाये, जबकि उनका कुल खर्च 193.466 करोड़ रुपये रहा. इस तरह जमा किए गए फंड और बताए गए खर्च के बीच लगभग 88 करोड़ रुपये का अंतर रहा.

**उम्मीदवारों को एकमुश्त राशि दी गईः** प्रचार खर्च का सबसे बड़ा मद बनकर उभरा, और यह राशि कुल खर्च का 36.68 प्रतिशत यानी 100.429 करोड़ रुपये थी. पार्टियों ने यात्रा पर 79.539 करोड़ रुपये और उम्मीदवारों को एकमुश्त भुगतान के तौर पर 62.072 करोड़ रुपये भी खर्च किए.

**कहां खर्च हुआ सबसे ज्यादा पैसा?:** एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, पार्टियों ने सोशल मीडिया मंच और दूसरे डिजिटल माध्यमों से वर्चुअल प्रचार पर 13.074 करोड़ रुपये खर्च हुए, जबकि पार्टियों ने चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड को प्रकाशित करने पर 3.886 करोड़ रुपये खर्च किए. अन्य खर्च 14.804 करोड़ रुपये रहे.

**29.05 प्रतिशत पैसा यात्रा पर खर्चः** एडीआर की रिपोर्ट में बताया गया है कि कुल खर्च का 29.05 प्रतिशत हिस्सा यात्रा पर व्यय किया गया. इस तरह, प्रचार के बाद यह चुनावी खर्च का दूसरा सबसे बड़ा हिस्सा बन गया. राजनीतिक दलों ने अपने स्टार प्रचारकों पर 72.796 करोड़ रुपये और 6.743 करोड़ रुपये अपने पार्टी नेताओं की यात्रा पर खर्च किए. इसी के साथ, राजनीतिक दलों ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान केंद्रीय मुख्यालय द्वारा 62.124 करोड़ रुपये और बिहार राज्य इकाइयों द्वारा 17.415 करोड़ रुपये का यात्रा व्यय घोषित किया है.

**सोशल मीडिया पर किस पार्टी ने कितना खचाः** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में बीजेपी ने 18.9967 करोड़ और जेडीयू ने 16.635 करोड़ मीडिया विज्ञापन पर खर्च किए. वहीं सोशल मीडिया के माध्यम से वर्चुअल अभियान पर 1.7986 करोड़ रुपये खर्च दिखाया. जबकि कांग्रेस ने 11.2436 करोड़, सीपीआई (एम) ने 2.80 लाख, और सीपीआई ने 40,000 रुपये सोशल मीडिया के माध्यम से वर्चुअल अभियान पर खर्च किया.

**बिहार चुनाव में कांग्रेस ने कितना खर्च किया?:** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में कांग्रेस पार्टी ने कुल 71.08 करोड़ रुपये खर्च किए. इसमें से 1.03 करोड़ लेनदेन के लिए, जो पार्टी के केंद्रीय मुख्यालय से बिहार राज्य इकाई को ट्रांसफर किए गए. इसके अलावा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने कुच 70.058 करोड़ खर्च किया.बिहार विधानसभा चुनाव में कुल 161 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया, जिनमें छह राष्ट्रीय दल, 10 क्षेत्रीय दल और 145 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल शामिल थे. हालांकि, यह विश्लेषण केवल उन 10 प्रमुख दलों तक ही सीमित था, जिनके खर्च का ब्योरा उपलब्ध था.रिपोर्ट के मुताबिक जिन पार्टियों का विश्लेषण किया गया।

## संक्षिप्त खबर

### सत्यदर्शी संजय बने बिहार के नए महाधिवक्ता




**बिहारः** सीनियर एडवोकेट सत्यदर्शी संजय (एस.डी. संजय) बिहार के नये महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) नियुक्त किये गए हैं, संजय पटना के प्रख्यात वकील हैं साथ ही भारत के एडीशनल सॉलिसिटर जनरल के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे. पिछले 14 जून 2026 को पीके शाही ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए महाधिवक्ता पद से त्यागपत्र दे दिया था. उनके इस्तीफे के बाद से महाधिवक्ता का पद रिक्त हो गया था. अब सत्यदर्शी संजय बिहार सरकार के महाधिवक्ता होंगे. इससे संबंधित सूचना विधि विभाग ने जारी कर दी है. पटना हाई कोर्ट से अपनी प्रैक्टिस शुरू करने वाले संजय वो वर्ष 2010 में बिहार राज्य के अपर महाधिवक्ता बने थे, इस पद वे 2014 तक बने रहे. 2015 में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करने के लिए उन्हें एडीशनल सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया.एसडी संजय को 10 सितंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट में केन्द्र सरकार का एडीशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) नियुक्त किया था. अब वे महाधिवक्ता के तौर पर अपनी सेवाएं देंगे.संजय को इससे पहले बिहार सरकार ने अपर महाधिवक्ता बनाया था, वो इस पद वे 2014 तक बने रहे. पटना हाईकोर्ट ने 2013 में एसडी संजय को सीनियर एडवोकेट का दर्जा दिया था.

### बाइक व ऑटो की टक्कर में दंपती समेत 3 की मौत, 8 से अधिक घायल

**बिहारः** बिहार से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर आ रही है, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई व 8 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. ताजा मामला समस्तीपुर के विभूतिपुर थाना क्षेत्र का है.गुरुवार के अहले सुबह सिंघियाघाट-हरिचक मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार ऑटो व बाइक की टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार




दंपती विभूतिपुर वार्ड संख्या 5 निवासी स्वर्गीय बंकुल महतो के पुत्र राज कुमार महतो (55 वर्ष), उनकी पत्नी संयोगिता देवी (45 वर्ष) व ऑटो सवार खानपुर के आमसौर गांव निवासी हरेराम सहनी की मौके पर ही मौत हो गई व आठ लोग घायल हो गए.जानकारी के अनुसार आमसौर गांव निवासी हरेराम सहनी मलमास खत्म होने पर गांव के लोगों के साथ गंगा स्नान के लिए बेगूसराय जा रहे थे. वहीं, बाइक सवार विभूतिपुर निवासी राज कुमार अपनी पत्नी के साथ खेत पर काम करने के लिए जा रहे थे. तभी खदियाही चौक के बीच नामचीन बसेरा बड़ चौराहे के समीप ऑटो और बाइक की टक्कर हो गई. घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल हो गया. आसपास के लोग मौके पर पहुंचे ऑटो में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया.घटना की सूचना पुलिस को दी गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विभूतिपुर पहुंचाया. अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने राज कुमार महतो, संयोगिता देवी और हरेराम सहनी को मृत घोषित कर दिया. वहीं अन्य घायलों का उपचार शुरू किया गया. इस हादसे में कई महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई है.पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. वहीं तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. हादसे के बाद मृतकों के घर में मातम पसरा हुआ है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है. आसपास के लोगों का कहना है कि इस सड़क पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है. ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यक संकेतक लगाने की मांग की है.

### बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा में फजीर्वाड़ा, दो युवक गिरफ्तार



**बिहार :** बिहार में 17 जून को आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा फजीर्वाड़ा हुआ है. पुलिस और दंडाधिकारी की टीम ने सिवान जिले के सरस्वती शिशु मंदिर और और दाउद मेमोरियल उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल परीक्षा केंद्र से दो फर्जी अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया है.गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पटना जिले के सियाराम कुमार और जहानाबाद जिले के गौतम कुमार के रूप में हुई है. बताया जाता है कि दोनों अभ्यर्थी किसी और के बदले परीक्षा देने आए थे.जानकारी के अनुसार, पहली और दूसरी पाली की परीक्षा के दौरान दोनों युवकों की गतिविधियां संदिग्ध लगीं, जिसके बाद दोनों की तलाशी ली गई. इस दौरान उनके पास से एक ही परीक्षा के दो अलग-अलग प्रवेश पत्र मिले.दोनों प्रवेश पत्रों में जन्मतिथि अलग-अलग दर्ज थी. पुलिस ने सभी दस्तावेज जब्त कर लिए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी है. पूछताछ में दोनों ने अपनी असली पहचान बताई और फर्जी दस्तावेजों के सहारे परीक्षा देने की बात स्वीकार की है. पूछताछ में दोनों ने यह भी स्वीकार किया कि वे 14 जून को मोतिहारी और गोपालगंज में भी इसी भर्ती परीक्षा में शामिल हो चुके थे. पुलिस का मानना है कि यह संगठित तरीके से की जा रही परीक्षा धांधली का हिस्सा हो सकता है, इसलिए पूरे नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश की जा रही है.सिवान के एसपी पुरन कुमार झा ने कहा कि परीक्षा में गड़बड़ी या किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर लोग तुरंत पुलिस को सूचित करें. इसके लिए पुलिस नियंत्रण कक्ष का हेल्पलाइन नंबर 9031683607 जारी किया गया है.

# बिहार में दुल्हनों की आड़ में शराब तस्करी, लग्जरी कार से 5 लाख की खेप बरामद, हरियाणा के दो जोड़े गिरफ्तार

**एजेंसी**

**मुजफ्फरपुरः** बिहार में शराबबंदी कानून को धता बताने के लिए तस्कर लगातार नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं. इस बार मुजफ्फरपुर उत्पाद विभाग ने एक ऐसे गैंग का पदार्फाश किया है, जिसने शक से बचने के लिए नई नवेली दुल्हनों की आड़ ली थी. हरियाणा से शराब की खेप लेकर चली दो नवविवाहित जोड़ियों का सफर अंत में मुजफ्फरपुर जेल में जाकर खत्म हुआ.

**आरोपियों की पहचानः** जानकारी के अनुसार, हरियाणा के रोहतक जिले के रहने वाले दो दंपती सोनू और अजीत एवं राखी और दीपक लग्जरी कार में भारी मात्रा में विदेशी शराब लेकर बिहार पहुंचे थे. तस्करों को उम्मीद थी कि नई नवेली दुल्हनों के साथ सफर करने पर पुलिस या जांच एजेंसियों को उन पर शक नहीं होगा.



**उत्पाद विभाग की नाकेबंदीः** उत्पाद विभाग को लंबे समय से इस गिरोह की गतिविधियों की सूचना मिल रही थी. सूचना के आधार पर उत्पाद इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई और मुखबिरों को सक्रिय किया गया.जैसे ही संदिग्ध लग्जरी कार छपरा बॉर्डर पार कर मुजफ्फरपुर के रेवा पुल के पास पहुंची, टीम ने घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया. तलाशी के दौरान कार से करीब 5 लाख रुपये मूल्य की विदेशी शराब बरामद की गई.

**गिरफ्तारी और जेलः** इसके बाद दोनों महिलाओं समेत चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया. पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है. उत्पाद इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिंह ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर अब उन स्थानीय शराब कारोबारियों की पहचान की जा रही है, जो इस नेटवर्क के पीछे हैं.


**पुलिस ने बढ़ाई सतर्कताः** तस्करी के इस नए तरीके के सामने आने के बाद उत्पाद विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है. मुजफ्फरपुर बॉर्डर पर संदिग्ध गाड़ियों की निगरानी और सघन जांच अभियान तेज कर दिया गया है. पुलिस इस अंतरराज्यीय नेटवर्क के सभी कड़ियों को पूरी तरह से तोड़ने में जुटी है.

# भोजपुर एनकाउंटर मामले में बड़ी कार्रवाई, दो दारोगा समेत कई पुलिसकर्मी निलंबित

**एजेंसी**

**भोजपुरः** बिहार के भोजपुर के बिलौटी गांव में पुलिस एनकाउंटर में घायल हुए युवक की मौत के बाद इलाके में भारी तनाव है. वहीं एसपी ने मामले की समीक्षा और जांच के बाद घटना के समय ड्यूटी पर मौजूद एक सब-इंस्पेक्टर (एसआई), एक असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (एएसआई) और कुछ सिपाहियों को भी निलंबित कर दिया है.

**भोजपुर एनकाउंटर केस में कई पुलिसकर्मी निलंबितः** इसके साथ ही घटना के दौरान कर्तव्य में लापरवाही और गंभीर चूक पाए जाने के बाद शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ. सत्यप्रकाश ने शाहपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार मलाकार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. यह कार्रवाई भोजपुर एसपी राज की अनुशंसा पर की गई है.



**मैं खुद गया था थाना- भरत तिवारी के पिताः** भरत भूषण तिवारी के पिता काशीनाथ तिवारी ने कहा, मैं थाना गया था और कहा कि मेरे बेटे की दिमागी हालत ठीक नहीं है. किसी तरह से आपलोग उसे कंट्रोल करिए. लेकिन मेरी किसी ने नहीं सुनी और थाने में बैठाकर रखा. सुबह से लेकर शाम तक बैठाकर रखा गया.

**मां ने भी लगाए गंभीर आरोपः** मृतक की मां आशा देवी ने भी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उनका कहना है कि बेटे ने सरेंडर कर दिया उसके बाद उसे गोली मारी गई. मेरे बेटे का ट्रैक रिकॉर्ड एकदम साफ था. बस उसे गुस्सा जल्दी आ जाता था.

**पुलिस ने किया लाठीचार्जः** पुलिस मुठभेड़ में युवक की मौत के बाद बिलौटी गांव के समीप मृतक के शव को सड़क पर रखकर आरा-बक्सर फोरलेन को जाम कर ग्रामीण हंगामा कर रहे हैं. इस दौरान लोगों को काबू में करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया. इसके बाद से ग्रामीण और उग्र हो गए हैं. नाराज लोग व परिजन मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं.

**क्या है पूरा मामला?:** भरत भूषण तिवारी का एक एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह हथियार के साथ नजर आ रहा था. वीडियो की जांच के लिए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम उसके घर पहुंची थी. लेकिन इस दौरान भरत भूषण ने पुलिस पर ही पिस्तौल तान दी. काफी बहस के बाद उसने कथित रूप से पुलिस पर फायरिंग कर दी. जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की. पुलिस फायरिंग में भरत जख्मी हो गया और पीएमसीएच में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

# बिहार में श्मशान से गर्भवती महिला का अधजला शव पुलिस ने किया बरामद, भाई ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

**एजेंसी**

**पश्चिम चंपारणः** बिहार के बेतिया के मझौलिया से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. जहां दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर एक गर्भवती विवाहिता की हत्या करने का आरोप लगाया गया है. इतना ही नहीं, आरोप है कि हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने की नीयत से शव का जल्दबाजी में अंतिम संस्कार भी किया जा रहा था.

**पुलिस ने श्मशान से निकाला शवः** सूचना मिलने पर पुलिस ने श्मशान घाट पहुंचकर अधजला शव बरामद किया और मामले की जांच शुरू कर दी है. घटना मझौलिया थाना क्षेत्र के रुलही गांव की है. बुधवार देर रात पुलिस ने रुलही सरेह स्थित श्मशान घाट से एक विवाहिता का अधजला शव बरामद किया. मृतका की पहचान रुलही वार्ड संख्या-3 निवासी श्याम यादव की 25 वर्षीय पत्नी पुष्पा देवी के रूप में हुई है.



**ससुराल वालों पर हत्या का आरोप!:** मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है. योगापट्टी थाना क्षेत्र के चौमुखा गांव निवासी मृतका के पिता ईश्वर यादव ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि करीब ढाई वर्ष पूर्व उनकी पुत्री पुष्पा की शादी श्याम यादव से हुई थी. शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा भैंस खरीदने के लिए लगातार दहेज की मांग की जा रही थी. मांग पूरी नहीं होने पर उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जाता था.

**गर्भवती थी पुष्पाः** परिजनों का आरोप है कि दहेज नहीं मिलने पर पुष्पा की हत्या कर दी गई और फिर बिना मायके वालों को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार करने की कोशिश की गई. मृतका के मौसेरे भाई चंदन कुमार यादव ने बताया कि पुष्पा गर्भवती थी. उनका आरोप है कि पहले गला दबाकर उसकी हत्या की गई और फिर साक्ष्य मिटाने के लिए शव को जला दिया गया.

**पुलिस को पड़ोसियों ने दी सूचनाः** घटना की जानकारी पड़ोसियों के माध्यम से मायके पक्ष को मिली. इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही मझौलिया पुलिस श्मशान घाट पहुंची और अधजले शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया.

**क्या कहती है पुलिस?:** मझौलिया थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव बरामद कर लिया है और मामले की गहन जांच की जा रही है. पुलिस के पहुंचने से पहले ही ससुराल पक्ष के सभी लोग घर छोड़कर फरार हो गए थे. उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है.

# सरकारी बंगला खाली कर रही राबड़ी, सुरक्षा में भी बदलाव



**एजेंसी**

**पटनाः** राज्य सरकार के आदेश के बाद पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी देवी के सरकारी बंगले से समान हटाया जा रहा है. पूर्व सीएम राबड़ी देवी को बंगला खाली करने को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया गया था. यह आवास वर्तमान पशुपालन मंत्री नंद किशोर राम को आवंटित किया गया है.वहीं दूसरी ओर आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के सुरक्षा में बदलाव किये गए हैं. बिहार पुलिस ने लालू प्रसाद की सुरक्षा हटाये जाने की खबर को खारिज किया है. बिहार पुलिस की तरफ से सोशल मीडिया पर जानकारी दी गयी कि दोनों नेताओं की सुरक्षा में कमी नहीं की गयी है, बल्कि नियमित समीक्षा के आधार पर सुरक्षा व्यवस्था में बदलाव किया गया है.नई सुरक्षाा व्यवस्था में लालू प्रसाद और राबड़ी देवी को बुलेटप्रूफ कार, पायलट गाड़ी और बिहार स्पेशल आर्म्ड पुलिस के गार्ड उपलब्ध कराए गए हैं. पुलिस ने स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप एक्ट, 2010 के प्रावदानों का हवाला देते हुए बैलिस्टिक रजिस्टेंस कार भी उपलब्ध कराने की जानकारी दी. स्पेशल ब्रांच की टीम से सादे कपड़ों में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं. पुलिस के मुताबिक दोनों वीवीआईपी की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए उचित सुरक्षा प्रदान की जा रही है.

## खबर संक्षेप

### रेलवे की 'व्यस्त सीजन' शुल्क में एक माह की छूट



**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने कंटेनर ट्रेन संचालकों को कार्गो लोड करने के मकसद से बंदरगाहों तक ट्रेन के खाली डिब्बे ले जाने पर लगने वाले 'व्यस्त सीजन' शुल्क में एक महीने के लिए छूट देने का निर्णय लिया है। बंदरगाहों तक खाली वैगन ले जाने पर इस शुल्क से अस्थायी छूट देने का निर्णय लिया है।

### नोएडा हवाई अड्डे पर शुरू हुई मालवाहक सेवाएं



**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहला मालवाहक विमान बुधवार को चेन्नई से यहां पहुंचा। हवाई अड्डे पर आज सुबह विमान पर वाटर कैनन से पानी बरसा कर उसका स्वागत किया गया। मालवाहक संचालन के लिए एफकॉम कंपनी के साथ समझौता किया गया है। मालवाहक सेवाओं के लिए कंपनी बोइंग 737-800 के विमानों का इस्तेमाल करती है।

### रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ 94.50 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को 10 पैसे की बढ़त के साथ 94.50 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। कच्चे तेल की कीमतों और अमेरिकी डॉलर में गिरावट से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। अमेरिका-ईरान शांति समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य के फिर से खुलने की संभावना के बीच ब्रेंट कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया है।

### मई में रत्न एवं आभूषण निर्यात 2.49 फीसदी घटा



**मुंबई।** रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद ने कहा है कि सोने की ऊंची कीमतों और आपूर्ति में दिक्कतों के कारण मई में भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात सालाना आधार पर 2.49 प्रतिशत घटकर 204.79 करोड़ डॉलर (19,573.96 करोड़ रुपये) रह गया। पिछले साल इसी अवधि में निर्यात 210 करोड़ 2.1 करोड़ डॉलर (17,896.16 करोड़ रुपये) था।

### डिक्सन-वीवो के संयुक्त उपक्रम को इसी माह मंजूरी

Dixon vivo

**नई दिल्ली।** डिक्सन-वीवो के लंबे समय से लंबित संयुक्त उद्यम प्रस्ताव को सरकार इस महीने मंजूरी दे सकती है। इससे चीन स्थित मोबाइल कंपनी वीवो की भारत में जोखिम संबंधी चिंताएं कम होंगी। दोनों कंपनियों के बीच दिसंबर, 2024 में संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे।

### जोशी जीआईसी री के चेयरमैन नियुक्त

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पुनर्बीमा कंपनी जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (जीआईसी री) ने बुधवार को हितेश रमेश चंद्र जोशी को अपना नया चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, जोशी ने 16 जून को आधिकारिक तौर पर अपना कार्यभार संभाल लिया है। इस पूर्णकालिक नियुक्ति से पहले, जोशी जीआईसी री में कार्यकारी निदेशक (ईडी) के रूप में कार्यरत थे और एक अक्टूबर 2025 से सीएमडी का अंतरिम प्रभार संभाल रहे थे। जीआईसी री ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, वित्त मंत्रालय ने 15 जून, 2026 के पत्र के जरिये जीआईसी री के कार्यकारी निदेशक हितेश रमेश चंद्र जोशी को चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त करने को मंजूरी दी है।

# 14 की उम्र में सीखी कोडिंग, 25 की उम्र में अमन बने 50,000 करोड़ के मालिक

## सैंगर ने अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर कर्सर की स्थापना की थी

नई दिल्ली

एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने एआई-आधारित कोडिंग प्लेटफॉर्म 'कर्सर' की पैरेंट कंपनी एनीस्फीयर इंक का 60 अरब डॉलर में अधिग्रहण करने की घोषणा की है। इस अधिग्रहण से कर्सर के भारतीय मूल के सह-संस्थापक अमन सैंगर चर्चा में आ गए हैं। इसकी वजह है कि इस डील से सैंगर की अनुमानित नेटवर्थ 5.5 अरब डॉलर (करीब 50,000 करोड़ रुपए) तक पहुंच गई है। सैंगर ने अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर कर्सर की स्थापना साल 2022 में कॉलेज की पढ़ाई बीच में छोड़कर की थी।

- मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने कर्सर की पैरेंट कंपनी का अधिग्रहण करने की घोषणा की

### क्यों कर्सर है इतना लोकप्रिय?

*कर्सर एक एआई-पावर्ड कोडिंग प्लेटफॉर्म है जो डेवलपर्स को कोड लिखने, एडिट करने और जटिल सॉफ्टवेयर समस्याओं को समझने में मदद करता है। यह पूरे कोडबेस को समझकर डेवलपर्स का एक 'एआई साथी' बनकर काम करता है। नवंबर 2025 तक कर्सर की वार्षिक आय 1 अरब डॉलर के स्तर को पार कर गई थी। महज सात महीनों में इसकी वार्षिक आय रिकॉर्ड छलांग लगाते जून 2026 में 4 अरब डॉलर तक पहुंच गई। एनवीडिया, एडोब, उबर, शॉपिफाई और पेपैल जैसी दुनिया भर की लगभग 50,000 दिग्गज टेक कंपनियों के लाखों सॉफ्टवेयर डेवलपर्स कोड तैयार करने के लिए कर्सर का यूज करते हैं।*



### अमन ने गूगल में की थी इंटर्नशिप

न्यूयॉर्क में जन्मे अमन सैंगर के पिता अरविंद सैंगर आईआईटी बॉम्बे के पूर्व छात्र रहे हैं और अमेरिका की हेज फंड इंडस्ट्री का एक बहुत बड़ा नाम हैं। उनकी मां शिल्पा सैंगर एक ऑर्थोडॉन्टिस्ट और सफल एंटरप्रेन्योर हैं। अमन ने महज 14 साल की उम्र में ही कोडिंग सीखनी शुरू कर दी थी। कर्सर शुरू करने से पहले अमन ने गूगल और ब्रिजवाटर एसोसिएट्स जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियों में इंटर्नशिप भी की थी।

**जटिल कोडिंग समस्याओं का चुटकियों में समाधान :** शुरुआत में मैकेनिकल इंजीनियरिंग उद्योग के लिए एआई-आधारित असिस्टेंट विकसित करने पर काम किया। लेकिन जल्द ही चारों को समझ आ गया कि असली जरूरत सॉफ्टवेयर की दुनिया में है।

### एमआईटी में मिला एडमिशन पर बीच में छोड़ी पढ़ाई

अमन ने प्रतिष्ठित संस्थान मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई के लिए दाखिला लिया था। यहीं पर उनकी मुलाकात माइकल ट्रुएल, सालेह आसिफ और आर्विड लुनेमार्क से हुई। चारों ने मिलकर साल 2022 में कोडिंग को आसान बनाने के लिए एक विजन तैयार किया। अपने आइडिया और बिजनेस पर पूरा ध्यान लगाने के लिए इन चारों दोस्तों ने 21 साल की उम्र में एमआईटी की पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी।

## जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर यह जानकारी दी गई

# भारत-यूरोपीय संघ एफटीए पर साल के अंत तक हस्ताक्षर होंगे: वॉन डेर लेयेन

एवियॉन (फ्रांस)

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने बुधवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) इस वर्ष के अंत तक महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे। उन्होंने यह जानकारी जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वार्ता के बाद दी।

इस बैठक में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष वॉन डेर लेयेन के अलावा यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा भी शामिल हुए। वॉन डेर लेयेन ने सोशल मीडिया पर कहा, "जब से हमने इस ऐतिहासिक व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है, तब से हम अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हम इस वर्ष के अंत तक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर देंगे और निवेश समझौते पर काम में भी तेजी लाएंगे।

**प्रतिबद्धताओं को पूरा करने तेजी से आगे बढ़ रहे**

**वर्ष के अंत तक समझौते पर हस्ताक्षर कर देंगे**

**सुरक्षा और रक्षा सहयोग को भी मजबूत किया जाएगा**

### वैश्विक परिदृश्य में शांति आएगी

मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा, "इस वर्ष की शुरुआत में भारत को गणतंत्र दिवस समारोह में उनकी मेजबानी करने का सौभाग्य मिला था। भारत-यूरोपीय संघ संबंधों के लिए यह महत्वपूर्ण समय है क्योंकि हमने मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है। मोदी ने कहा, "हमारी बढ़ती साझेदारी आज के वैश्विक परिदृश्य में शांति, स्थिरता और समृद्धि को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।"



### जनवरी में दिल्ली में वार्ता पूरी होने की संघ ने घोषणा की थी

*लेयन ने कहा, "हम सुरक्षा और रक्षा सहयोग को भी मजबूत करेंगे तथा भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना को आगे बढ़ाकर बेहतर संपर्क व्यवस्था के लिए मिलकर काम करेंगे।" भारत और यूरोपीय संघ ने जनवरी में नयी दिल्ली में आयोजित शिखर बैठक में इस व्यापक व्यापार समझौते पर वार्ता पूरी होने की घोषणा की थी।*



### भारत निर्यात के 99 प्रतिशत हिस्से पर शुल्क कम करेगा


अधिकारियों के अनुसार, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग एक-चौथाई हिस्सा रखने वाला यह मुक्त व्यापार समझौता यूरोपीय संघ को होने वाले भारतीय निर्यात के 99 प्रतिशत हिस्से पर शुल्क को कम करेगा और भारत में आने वाले ईयू के 97 प्रतिशत से अधिक निर्यात पर शुल्क में कटौती करेगा।

### शुल्क में चार अरब यूरो तक की बचत होगी

यूरोपीय संघ का अनुमान है कि इस समझौते से यूरोपीय निर्यातकों को वार्षिक शुल्क में चार अरब यूरो तक की बचत होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने और ईयू नेताओं ने आर्थिक संबंधों को और गहरा करने पर चर्चा की।

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन रही तेजी
## सेंसेक्स 347 अंक चढ़ा

मुंबई



- कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निवेशक धारणा में सुधार

अमेरिका-ईरान शांति समझौते की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमतों में आई नरमी और निवेशक धारणा में सुधार से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 347 अंक और निफ्टी में 96 अंक की तेजी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 347.14 अंक चढ़कर 77,155.62 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 410.51 अंक बढ़कर 77,218.99 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह निफ्टी 96.55 अंक की बढ़त के साथ 24,085.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 119.05 अंक बढ़कर 24,108.20 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट के शेयर में सर्वाधिक 7.06 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा स्टील, इन्फोसिस, टाइटन और भारती एयरटेल में भी तेजी रही।

***कच्चा तेल 79.10 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा :*** *रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, "अनुकूल वैश्विक संकेतों और तमाम क्षेत्रों में लिवाली जारी रहने से शेयर बाजार लगातार चौथे दिन तेजी के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड करीब 79.10 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।*

### चार दिन में संपत्ति 22.78 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी के बीच बुधवार को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण करीब 22.78 लाख करोड़ रुपये बढ़कर एक बार फिर पांच लाख करोड़ डॉलर के पार पहुंच गया। इन चार दिन में बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 22.78 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,75,12,374.27 करोड़ रुपये (करीब 5.03 लाख करोड़ डॉलर) हो गया।

# सोने में 4,800 रुपए की गिरावट और चांदी हुई 5,300 रुपए सस्ती

नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 4,800 रुपये गिरकर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि चांदी की कीमत में 5,300 रुपये की गिरावट दर्ज हुई। मजबूत रुपये और कमजोर वैश्विक रुख के बीच कारोबारियों ने कीमती धातुओं से दूरी बनाए रखी।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 4,800 रुपये टूटकर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। पिछले सत्र में यह 1,59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी में भी भारी गिरावट आई और यह 5,300 रुपये टूटकर 2,55,400 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। मंगलवार को चांदी 2,60,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू मांग लगातार दूसरे दिन कमजोर रही क्योंकि मजबूत रुपये और शेयर बाजार के बीच निवेशक बेहतर लाभ की तलाश में थे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई क्योंकि निवेशकों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के मौद्रिक नीति फैसले सहित कई महत्वपूर्ण अमेरिकी आर्थिक कार्यक्रमों से पहले सतर्क रुख अपनाया।



- सोना घटकर 1.54 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी टूटकर 2,55,400 रुपए प्रति किलो ग्राम

### सोने में स्थिरता देखी जा रही

*अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना मामूली गिरावट के साथ 4,327.54 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 0.18 प्रतिशत गिरकर 69.89 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, "अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी के मौद्रिक नीति फैसले से पहले हाजिर सोना में स्थिरता देखी जा रही है।"*

# एसीसी सीमेंट उत्पादन क्षमता का विस्तार जारी रखेगी अदाणी

नई दिल्ली

सीमेंट उत्पादक एसीसी लिमिटेड के चेयरमैन करण अदाणी ने कहा है कि कंपनी उत्पादन क्षमता का संतुलित ढंग से विस्तार जारी रखने के साथ रेडी-मिक्स कंक्रीट (आरएमसी) कारोबार को मजबूत करने और कम उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर जोर देगी।

करण अदाणी ने कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को दिए संदेश में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का दीर्घकालिक परिदृश्य मजबूत बना हुआ है, लेकिन निकट अवधि में 'मध्यम' मांग रहने की संभावना को देखते हुए संतुलित एवं अनुशासित वृद्धि रणनीति की आवश्यकता है। करण ने कहा, "हम सीमेंट क्षमता का विस्तार संतुलित तरीके से जारी रखेंगे, रेडी-मिक्स कंक्रीट की पहुंच बढ़ाएंगे, लॉजिस्टिक नेटवर्क में एकीकरण को मजबूत करेंगे और कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाएंगे। अदाणी ने कहा कि भारत अब भी सीमेंट खपत के शुरुआती चरण में है और इसकी प्रति व्यक्ति खपत वैश्विक औसत से कम होने से इस क्षेत्र में दीर्घकालिक वृद्धि की पर्याप्त संभावनाएं हैं।



- रेडी-मिक्स कंक्रीट कारोबार को मजबूत किया जाएगा
- कम उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर जोर

### समूह कई क्षेत्रों में काम कर रहा

*अदाणी ने कहा कि वृद्धि के इन कारकों के चलते निर्माण सामग्री से जुड़ी कंपनियों को पारंपरिक जिंस आपूर्तिकर्ता से आगे बढ़कर एकीकृत समाधान प्रदाता के रूप में विकसित होना होगा। उन्होंने कहा कि एसीसी और अदाणी समूह का सीमेंट कारोबार अब एक समन्वित औद्योगिक नेटवर्क के रूप में कार्य कर रहा है, जिसमें ऊर्जा, लॉजिस्टिक, बुनियादी ढांचा और डिजिटल क्षमताओं का एकीकरण शामिल है।*

### सेबी ने अनधिकृत मंचों पर शेयरों की खरीद-बिक्री को लेकर किया आगाह

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक मंचों या वेबसाइट के जरिये गैर-सूचीबद्ध सार्वजनिक हिस्सेदारी वाली कंपनियों के शेयरों की खरीद-बिक्री को लेकर निवेशकों को बुधवार को आगाह किया। बाजार नियामक ने बताया कि उसे कुछ ऐसे ऑनलाइन मंचों का पता चला है जो गैर-सूचीबद्ध सार्वजनिक हिस्सेदारी वाली कंपनियों की प्रतिभूतियों में लेनदेन की सुविधा दे रहे हैं, जिससे निवेशकों को बड़ा जोखिम हो सकता है। सेबी ने बयान में दिसंबर, 2024 और अगस्त, 2016 में जारी अपनी पुरानी चेतावनियों को दोहराते हुए कहा कि ऐसे मंच पर लेनदेन करना या संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी साझा करना सुरक्षित नहीं है।

# बीएमडब्ल्यू ने मिनी कंट्रीमैन सी पेश की

चेन्नई

लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने पेट्रोल इंजन से लैस मिनी कंट्रीमैन सी के स्थानीय रूप से 'असेंबल' किए गए मॉडल को बुधवार को पेश कर अपने प्रीमियम खंड का विस्तार किया। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरदीप सिंह बरार ने बताया कि इसकी शुरुआती (एक्स-शोरूम) कीमत 47.50 लाख रुपये रखी गई है। इसे पेश करने के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों के साथ बातचीत में चेन्नई स्थित बीएमडब्ल्यू संयंत्र के प्रबंध निदेशक थॉमस डोज ने कहा कि इस नए संस्करण की शुरुआत ब्रांड के लिए एक महत्वपूर्ण परिचालन उपलब्धि है। इसे प्रीमियम क्रॉसओवर श्रेणी 'कम्प्लीटली नॉक्ड डाउन' (सीकेडी) किट के माध्यम से यहां स्थानीय स्तर पर विनिर्मित किया जाएगा। सीकेडी वाहन वे होते हैं जिन्हें अलग-अलग हिस्सों एवं कलपुर्जों के रूप में आयात किया जाता है।



- शुरुआती कीमत 47.5 लाख रुपए
- कंपनी ने प्रीमियम खंड का विस्तार किया

### गोयल ने फ्रांस के नीस शहर में की यूपीआई की शुरुआत की



**नई दिल्ली।** भारत ने फ्रांस के नीस शहर में एक प्रतिष्ठित डिपार्टमेंटल स्टोर में एकीकृत भुगतान प्रणाली यूपीआई की शुरुआत की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 'गैलेरी लाफायेत' स्टोर में इस भुगतान सेवा की शुरुआत करते हुए कहा कि इससे भारत-फ्रांस के बीच आर्थिक एवं प्रौद्योगिकी सहयोग मजबूत होगा तथा दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि दुनिया के प्रमुख खुदरा बिक्री केंद्रों में से एक पर यूपीआई की शुरुआत इसके वैश्विक विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले 2024 में पेरिस स्थित एफिल टावर पर भी यूपीआई की शुरुआत की गई थी।

## लॉन्ग रेंज कैपिटल पिज्जा हट को 1.5 अरब डॉलर में खरीद रही

# बिकने जा रही पिज्जा हट चेन, 25,524 करोड़ रुपए में सौदा

नई दिल्ली

पिज्जा हट रेस्तरां चेन बिकने जा रही है। इसकी पैरेंट कंपनी यम ब्रांड्स 2.7 अरब डॉलर (करीब 25,524 करोड़ रुपए) में इसे बेचेगी। कंपनी ने हाल में इसे लेकर घोषणा की। उसने बताया कि निजी इक्विटी फर्म लॉन्ग रेंज कैपिटल चीन को छोड़कर पिज्जा हट को लगभग 1.5 अरब डॉलर में खरीद रही है।

मुख्य भूमि चीन में स्थित पिज्जा हट को यम चाइना होल्डिंग्स इंक. लगभग 1.2 अरब डॉलर में खरीदेगी। यम ब्रांड्स ने नवंबर में पिज्जा हट के लिए विकल्पों की तलाश को लेकर एक रणनीतिक समीक्षा शुरू की थी। कारण था कि चेन ने अपने समकक्ष स्टोरों के मुकाबले बिक्री में गिरावट दर्ज की थी। यम ब्रांड्स को उम्मीद है कि दोनों सौदे तीसरी तिमाही में पूरे हो जाएंगे।

### कमजोर पड़ी है पिज्जा कैटेगरी

वैश्विक स्तर पर पिज्जा कैटेगरी में उपभोक्ताओं की मांग पहले के मुकाबले कमजोर पड़ी है। इसके साथ ही महंगाई और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के कारण पिज्जा हट के प्रॉफिट मार्जिन पर लगातार दबाव बना हुआ था। कंपनी अब अपने कम प्रदर्शन वाले इस बिजनेस से अलग होकर अपने सबसे ज्यादा मुनाफा देने वाले ब्रांड्स- केएफसी और टाको बेल के विस्तार और टेक्नोलॉजी पर पूरा फोकस करना चाहती है। इस रणनीतिक सौदे से मिलने वाली रकम का इस्तेमाल कंपनी शेयरधारकों के लिए वैल्यू बढ़ाने और शेयर बायबैक करने में करेगी। वहीं, नया मैनेजमेंट पिज्जा हट को दोबारा पटरी पर लाने की कोशिश करेगा।




### क्यों बिकने जा रही है पिज्जा हट?

यम ब्रांड्स की ओर से पिज्जा हट को बेचने का मुख्य कारण बढ़ती महंगाई, कड़ी प्रतिस्पर्धा (जैसे डोमिनोज) और मांग में सुस्ती के चलते इसके घटते प्रॉफिट मार्जिन हैं। पिछले एक दशक में पिज्जा मार्केट में प्रतियोगिता बहुत ज्यादा बढ़ गई है। डोमिनोज और पापा जॉन्स जैसी प्रतिद्वंद्वी कंपनियों ने डिजिटल डिलीवरी, आक्रामक मार्केटिंग और फास्ट सर्विस के मामले में पिज्जा हट को काफी पीछे छोड़ दिया। इससे पिज्जा हट की बाजार हिस्सेदारी लगातार कम हो रही थी।

### 155 देशों में रेस्तरां संचालित करती है

कंपनी के सीईओ क्रिस टर्नर ने कहा, 'इन लेनदेन से कंपनी को अपने मुख्य कारोबार पर अधिक ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी।' इसके अलावा, यम ब्रांड्स के निदेशक मंडल ने अतिरिक्त चार अरब डॉलर के शेयर पुनर्खरीद प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। यम ब्रांड्स 155 देशों में 63,000 से अधिक रेस्तरां संचालित करती है। भारतीय बाजार में उसकी इकाई के 2,000 से अधिक आउटलेट विभिन्न फ्रेंचाइजी भागीदारों के साथ संचालित होते हैं।

### रियासत लाइफस्टाइल का आईपीओ आज खुलेगा




**मुंबई।** पारंपरिक परिधान कंपनी रियासत लाइफस्टाइल का 30.77 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 18 जून को खुलेगा। कंपनी ने इसके लिए 102-108 प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। बयान के अनुसार, कंपनी का आईपीओ बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर 18 जून को सार्वजनिक सदस्यता के लिए खुलेगा और 22 जून, 2026 को बंद होगा। कंपनी बुक-बिल्ट निर्गम प्रक्रिया के जरिये 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले 28,48,800 इक्विटी शेयर जारी करेगी और लगभग 30.77 करोड़ रुपये जुटाएगी।


फैंस ने किया मेस्सी का अभिवादन...

# मेस्सी की पहली विश्व कप हैट्रिक
## क्लोसे के 16 गोल के रिकॉर्ड की बराबरी



कंसास सिटी

लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप में पहली हैट्रिक लगाने के साथ मिरोस्लाव क्लोसे के सर्वाधिक 16 गोल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली, जिसके दम पर गत चैंपियन अर्जेंटीना ने ग्रुप चरण के पहले मैच में अल्जीरिया को 3-0 से हरा दिया।

- अर्जेंटीना ने अल्जीरिया को 3-0 से हराया
- मेस्सी के विश्वकप में 16 गोल

अब मेस्सी के 16 विश्व कप गोल हो गए हैं, जिससे वह जर्मनी के क्लोसे के साथ सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में बराबरी पर आ गए हैं। इंटर मियामी के अपने साथी रौद्रिगो डि पॉल के पास के दम पर मेस्सी ने शुरुआती मिनटों में पहला गोल दागा। दूसरा गोल दूसरे हाफ की शुरुआत में किया और तीसरा आखिरी मिनटों में दागा, जिसके बाद दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया।अर्जेंटीना के लिए सर्बिया और मोंटेनीग्रो के खिलाफ विश्व कप में पदार्पण के 20 साल बाद मेस्सी ने यह गोल दागा है। उन्होंने तब अपने पहले विश्व कप मैच में भी गोल किया था।

टूर्नामेंट से पहले ही लग रहा था कि वह क्लोसे का रिकॉर्ड तोड़ देंगे लेकिन पहले ही मैच में तीन गोल करके उन्होंने इसकी बराबरी कर ली। यह उनके कैरियर की 61वीं और अर्जेंटीना के लिए खेलते हुए 11वीं हैट्रिक है। विश्व कप में लगातार पांचवें मैच में मेस्सी ने गोल दागा है।

### नॉर्वे ने इराक को 4-1 से हराया
# विश्वकप डेब्यू में एर्लिंग हालैंड का कमाल, दागे शानदार दो गोल

फॉक्सबोरो

एर्लिंग हालैंड ने विश्व कप में पदार्पण करते हुए दो गोल दागे और एक में सहायता की जिसकी मदद से नॉर्वे ने ग्रुप वन के पहले मैच में इराक को 4-1 से हरा दिया। मैनचेस्टर सिटी के 26 वर्ष के स्ट्राइकर हालैंड के अब 57 अंतरराष्ट्रीय गोल हो गए हैं। नॉर्वे 1998 विश्व कप में अंतिम 16 में पहुंचने के बाद पहली बार फुटबॉल के इस महासमर में जगह बना सका है। हालैंड ने 29वें मिनट में पहला गोल किया जबकि ब्रेक से ठीक पहले दूसरा गोल दागा। नॉर्वे के लिए तीसरा गोल 76वें मिनट में मार्टिन ओडेगार्ड की कॉर्नर किक पर लियो ओस्टिगार्ड ने दागा । चौथा गोल क्रिस्टियन थोरस्वेट ने किया। वहीं 1986 में पदार्पण के बाद दूसरी बार ही विश्व कप खेल रहे इराक के लिये ऐमेन हुसैन ने एकमात्र गोल किया।



## आस्ट्रिया की 36 साल बाद पहली जीत, जोर्डन को 3-1 से हराया

सांता क्लारा। आस्ट्रिया ने विश्व कप में 36 साल बाद पहली जीत दर्ज करते हुए जोर्डन को 3-1 से हराया। जोर्डन के डिफेंडर यजान अल अरब के आत्मघाती गोल से आस्ट्रिया को 76वें मिनट में 2-1 से बढत मिली। स्टॉपेज टाइम में अनुभवी स्ट्राइकर मार्को अर्नाटोविच ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके बढत 3-1 की कर दी। आस्ट्रिया पिछले छह विश्व कप में क्वालीफाई नहीं कर सका। आस्ट्रिया के लिए रोमानो शमिड ने 20वें मिनट में गोल दागा। वहीं अली ओल्वान ने 50वें मिनट में जोर्डन के लिए बराबरी का गोल किया। जोर्डन अब सोमवार को अल्जीरिया से खेलेगा जबकि आस्ट्रिया का सामना उसी दिन लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना टीम से होगा।

## नेमार ने किया टीम के साथ किया अभ्यास

मौरिसटाउन। दाहिने पैर की चोट से उबर रहे नेमार ने ब्राजील की विश्व कप टीम के साथ पहली बार अभ्यास किया। वह पूरी रफ्तार से नहीं खेले और न्यूयार्क के बाहर टीम के अभ्यास शिविर में अनुकूलन पर ही फोकस रखा। उनका टेस्ट कराया गया है ताकि पता चल सके कि चोट की क्या स्थिति है। उन्हें 17 मई को ब्राजील के सांतोस क्लब के लिए खेलते हुए चोट लगी थी। चौथा विश्व कप खेल रहे 34 वर्ष के नेमार ने अभी तक पूरे अभ्यास सत्र में भाग नहनीं लिया है। वह हैती के खिलाफ शुक्रवार को पहला मैच नहीं खेलेंगे। पांच बार की चैंपियन ब्राजील टीम ने ग्रुप सी के पहले मैच में मोरक्को से 1-1 से ड्रॉ खेला था।



## दो गोल, दो रिकॉर्ड : एमबाप्पे ने पेले और गिरोड को पछाड़ा
### फ्रांस ने सेनेगल को 3-1 से हराया

ईस्ट रदरफोर्ड। फ्रांस के काइलियान एमबाप्पे ने विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने वालों की सूची में ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले को पीछे छोड़ दिया है। सेनेगल के खिलाफ फ्रांस के विश्व कप मैच एमबाप्पे ने दो गोल दागे, जिसके दम पर उनकी टीम ने 3-1 से जीत दर्ज की। फ्रांस के लिए 58 गोल करके उन्होंने ओलिवियर गिरोड का फ्रेंच रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। तीसरा विश्व कप खेल रहे 27 वर्ष के एमबाप्पे ने विश्व कप गोल के मामले में पेले और फ्रांस के जस्ट फोंटेन को पछाड़ा। वह जर्मनी के गर्ड म्यूलेर साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर और ब्राजील के रोनाल्डो से एक गोल पीछे हैं। एमबाप्पे फ्रांस की 2018 विश्व कप में खिताबी जीत और 2022 में फाइनल तक ले जाने के सूत्रधार रहे। उन्होंने रीयाल मैड्रिड के लिए पिछले सत्र में 25 गोल दागे हैं। एमबाप्पे ने मैच के बाद कहा,' मैं इतिहास रचने और अपनी टीम को विश्व कप जीतने में मदद करने के लिए खेलता हूं।'

खबर संक्षेप





### पिकलबॉल विश्व कपः जूनियर टीम के कप्तान बने अर्जुन और वीर

मुंबई। अर्जुन सिंह और वीर शाह को इस साल के आखिर में होने वाले पिकलबॉल विश्व कप के लिए क्रमशः अंडर-18 और अंडर-14 वर्ग में भारतीय कप्तान चुना गया। विश्व कप वियतनाम के दा नांग में 30 अगस्त से 6 सितंबर के बीच खेला जाएगा। अहमदाबाद में 12 से 14 जून तक हुए आधिकारिक चयन ट्रायल के बाद टीम का ऐलान किया गया। अंडर-18ः अर्जुन सिंह, आदित्य सिंह, नाओमी अमलसादीवाला, देव शाह, पूर्वांश पटेल, विवान पटेल, अश्रिता राजू और दीया मट्टीपति। अंडर-14ः वीर शाह, विरंश चोपड़ा, आरिन बल्लानी, माहिका राठौड़, मानसी कार्तिक और आश्रिता एस।

### लीग ऑफ लीजेंड्स टीम ने किया क्वालीफाई

नई दिल्ली। एस8यूएल ईस्पोर्ट्स की 'लीग ऑफ लीजेंड्स' टीम ने जापान के आइजी-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए क्वालीफाई कर लिया है।



इस टीम में अक्षज शेनॉय, आकाश शांडिल्य, सानिध्य मलिक, मिहिर रंजन, अहमद शाहिद और राहुल बिष्ट शामिल हैं। एशियाई खेल 2026 के लिए आधिकारिक राष्ट्रीय क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट 'राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप' 2026 में शानदार जीत के बाद टीम ने क्षेत्रीय क्वालीफायर में जगह बनाई थी। ईस्पोर्ट्स 2022 के हांग्झोउ चरण में पदक स्पर्धा बना था और जापान में इसमें 11 स्वर्ण पदक दांव पर होंगे। क्षेत्रीय क्वालीफायर में 14 टीम दो चरण वाले प्रारुप में खेली थीं। ग्रुप बी में शामिल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जॉर्डन, श्रीलंका और कजाखस्तान को हराया।

# प्वाइंट्स टेबल में भारत 'नंबर-1' अफगानिस्तान-ए को दी शिकस्त

दांबुला

भारत-ए ने रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए त्रिकोणीय सीरीज के पांचवें मैच को 101 रन से अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारतीय टीम प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है। भारत ने 4 में से 2 मैच अपने नाम किए हैं। इस टीम का नेट रन रेट +0.797 है। वहीं, 3 मुकाबलों में 2 जीत के साथ श्रीलंका (+0.494 नेट रन रेट) दूसरे स्थान पर है। अफगानिस्तान (-1.983 नेट रन रेट) 3 में से 2 मैच गंवाकर तीसरे पायदान पर मौजूद है।

### सूर्यवंशी और आर्य ने दिलाई मजबूत शुरुआत

बुधवार को टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 319 रन बनाए। भारत को वैभव सूर्यवंशी और प्रियांश आर्य की सलामी जोड़ी ने मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 48 गेंदों में 75 रन जोड़े। वैभव 28 गेंदों में 2 छक्कों और 4 चौकों के साथ 38 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद प्रियांश ने ऋतुराज गायकवाड़ के साथ दूसरे विकेट के लिए 41 गेंदों में 40 रन जुटाए। प्रियांश 42 गेंदों में 10 बाउंड्री के साथ 58 रन बनाकर पवेलियन लौटे। कुछ देर बाद टीम ने गायकवाड़ (30) का विकेट भी खो दिया।

### भारत ए ने बनाए 9 विकेट खोकर 319 रन



### तिलक और कुशाग्र ने की 104 रन की साझेदारी

भारतीय टीम 129 के स्कोर तक अपने 3 विकेट खो चुकी थी। यहां से कप्तान तिलक वर्मा ने कुमार कुशाग्र के साथ चौथे विकेट के लिए 104 रन जुटाकर टीम को दोहरे शतक के पार पहुंचा दिया। तिलक वर्मा ने टीम के खाते में 59 रन का योगदान दिया, जबकि कुशाग्र 58 रन बनाकर आउट हुए। इनके अलावा, विपराज निगम ने 30 रन और निशांत संधू ने नाबाद 21 रन की पारी खेली। विपक्षी खेमे से फरीदून दाउदजाई, अब्दुल्ला अहमदजई और फरमानुल्लाह सफी ने 2-2 विकेट निकाले। जहीर खान को 1 विकेट हाथ लगा।

### अफगान टीम 36.5 ओवरों में महज 218 रन पर सिमटी

इसके जवाब में अफगान टीम 36.5 ओवरों में महज 218 रन पर सिमट गई। कप्तान इमरान मीर (32) ने छोटी-छोटी साझेदारियां करते हुए टीम को 9.4 ओवरों में 70/3 के स्कोर तक पहुंचाया। यहां से बहिर शाह ने फैजल शिनोजादा के साथ चौथे विकेट के लिए 87 रन जुटाकर टीम को 157 के स्कोर तक पहुंचाया। फैजल 56 गेंदों में 3 बाउंड्री के साथ 46 रन बनाकर आउट हुए, जबकि बहिर शाह ने 5 बाउंड्री के साथ 57 रन की पारी खेली। इनके अलावा, मोहम्मद इशाक ने 16 रन और फरमानुल्लाह सफी ने 17 रन बनाए, लेकिन हार के अंतर को कम नहीं कर सके।

# महिला टी20 विश्व कप : 63 गेंद पहले 9 विकेट से जीती ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश पस्त

लीड्स

महिला टी20 विश्व कप 2026 में बुधवार को खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के सामने बांग्लादेश ने पूरी तरह सरेंडर कर दिया। बांग्लादेश की टीम को 63 गेंद पहले ही 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया की दूसरे मैच में दूसरी जीत है, जबकि बांग्लादेश की दूसरे मैच में पहली हार।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। ऑस्ट्रेलिया ने अपने कप्तान सोफी मोलिन्यूक्स के फैसले



को सही साबित किया और बांग्लादेश को 20 ओवर में 8 विकेट पर 77 रन पर रोक दिया। बांग्लादेश की तरफ से सर्वाधिक 27 रन कप्तान निगार सुल्ताना ने बनाए। 47 गेंदों की पारी में निगार ने 2 चौके लगाए। रितू मोनी 26 गेंदों पर 16 रन बनाकर दूसरी श्रेष्ठ स्कोरर रहीं। इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दो अंकों में नहीं पहुंच सकीं। 78 रनों का मामूली लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया ने 1 विकेट के नुकसान पर 9.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। जॉर्जिया वॉल 32 गेंदों पर 1 छक्का और 6 चौके की मदद से 45 रन बनाकर नाबाद रहीं।

### बर्लिन ओपनः युगल मैच हारी सेरेना

बर्लिन। विम्बलडन में वापसी से पहले सेरेना विलियम्स बर्लिन ओपन टेनिस में युगल वर्ग के पहले मैच में हार गई। सेरेना और कैरोलिना मुचोवा की जोड़ी को जियुलियाना ओल्मोस और एरिन राउटलिफे ने 6-4, 6-4 से हराया। सेरेना ने अमेरिकी ओपन 2022 के बाद पहली बार पिछले सप्ताह क्वींस क्लब पर वापसी की थी, जहां उन्होंने पहला मुकाबला जीता। अपनी जोड़ीदार विक्टोरिया एमबोको के चोटिल होने के बाद उन्हें पीछे हटना पड़ा। 44 वर्ष की सेरेना अपनी बड़ी बहन वीनस के साथ विम्बलडन महिला युगल खेलेंगी, जिन्हें वाइल्ड कार्ड के जरिए प्रवेश मिला है।



## ब्रिटेन का दौरा करेगी भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम

नई दिल्ली

भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम 5 से 14 जुलाई तक ब्रिटेन का दौरा करके सात मैच खेलेगी, जिनमें दो मैच स्कॉटलैंड की सीनियर टीम के खिलाफ होंगे। भारतीय टीम इंग्लैंड अंडर 21, अमेरिका अंडर 21 और बेल्जियम अंडर 21 टीमों के खिलाफ खेलेगी।

आस्ट्रेलिया के टिम व्हाइट को कोच बनाए जाने के बाद भारतीय जूनियर टीम का यह पहला बड़ा दौरा होगा। भारतीय टीम एडिनबर्ग में स्कॉटलैंड की सीनियर टीम के खिलाफ पांच और छह जुलाई को खेलेगी। इसके बाद इंग्लैंड में अमेरिका की अंडर 21 टीम के खिलाफ आठ और 11 जुलाई को,



इंग्लैंड अंडर 21 टीम के खिलाफ नौ और 12 जुलाई को और बेल्जियम अंडर 21 टीम के खिलाफ 14 जुलाई को खेलेगी। कोच व्हाइट ने कहा ,' इस दौरा अच्छी अंतरराष्ट्रीय टीमों के खिलाफ अनुभव लेने और अलग शैली की हॉकी खेलने का सुनहरा मौका है।

## पहला टी20 : ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट से बांग्लादेश को हराया
### जांपा-डेविस ने लिए 6 विकेट

चट्टोग्राम

ऑस्ट्रेलिया ने बीर श्रेष्ठो फ्लाइट लेफ्टिनेंट मतीउर रहमान स्टेडियम में बांग्लादेश के विरुद्ध टी20 सीरीज के पहले मैच को 4 विकेट से अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलिया की जीत में एडम जांपा और जोएल डेविस का अहम योहदान रहा, जिन्होंने मिलकर 6 विकेट हासिल किए।

मेहमान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। वनडे सीरीज 1-2 से गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम



बांग्लादेश के दौरे पर टी20 सीरीज जीतकर अपनी लाज बचाना चाहेगी। टी20 सीरीज के अगले दो मुकाबले 19 और 21 जून को इसी मैदान पर खेले जाने हैं।

### नेशंस कप : भारतीय टीम पूल ए में छह अंक के साथ शीर्ष पर
# आज उरुग्वे के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेगा भारत

आकलैंड

सेमीफाइनल में जगह पक्की होने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम अब बिना किसी दबाव के गुरुवार को आखिरी लीग मैच में उरुग्वे के खिलाफ भी जीत की लय कायम रखने के इरादे से उतरेगी।

भारतीय टीम पूल ए में दो मैचों में छह अंक के साथ शीर्ष पर है और अंतिम चार में पहुंच चुकी है। उसने अमेरिका को 3-2 और जापान को 2-1 से हराया।



एफआईएच प्रो लीग के अगले सत्र में जगह बनाने के लिए भारत को नेशंस कप हर हालत में जीतना है। पिछले साल भारतीय टीम प्रो लीग से बाहर होकर एफआईएच नेशंस कप में खिसक गई थी । पिछले सत्र में 16 मैचों में सिर्फ दस अंक लेकर भारत प्रो लीग में आखिरी स्थान पर रहा था । आठ देशों के एफआईएच नेशंस कप की विजेता टीम अगले साल प्रो लीग में जगह बनायेगी ।

### भारत का पलड़ा उरुग्वे पर भारी

विश्व रैंकिंग में नौंवे स्थान पर काबिज भारत का पलड़ा 17वीं रैंकिंग वाली उरुग्वे पर भारी होगा, जिसे पहले दोनों मैचों में पराजय का सामना करना पड़ा है। भारत ने दो मैचों में पांचों गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए। दीपिका दो गोल कर चुकी है जबकि नवनीत कौर, सलीमा टेटे और लालरेम्सियामी ने एक-एक गोल किया है। भारत के कोच शोर्ड मारिन को अपने सभी स्ट्राइकर से मैदानी गोल की उम्मीद होगी और यह मैच अच्छा मौका है।

### नया संयोजन आजमाना चाहेंगे कोच

इस साल होने वाले विश्व कप और एशियाई खेलों को देखते हुए कोच नया संयोजन भी आजमाना चाहेंगे। दो मैचों में तीन गोल गंवा चुके भारतीय डिफेंस को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। मारिन ने कहा,' इस तरह के टूर्नामेंटों में छोटे-छोटे पल बड़ा अंतर पैदा कर देते हैं। हमें अनुशासित प्रदर्शन करते हुए मौकों को भुनाना होगा। यहां अच्छे नतीजे हासिल करना ही लक्ष्य नहीं है बल्कि भविष्य के लिये मजबूत नींव भी तैयार करनी होगी।'

# ओंकारेश्वर में 38 साल बाद देश की राष्ट्राध्यक्ष करेंगी पूजा, हेलीकॉप्टर से आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी

**खंडवा।** देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार दोपहर तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर पहुंचीं. राष्ट्रपति के आगमन को लेकर प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पहले से ही व्यापक तैयारियां की गई थीं. राष्ट्रपति अपने प्रस्तावित प्रवास के दौरान भगवान ओंकारेश्वर और ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन-पूजन करेंगी. उसके बाद विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी. राष्ट्रपति के आगमन को लेकर पूरे ओंकारेश्वर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला और नागरिकों ने उनका स्वागत किया.




**एनएचडीसी गेस्ट हाउस में की गई है राष्ट्रपति के विश्राम की व्यवस्था**

राष्ट्रपति का काफिला लगभग 60 वाहनों के साथ निर्धारित मार्ग से एनएचडीसी गेस्ट हाउस पहुंचा, जहां उनके विश्राम की व्यवस्था की गई है. शाम 6:20 बजे वह ओंकारेश्वर-ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर पहुंचकर दर्शन, पूजन और संध्या आरती में शामिल होंगी. रात्रि विश्राम भी एनएचडीसी गेस्ट हाउस में ही होगा. राष्ट्रपति के दौरे को लेकर ओंकारेश्वर नगर में कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं. सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस, विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) सहित विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के जवान तैनात किए गए हैं. प्रमुख मार्गों, घाटों, मंदिर परिसर और कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा बलों की विशेष निगरानी रही.

**ओंकारेश्वर में 38 साल बाद किसी राष्ट्रपति का आगमन**

राष्ट्रपति का यह दौरा इसलिए भी विशेष है क्योंकि किसी राष्ट्रपति का लगभग 38 साल बाद ओंकारेश्वर में आगमन हो रहा है. इससे पहले वर्ष 1988 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. आर. वेंकटरमण ने ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए थे. सन 1988 में डॉ. आर. वेंकटरमण तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह के साथ आदि गुरु शंकराचार्य जयंती समारोह में शामिल होने पहुंचे थे. राष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर प्रशासन की तरफ से यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए कई स्थानों पर रूट डायवर्जन भी लागू किया गया है. इस दौरान नगर के विभिन्न मार्गों पर आम लोगों की आवाजाही नियंत्रित रखी गई, जबकि सुरक्षा कारणों से संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी की गई. राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर कोठी हेलीपैड पर उतरा, जहां जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र भावसिंह लोधी और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया.

# भारत-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट 15 जुलाई से लागू: 99% भारतीय उत्पाद होंगे ड्यूटी-फ्री

एजेंसी

**लंदन।** भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच बहुप्रतीक्षित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट 15 जुलाई 2026 से पूर्ण रूप से लागू होने जा रहा है। 'कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट' के नाम से जानी जाने वाली यह डील दोनों देशों के बीच व्यापारिक बाधाओं को कम करने और आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का एक बड़ा कदम है।

**भारतीय निर्यातकों के लिए बड़ी राहत**

इस समझौते का सबसे बड़ा लाभ भारतीय निर्यातकों को मिलने वाला है। अब भारत के लगभग 99%



उत्पादों को यूके के बाजार में ड्यूटी-फ्री यानी बिना किसी सीमा शुल्क के प्रवेश मिलेगा। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय सामानों की कीमत कम होगी और प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी। विशेष रूप से टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग, फूड सेक्टर और एमएसएमई कंपनियों के लिए यह डील विकास के नए दरवाजे खोलेगी।


**घरेलू हितों की पूर्ण सुरक्षा**

सरकार ने इस डील में भारतीय अर्थव्यवस्था के संवेदनशील क्षेत्रों का विशेष ध्यान रखा है। डेयरी सेक्टर, चावल, चीनी और एथेनॉल जैसे क्षेत्रों को इस समझौते के दायरे से बाहर रखा गया है या उन्हें विशेष सुरक्षा दी गई है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी प्रकार की रियायत से हमारे घरेलू उद्योगों पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े। इस एग्रीमेंट के साथ ही भारत और यूके के बीच 'डबल कॉन्ट्रिब्यूशन कन्वेंशन' भी लागू हो जाएगा। इसके तहत यूके में काम करने वाले भारतीयों को अब दोहरे टैक्स के बोझ से मुक्ति मिलेगी। साथ ही, उनकी कमाई का एक हिस्सा सीधे भारत के EPFO में जमा हो सकेगा।

# 'इट्स साइन्ड'- पैलेस ऑफ वर्सेलिस में डिनर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति अडोनाल्ड ट्रंप ने की समझौते की घोषणा

एजेंसी

**फ्रांस।** फ्रांस के पैलेस ऑफ वर्सेलिस में आयोजित एक विशेष डिनर के दौरान अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते की पुष्टि करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आधिकारिक रूप से 'इट्स साइन्ड' कहकर इसकी घोषणा की। इससे पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरान के मुख्य वातार्कार मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने इस एमओयू पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से हस्ताक्षर किए थे, जिसके बाद दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने इस पर अपनी अंतिम मुहर लगा दी। इस समझौते के तहत ईरान को अंतरराष्ट्रीय आर्थिक प्रतिबंधों से राहत मिलेगी। ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, तेहरान अब बिना किसी वैश्विक प्रतिबंध, परिवहन या बीमा अड़चनों के अपने कच्चे तेल की बिक्री कर सकेगा। इसके साथ ही, तेल निर्यात से होने वाली आय तक ईरान की सीधी पहुंच बहाल होगी। अमेरिका विभिन्न अंतरराष्ट्रीय बैंकों में ईरान की फ्रीज की गई वित्तीय संपत्तियों के मार्ग में मौजूद सभी कानूनी बाधाओं को तत्काल प्रभाव से हटाने पर सहमत हो गया है।



**अमेरिका-ईरान के बीच हस्ताक्षरित 14 सूत्रीय समझौता**

अमेरिका ईरान और इस युद्ध में शामिल उनके साथी देश, इस समझौते पर दस्तखत करके लेबनान सहित सभी मोर्चों पर लड़ाई और सैन्य कार्यवाहियों को तुरंत और हमेशा के लिए रोकने का ऐलान करते हैं। वे वादा करते हैं कि अब से वे एक-दूसरे के खिलाफ कोई युद्ध या हमला शुरू नहीं करेंगे, न ही एक-दूसरे को डराएंगे या ताकत का इस्तेमाल करेंगे। वे लेबनान की सीमाओं और उसकी आजादी की रक्षा करेंगे। आखिरी समझौते में भी इन सभी बातों की पक्की पुष्टि की जाएगी। अमेरिका और ईरान एक-दूसरे की आजादी और सीमाओं का सम्मान करने और एक-दूसरे के घरेलू या अंदरूनी मामलों में दखल न देने का वादा करते हैं।

अमेरिका और ईरान आपस में बातचीत करके ज्यादा से ज्यादा 60 दिनों के भीतर आखिरी फैसला करने का वादा करते हैं। अगर दोनों देश चाहें, तो इस समय को आगे भी बढ़ा सकते हैं। इस समझौते पर दस्तखत होते ही, अमेरिका ईरान के खिलाफ की गई अपनी समुद्री घेराबंदी और रास्ते की रुकावटों को हटाना शुरू कर देगा, और 30 दिनों के भीतर इस घेराबंदी को पूरी तरह खत्म कर देगा। इस दौरान, जहाजों का आना-जाना उसी रफ्तार से शुरू होगा जैसा युद्ध से पहले था। इसके अलावा, अमेरिका आखिरी समझौता होने के 30 दिनों के भीतर ईरान के आस-पास के इलाकों से अपनी सेनाएं भी हटा लेगा।

इस समझौते पर दस्तखत होते ही, ईरान अपनी तरफ से पूरी कोशिश करेगा कि व्यापारिक जहाज बिना किसी टैक्स के 60 दिनों तक फारस की खाड़ी से ओमान सागर तक सुरक्षित आ-जा सकें। व्यापारिक जहाजों का आना-जाना तुरंत शुरू होगा। तकनीकी और सैन्य रुकावटों को हटाने व समुद्री बारूदी सुरंगों को साफ करने के लिए ईरान को जो समय चाहिए, उसे देखते हुए इसे 30 दिनों के भीतर पूरी तरह चालू कर दिया जाएगा।

अमेरिका अपने क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर ईरान को दोबारा बसाने और उसकी अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए कम से कम 300 अरब डॉलर की एक पक्की योजना बनाएगा। इस योजना को कैसे लागू किया जाएगा, इसका तरीका 60 दिनों के भीतर आखिरी समझौते में तय होगा। इस पैसे के लेन-देन के लिए जितने भी जरूरी लाइसेंस और मंजूरियों की जरूरत होगी, वे सब अमेरिका देगा।

अमेरिका आखिरी समझौते के तहत तय समय के अनुसार ईरान पर लगे हर तरह के प्रतिबंधों को पूरी तरह खत्म करने का वादा करता है। इसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी और अमेरिका द्वारा अकेले लगाए गए सभी सीधे और अप्रत्यक्ष प्रतिबंध शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबर

### दिल्ली सरकार का बड़ा फैसला: पूर्व अग्निवीरों को ग्रुप-सी सरकारी नौकरियों में मिलेगा 20 प्रतिशत रिजर्वेशन

**नयी दिल्ली।** अग्निवीरों के लिए एक राहतभरी खबर सामने आई है। दरअसल इस साल के अंत यानी दिसंबर 2026 में रिटार्ड होने वाले अग्निवीरों के लिए दिल्ली सरकार ने बड़ा फैसला लिया है।




ऐसा कहा जा रहा है कि सरकार पूर्व अग्निवीरों को अपनी सरकारी नौकरियों में 20 प्रतिशत का आरक्षण देगी। सरकार के इस फैसले के बाद युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते भी ओपन होंगे। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली सरकार के इस फैसले के तहत ग्रेड-सी की सरकारी नौकरियों में अग्निवीरों को यह कोटा दिया जाएगा। वहीं पूर्व अग्निवीरों को दिल्ली पुलिस कांस्टेबल, फायरमैन, जेल वार्डन, फॉरेस्ट गार्ड और वाइल्डलाइफ गार्ड जैसी खास तरह के पद पर काम करने का मौका मिलेगा। खासतौर से दिल्ली पुलिस और दिल्ली फायर सर्विस जैसे बड़े और जरूरी विभागों में खाली पड़े पदों पर अग्निवीरों की सीधी भर्ती की जाएगी। अग्निवीरों को सरकारी नौकरी के लिए किसी तरह की पेरशानियों का सामना ना करना पड़े, इसके लिए भी नियमों को काफी आसान कर दिया गया है। पूर्व अग्निवीरों को अधिकतम आयु सीमा में अच्छी छूट दी जाएगी, जिससे ज्यादा से ज्यादा युवा आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठकों में फायर विभाग के खाली पदों, खासकर ह्यफायर ऑपरेटरह्न की भर्ती को जल्द पूरा करने के लिए पूर्व अग्निवीरों की नियुक्ति का एक बड़ा प्रस्ताव भी पास किया गया है। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल के पदों पर अग्निवीरों को शामिल करने के लिए भर्ती के नियमों में भी बदलाव किया गया है। अग्निवीरों को फिजिकल टेस्ट में भी खास तरह की छूट दी जाएगी, ताकि वे देश सेवा में अपना जरूरी योगदान दें सकें।

### इस्लामाबाद मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर मोदी सरकार की विदेश नीति की विफलता : कांग्रेस



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने अमेरिका-ईरान के बीच इस्लामाबाद मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर साइन करने को लेकर मोदी सरकार पर हल्ला बोला है. कांग्रेस ने इसे प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की विफलता करार दिया है. अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद कांग्रेस ने आज गुरुवार को सरकार की तीखी आलोचना की. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का लगातार तुष्टिकरण करना शर्मनाक और राष्ट्रविरोधी है. जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि अमेरिका-ईरान के बीच 14 सूत्रीय इस्लामाबाद मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग आधिकारिक रूप से जारी कर दिया गया है. कहा कि इस समझौते का नाम इस्लामाबाद मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) रखा जाना ही इस बात का सबूत है कि पाकिस्तान की क्षेत्रीय प्रतिष्ठाऔर वैश्विक प्रभाव बढ़ रहा है. जयराम रमेश ने पाकिस्तान का जिक्र करते हुए कहा, यह वही देश है जिसे नवंबर 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद डॉ मनमोहन सिंह ने वैश्विक मंच पर अलग-थलग कर दिया था. श्री रमेश ने इस्लामाबाद मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग का जिक्र कर दावा किया कि यह प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की दिशा और कार्यप्रणाली दोनों के लिए एक गंभीर झटका है. पाकिस्तान अब पश्चिम एशिया की भू-राजनीतिक और सुरक्षा संरचना में पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली हो चुका है. इस घटनाक्रम का भारत के लिए गंभीर और दूरगामी परिणाम हो सकता हैं, जयराम रमेश ने कहा, यह एमओयू ईरान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और अप्रत्याशित उपलब्धियों वाला है. ईरान ने अपनी दृढ़ता और सहनशक्ति का प्रदर्शन किया है.

### उमर अब्दुल्ला ने विपक्षी सांसदों के पाला बदलने पर जताई चिंता, अपने एमपी के एनडीए में जाने के सवाल का भी दिया जवाब

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के सांसद केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार का समर्थन नहीं करेंगे। हम आपको बता दें कि लोकसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस के दो और राज्यसभा में तीन सदस्य हैं। तृणमूल कांग्रेस के 22 और शिवसेना यूबीटी के छह सांसदों द्वारा केंद्र सरकार का समर्थन किए जाने की खबरों पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में अब्दुल्ला ने कहा कि वे ऐसा क्यों कर रहे हैं, इस पर वह कोई टिप्पणी नहीं कर सकते। उमर अब्दुल्ला ने बांदीपुरा में पत्रकारों से बातचीत में कहा, इस सवाल का जवाब न तो मैं दे सकता हूं और न ही आप।" अब्दुल्ला ने बांदीपुरा में पत्रकारों से बातचीत में कहा, "मैं कैसे कह सकता हूं कि द्रमुक या शिवसेना के सांसद क्या करेंगे? यह उन पर निर्भर करता है। यह उनकी अंतरात्मा पर निर्भर करता है। उनकी अंतरात्मा उन्हें जहां तक ले जाएगी, वे वहां तक जाएंगे। अब्दुल्ला ने कहा, ह्यह्यजहां तक नेकां के सांसदों का सवाल है, हम भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार का कभी समर्थन नहीं करेंगे। हम आपको यह भी बता दें कि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आज गांदरबल स्थित खीर भवानी मंदिर में पूजा-अर्चना की। बाद में मीडिया से बातचीत में उमर अब्दुल्ला ने कहा, 22 जून को खीर भवानी मेले का शुभ अवसर है। दुनिया भर से लोग देवी के दर्शन करने और उनका आशीर्वाद लेने के लिए यहां इकट्ठा होंगे। यहां का विधायक होने के नाते, मैं यह देखने आया हूं कि व्यवस्थाएं कैसी हैं, क्या तैयारियां की जा रही हैं और क्या काम बाकी है। यहां के पुजारियों से बात करने के बाद मुझे पता चला है कि 2-3 चीजों की जरूरत है। हम 22 जून से पहले इन कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे।

### भाजपा सांसद कंगना रनौत पर आपत्तिजनक टिप्पणी

**प्रतापगढ़ :** बॉलीवुड अभिनेत्री और हिमाचल से भाजपा सांसद कंगना रनौत पर आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर की गई है. टिप्पणी के साथ सपा विधायक डॉ. आरके वर्मा का नाम लिखा है. स्थानीय भाजपा नेता की शिकायत पर सपा विधायक के प्रतापगढ़ साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज हो गई है. पुलिस ने प्रतापगढ़ की रानीगंज विधानसभा सीट से विधायक आरके वर्मा पर केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है. पोस्ट से जुड़े डिजिटल साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं. पोस्ट 17 जून 2026 की है. इसमें कंगना रनौत के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया. पोस्ट सामने आने के बाद राजनीतिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई. भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अंशमान सिंह ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की. आरोप लगाया कि एक जनप्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक मंच पर किसी महिला सांसद के खिलाफ इस तरह की भाषा का प्रयोग महिला सम्मान के विपरीत है और इससे समाज में गलत संदेश जाता है. शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस ने बीएनएस की धारा 352 और आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज किया है.

# राहुल गांधी का आरोप, मोदी सरकार ने सरकारी शिक्षा को कमजोर कर निजी शिक्षा, कोचिंग व्यवस्था को बढ़ावा दिया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने नीट परीक्षा लीक को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा. राजस्थान के कोटा में बुधवार को आयोजित छात्रों की गूंज महारैली उन्होंने अपने विचार रखते हुए देश की वर्तमान शिक्षा व्यवस्था, प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार के सब्जेक्ट्स पर केंद्र की मोदी सरकार पर हल्ला बोला. राहुल गांधी ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हजारों छात्रों और उनके अभिभावकों के दावा किया कि भारत की मौजूदा शिक्षा व्यवस्था छात्रों के सपने पूरे नहीं करती. यह शिक्षा छात्रों के लिए आर्थिक बोझ डालने वाली व्यवस्था बन गयी है. लगभग एक घंटे तक चले संवाद कार्यक्रम को राहुल गांधी ने गैर-राजनीतिक करार दिया. कहा कि संवाद का उद्देश्य सिर्फ छात्रों की समस्याओं, चुनौतियों और आशंकाओं पर चर्चा करना है. राहुल ने आरोप लगाया कि मौजूदा शिक्षा व्यवस्था रोजगार की दिशा में नहीं ले जाती. यह देश के युवाओं को उनकी रुचि और क्षमता के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराने में विफल साबित हुई है. अपनी बात रखते हुए राहुल गांधी ने दावा किया कि देश में केवल 1.2 प्रतिशत युवाओं को ही नौकरी मिल पाती है. राहुल गांधी ने आकलन करते हुए कहा कि लगभग 22 लाख छात्र नीट परीक्षा में शामिल होते हैं, इस परीक्षा की तैयारी पर उनके परिवार लगभग 1.32 लाख करोड़ रुपये खर्च करते हैं. यह राशि केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय के वार्षिक बजट के बराबर है.



इस क्रम में राहुल गांधी ने यह दावा भी किया कि नीट, जेई, यूपीएससी, एसएससी और आरआरबी जैसी प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर छात्रों और उनके परिवारों का कुल खर्च लगभग 3.5 लाख करोड़ रुपये है. यह राशि शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालयों के संयुक्त बजट के बराबर बैठती है. राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने सरकारी शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर निजी शिक्षा और कोचिंग व्यवस्था को बढ़ावा दिया है. महंगे निजी स्कूलों, कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों में भारी खर्च के बावजूद युवाओं को रोजगार की कोई गारंटी नहीं मिलती.दावा किया कि देश में 100 इंजीनियरों में से 80 बेरोजगार हैं. श्री गांधी ने नीट अभ्यर्थी आकांक्षा की आत्महत्या की बात उठाई.

# यूपी में मदरसों पर बड़ा एक्शन, एसआईटी रिपोर्ट में 13,000 अवैध मदरसे चिन्हित, 225+ सील; फजीवाड़े पर एफआईआर

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मदरसा शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता, वित्तीय अनियमितताओं की जांच और अवैध रूप से संचालित संस्थानों पर कार्रवाई को लेकर पिछले कुछ वर्षों में व्यापक अभियान चलाया गया है। राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल, विजिलेंस जांच और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सर्वेक्षणों के आधार पर हजारों मदरसों की जांच की गई, जिनमें कई मामलों में फर्जी दस्तावेज, वित्तीय अनियमितताएं और बिना मान्यता संचालन के आरोप सामने आए। वर्ष 2022-23 में मदरसा आधुनिकीकरण योजना और मदरसा पोर्टल पर अपलोड किए गए दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन शुरू किया गया। जांच के दौरान कई जिलों में रिकॉर्ड और वास्तविक स्थिति में अंतर पाया गया। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेशों और विभागीय जांच के दौरान




आजमगढ़ समेत कई जिलों में ऐसे मदरसे सामने आए जो केवल कागजों पर संचालित हो रहे थे। जांच रिपोर्ट के अनुसार अकेले आजमगढ़ में 219 मदरसे संदिग्ध पाए गए।

**फर्जी दस्तावेज और एफआईआर का मामला**

जांच एजेंसियों ने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में मदरसा प्रबंधकों और विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी अनुदान और मौलवियों के मानदेय का भुगतान कराया गया। इन मामलों में भारतीय दंड संहिता की धारा 409 (आपराधिक न्यास भंग), 420 (धोखाधड़ी), 467, 468 और 471 (जालसाजी और फर्जी दस्तावेजों के उपयोग) के तहत एफआईआर दर्ज की गई हैं। विभागीय स्तर पर कई कर्मचारियों और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ निलंबन एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की गई। राज्य सरकार ने अक्टूबर 2023 में अवैध फंडिंग और बिना मान्यता संचालित मदरसों की जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन किया। इस टीम की अगुवाई ADG (ATS) मोहित अग्रवाल ने की। टीम में साइबर क्राइम विशेषज्ञों और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों को भी शामिल किया गया।

# अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा घोटाला : एसआईटी ने 50 से ज्यादा लोगों से की पूछताछ, जल्द खुल सकते हैं बड़े राज!

एजेंसी

**लखनऊ।** अयोध्या में राम मंदिर के चढ़ावे और दान राशि से जुड़े कथित घोटाले की जांच अब निर्णायक मोड़ की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। पिछले तीन दिनों से अयोध्या में डेरा डाले स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम लगातार पूछताछ और दस्तावेजों की जांच में जुटी है। सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी अब ट्रस्ट के वरिष्ठ पदाधिकारियों तक पहुंच गई है और कई अहम बिंदुओं पर जवाब तलाश रही है। सूत्रों के अनुसार, स्क्ळ ने राम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा को समन जारी किया है, जबकि महासचिव चंपत राय और गोपाल राव से विस्तृत पूछताछ की जा चुकी है। जांच टीम यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि चढ़ावे की राशि के संग्रह, गणना और बैंक में जमा करने की प्रक्रिया में कहीं कोई अनियमितता तो नहीं हुई।

**अब तक 50 से ज्यादा लोगों से पूछताछ**

एसआईटी अब तक 50 से अधिक लोगों के बयान दर्ज कर चुकी है। इनमें बैंक अधिकारी, कैश काउंटिंग एजेंसी के कर्मचारी, सुरक्षा कर्मी और मंदिर प्रबंधन से जुड़े अन्य लोग शामिल हैं। जांच टीम बैंक स्टेटमेंट, नकद जमा रिकॉर्ड, दान रजिस्टर और वित्तीय दस्तावेजों का मिलान कर रही है। सूत्र बताते हैं कि कई बयानों और दस्तावेजों में मिले इनपुट को क्रॉस-चेक किया जा रहा है, ताकि पूरे वित्तीय ट्रेल को समझा जा सके। इसी कड़ी में टिन्नू यादव से भी पूछताछ की गई है।



**फाइनेंशियल ट्रेल पर सबसे ज्यादा फोकस**

जांच एजेंसी ऑनलाइन और ऑफलाइन दान, चेक, नकद जमा और खर्च से जुड़े रिकॉर्ड को खंगाल रही है। स्क्ळ यह जानने की कोशिश कर रही है कि मंदिर में आने वाली चढ़ावे की राशि का पूरा हिसाब-किताब तय प्रक्रिया के अनुसार हुआ या नहीं। सूत्रों का दावा है कि आने वाले दिनों में कुछ और बड़े अधिकारियों और संबंधित लोगों को भी पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। ऐसे में जांच का दायरा और बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। राम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। ऐसे में चढ़ावे की राशि को लेकर उठे सवालों ने स्वाभाविक रूप से लोगों का ध्यान खींचा है। जांच एजेंसियां इस मामले में हर पहलू की पड़ताल कर रही हैं और माना जा रहा है कि एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट कई अहम तथ्यों से पर्दा उठा सकती है।

## देश में जंगलों की सुरक्षा जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि झारखंड जैसे कुछ राज्यों में प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र हैं, जिन्हें बचाकर रखना चाहिए, साथ ही पूरे देश में जंगलों की सुरक्षा पर जोर दिया. इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस वी मोहना की पीठ ने की. पीठ ने झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें झारखंड हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी गई थी. सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि कुछ राज्यों में जंगल जैसे कुदरती स्वर्ग हैं जिन्हें बचाने की जरूरत है. जेएसपीसीबी के वकील ने हाई कोर्ट की बातों का जिक्र किया और कहा कि सब कुछ रुका हुआ है. सीजेआई ने वकील से कहा, कुछ ही राज्य हैं जहां हम सच में अपने प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा कर सकते हैं और आप (झारखंड) उनमें से एक हैं. पीठ ने कहा कि हाई कोर्ट इस मामले पर विचार कर रहा है और इसे वहां अंतिम सुनवाई के लिए लिस्ट किया गया है. पीठ ने कहा, हाईकोर्ट को अंतिम आदेश पास करने दें. हाई कोर्ट की बातों के बारे में, पीठ ने साफ किया कि वह हाई कोर्ट का हौसला नहीं गिरा सकती और जोर देकर कहा कि हाई कोर्ट संवैधानिक कोर्ट है. पीठ ने कहा, हम हाई कोर्ट को सलाह देने के लिए प्रधानाचार्य नहीं हैं कि क्या करें और क्या न करें. साथ ही पीठ ने यह स्पष्ट किया कि वह हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं है.

# बागी विधायक ऋतब्रत बनर्जी ही होंगे नेता प्रतिपक्ष, कलकत्ता हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

एजेंसी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता की नियुक्ति से जुड़े विवाद पर अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट के इस निर्णय के बाद विधानसभा अध्यक्ष द्वारा बागी विधायक ऋतब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष मान्यता दिए जाने का पुराना आदेश फिलहाल पूरी तरह प्रभावी रहेगा। कोर्ट के इस रुख से तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी की याचिका विफलता हाथ लगी है, जिससे राज्य की राजनीति में कानूनी रस्साकशी और तेज हो गई है। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता पक्ष ने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले की विधिक वैधता पर सवाल उठाते हुए इस नियुक्ति पर तत्काल अंतरिम रोक लगाने की मांग की थी। याचिका में दलील दी गई थी कि मुख्य दल के मूल प्रस्ताव को दरकिनार कर यह निर्णय लिया गया है। हालांकि, न्यायमूर्ति कृष्ण राव की एकल पीठ ने मामले के सभी पहलुओं को देखने के बाद इस नियुक्ति पर किसी भी प्रकार की अंतरिम रोक लगाने से साफ तौर पर इनकार कर दिया। अदालत के इस आदेश के बाद स्पष्ट हो गया है कि जब तक इस मामले में कोई अंतिम न्यायिक फैसला नहीं आता, तब तक ऋतब्रत बनर्जी ही बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में अपना कार्य जारी रखेंगे। हाई कोर्ट ने इस विवाद की गंभीरता को देखते हुए मामले को पूरी तरह विधिक प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। जस्टिस कृष्ण राव ने सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों को अपनी-अपनी स्थिति और दलीलों को लिखित रूप में अदालत के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने निर्देश जारी किया है कि अगली निर्धारित सुनवाई से पहले दोनों पक्ष अपना-अपना विस्तृत जवाब और हलफनामा अदालत के रजिस्ट्री कार्यालय में दाखिल करें।





# बजट बताना सिर्फ पब्लिसिटी का एक तरीका है : मनोज

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण और महेश बाबू की वाराणसी जैसी बड़ी फिल्मों की काफी चर्चा है। लोग इन फिल्मों की कहानी से ज्यादा इनके करोड़ों रुपये के बजट को लेकर बातें कर रहे हैं। मशहूर अभिनेता मनोज बाजपेयी ने इस बात पर नाराजगी जताई है और दर्शकों को समझाया है कि उन्हें फिल्म की कमाई या बजट से कोई लेना-देना नहीं होना चाहिए। मनोज बाजपेयी से जब पूछा गया कि 'रामायण' और 'वाराणसी' जैसी फिल्मों के मेकर्स उनके भारी-भरकम बजट का इतना प्रचार क्यों कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि यह सब पब्लिसिटी स्टंट का एक जरिया है। पिछले 15 साल से फिल्मों को हिट दिखाने के लिए इस तरीके का इस्तेमाल किया जा रहा है।

लाइफ Style



# जान्हवी

## पेद्दी की रिलीज से पहले पहुंचीं तिरुमला

जान्हवी कपूर 'पेद्दी' की रिलीज से पहले तिरुमला मंदिर पहुंची हैं। यहां वह नंगे पैर सीढ़ियां चढ़ते नजर आईं। यहां से बाहर निकल कर उन्होंने अपने फैंस से बात की है। जान्हवी कपूर अपनी नई फिल्म 'पेद्दी' को लेकर चर्चा में हैं। बुधवार को इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई है, जिस पर दर्शकों ने खूब प्यार लुटाया है।

चार जून को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इससे पहले जान्हवी कपूर तिरुमला मंदिर पहुंची हैं। सोशल मीडिया पर उनके कई वीडियो वायरल हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में देखा जा सकता है कि जान्हवी कपूर नंगे पैर तिरुमला मंदिर पहुंची हैं। यहां उन्होंने माथा टेका है। इसके बाद माथे पर तिलक लगाया है। मंदिर से बाहर निकल कर वह सड़क पर भी नंगे पैर चलते दिखीं। इस बीच कई दूसरी महिलाएं भी उनके साथ थीं। कई फैंस ने उनके साथ बात की। एक दूसरे वीडियो में देखा जा सकता है कि जान्हवी कपूर मंदिर की सीढ़ियों पर बैठी हैं। वह फोन पर किसी से बात कर रही हैं। इस बीच उनका एक साथी उन्हें कुछ देता है। एक और वीडियो में जान्हवी कपूर तिरुमला मंदिर के बाहर नजर आईं। इसमें वह साड़ी पहने हुए हैं। माना जा रहा है कि जान्हवी दोबारा तिरुमला मंदिर पहुंची हैं। आपको बता दें कि राम चरण और जान्हवी कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'पेद्दी' की स्पेशल स्क्रीनिंग में राम चरण की पत्नी उपासना कोनिडेला पहुंची। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि उपासना कोनिडेला अपनी सीट पर बैठी हैं।

हॉलीवुड मसाला




# पीबो को मिले थे दो ग्रेमी अवॉर्ड

लॉस एंजिल्स। डिज्नी के कई क्लासिक गानों को आवाज देने वाले सिंगर पीबो ब्रायसन का निधन हो गया है। इस दिग्गज सिंगर ने ब्यूटी एंड द बीस्ट, अ होल न्यू वर्ल्ड जैसे कई गाने गाए थे। इस सिंगर को 1992 और 1993 में दो ग्रैमी अवॉर्ड मिले थे। वैरायटी के अनुसार पीबो के परिवार ने एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा 'सिंगर की 'असाधारण' आवाज ने पांच दशकों से भी ज्यादा समय तक जिंदगी के कुछ सबसे यादगार पलों के लिए बैकग्राउंड म्यूजिक का काम किया। उनके म्यूजिक ने कई पीढ़ियों को खुशी के मौकों, प्रेम कहानियों और सुकून के पलों में साथ दिया।




# प्रियंका ने मर्लिन को दी श्रद्धांजलि, लिखा भावुक नोट

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मर्लिन मुनरो के 100वें जन्मदिन के मौके पर बॉलीवुड और हॉलीवुड स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनस ने उन्हें सोशल मीडिया पर याद किया है। प्रियंका ने मर्लिन मुनरो की लाल रंग की ड्रेस वाली एक खूबसूरत फोटो शेयर की और उनके लिए एक खास संदेश लिखा। प्रियंका ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'मर्लिन मुनरो को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आज वह 100 साल की हो गई होतीं।' इसके साथ उन्होंने कई लाल दिल वाले इमोजी भी बनाए। प्रियंका की यह पोस्ट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है और दुनिया भर के फैंस इसे पसंद कर रहे हैं। मर्लिन मुनरो का असली नाम 'नॉर्म जीन मौरटेंसन' था। उनका जन्म 1 जून, 1926 को लॉस एंजिल्स (अमेरिका) में हुआ था। वह हॉलीवुड इतिहास की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं।



# एक पप्पी के रोने से इतना बवाल मचा दिया

**मुंबई।** अभिनेत्री नुसरत भरूचा उस समय अचानक सुर्खियों में आ गईं, जब विराट कोहली की आरसीबी के आईपीएल जीतते ही उन्होंने एक स्टोरी साझा की। उनकी ये इंस्टाग्राम स्टोरी देखते-देखते ही वायरल हो गई। स्टोरी में दिख जरूर आरसीबी की जीत रही थी, लेकिन पीछे आ रही आवाजों ने सुर्खियां बटोरीं और स्टोरी को वायरल कर दिया। इसके बाद इस पर नुसरत को लेकर तरह-तरह के रिएक्शन आने लगे। अब नुसरत भरूचा ने इस वायरल स्टोरी पर पहली बार प्रतिक्रिया दी है और पूरे मामले पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने लिखा, 'फिर से पोस्ट कर रही हूं, क्योंकि मैं जानना चाहती हूं कि मेरे पप्पी (छोटे कुत्ते) की आवाजों से क्या दिक्कत है और क्यों इतना बवाल मचा है। कुछ लोगों ने हद ही कर दी है। एक पप्पी के रोने की आवाज से इतना बवाल मचा दिया।



# कॉकटेल-2 ने रिलीज से पहले की कमाई

**नई दिल्ली।** शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की रोमांटिक फिल्म 'कॉकटेल 2' इस महीने की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के निर्देशक होमी अदजानिया हैं। यह साल 2012 में आई सुपरहिट फिल्म 'कॉकटेल' का सीक्वल है। हाल ही में मुंबई में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। फिल्म 'कॉकटेल 2' 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। वहीं, फिल्म ने रिलीज से पहले ही अपने बजट का 50 प्रतिशत रुपया वसूल कर लिया है। 'कॉकटेल 2' बॉलीवुड की अब तक की सबसे महंगी रोमांटिक फिल्मों में से एक है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'कॉकटेल 2' का कुल बजट लगभग 150 करोड़ रुपए है। फिल्म को बनाने का खर्च 95 करोड़ रुपए है। शाहिद, कृति और रश्मिका की फीस मिलाकर लगभग 35 करोड़ है।

टीवी मसाला



# शिल्पा की हरकत पर भड़कीं हिना, 'ये सरासर शर्मनाक'

**नई दिल्ली।** 'अंगूरी भाभी' के नाम से मशहूर हुई शिल्पा शिंदे ने हाल ही एक पॉडकास्ट में खुलासा किया था कि उन्होंने 'भाबीजी घर पर हैं!' के प्रोड्यूसर पर यौन उत्पीड़न के जो आरोप लगाए थे, वो झूठे थे। शिल्पा के इस खुलासे से सभी सन्न रह गए और एक्ट्रेस की गिरफ्तारी की मांग उठ रही है। सोशल मीडिया पर यूजर्स शिल्पा शिंदे पर जमकर गुस्सा निकाल रहे हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर ऑब्सेशन का जलवा बरकरार

**नई दिल्ली।** सिनेमाघरों में बॉलीवुड के साथ कई साउथ की फिल्में लगी हैं। इन सभी फिल्मों पर हॉलीवुड फिल्म 'ऑब्सेशन' भारी पड़ रही है। भारत में दर्शक इसे प्यार दे रहे हैं। द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो, चांद मेरा दिल और पति पत्नी और वो दो के कलेक्शन में काफी गिरावट आई है। वहीं, दृश्यम 3 और करुप्पु ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी मौजूदगी बनाए रखी है।

**ऑब्सेशन** : फिल्म 'ऑब्सेशन' भारत में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। बुधवार को इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 2.90 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने तीन करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। छह दिनों में इस फिल्म का कुल कलेक्शन 15.65 करोड़ रुपए हो गया है। भारत में यह फिल्म 29 मई को रिलीज हुई थी। दुनियाभर में यह 15 मई को रिलीज हुई थी।

**द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो** : फिल्म द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो की रफ्तार बॉक्स ऑफिस पर और धीमी हो गई है। बुधवार को इसने बॉक्स ऑफिस पर 10 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने सिर्फ 16 लाख रुपए कमाए थे। छह दिनों में इस फिल्म का टोटल कलेक्शन 1.65 करोड़ रुपए हो गया है। बच्चों पर आधारित इस फिल्म से काफी उम्मीदें थीं, हालांकि यह उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी।

**चांद मेरा दिल** : लक्ष्य और अनन्या पांडे की फिल्म 'चांद मेरा दिल' का कलेक्शन भी काफी घट गया है। दूसरे बुधवार को इसने 90 लाख रुपए का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने एक करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का टोटल कलेक्शन 27.20 करोड़ रुपये हो गया है। यह फिल्म 22 मई को रिलीज हुई थी।





**दृश्यम 3** : मलयालम फिल्म 'दृश्यम 3' रिलीज के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। दूसरे वीकएंड के बाद इसके कलेक्शन में गिरावट देखने को मिली। दूसरे बुधवार को इसने 1.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने 1.55 करोड़ रुपए कमाए थे। फिल्म का टोटल कलेक्शन 101.70 करोड़ रुपए हो गया है।

**करुप्पु** : साउथ के स्टार सूर्या की फिल्म 'करुप्पु' की कमाई तीसरे वीकएंड के बाद घटी है। तीसरे बुधवार को इसने 1.77 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने 2.35 करोड़ रुपये कमाए थे। 20 दिनों में फिल्म का टोटल कलेक्शन 188.84 करोड़ रुपए हो गया है। यह फिल्म 14 मई को रिलीज हुई थी।

**पति पत्नी और वो दो** : आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी की फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' की कमाई अब लाखों में सिमट गई है। तीसरे बुधवार को इसने 66 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने एक करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का टोटल कलेक्शन 49.41 करोड़ रुपए हो गया है।

# आज थिएटर्स और ओटीटी पर ये फिल्में-सीरीज हो रही हैं रिलीज...

*नई दिल्ली। 5 जून का दिन आपके वीकेंड का मजा दोगुना कर देगा। दरअसल, शुक्रवार के दिन ओटीटी और सिनेमाघरों में एक या दो नहीं, बल्कि 12 फिल्में और सीरीज दस्तक दे रही हैं। करिश्मा कपूर के कमबैक से लेकर साउथ के मोहनलाल तक, बड़े बड़े स्टार्स आपका मनोरंजन करने आ रहे हैं।*

*गुल्लक सीजन 5* : मिश्रा परिवार अपनी मीठी नोक-झोंक और 'गुल्लक' की नई कहानियों के साथ वापस आ रहा है। इस सीजन में अन्नू अपनी अलग दुनिया बसाता हुआ है और अमन नए पचड़ों में फंसता नजर आएगा। सबसे मजेदार ट्विस्ट ये है कि बिट्टू की मम्मी अचानक डिजिटल की दुनिया में फेमस होने वाली हैं। सोनी लिव पर रिलीज हो रही है।

*ब्राउन* : बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर एक बेहद दमदार और डार्क रोल के साथ वापसी कर रही हैं। ये सीरीज अभीक बरुआ की बुक 'सिटी ऑफ डेथ' पर आधारित एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। जी5 पर रिलीज हो रही है।

*पेट्रियोट* : साउथ सिनेमा के दो सबसे बड़े दिग्गज, ममूटी और मोहनलाल, इस पॉलिटिकल स्पाई थ्रिलर में एक साथ स्क्रीन शेयर कर रहे हैं।




कहानी डॉ. डैनियल जेम्स (ममूटी) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक टेक एक्सपर्ट हैं। जी5 पर रिलीज हो रही है।

*द पिरामिड स्कीम* : रणवीर शौरी, शेखर सुमन और परमवीर सिंह चीमा की ये सीरीज है। हरिद्वार के एक दुकानदार गोल्डी और मान-सम्मान की तलाश में भटके मनोज को तरुण बजाज (शेखर सुमन) नाम का एक शातिर मेंटॉर मिलता है। अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही है।

*टीच यू अ लेसन* : फेमस वेबतून 'गेट स्कूल्ड' पर बनी ये एक हाई-एक्शन कोरियन ड्रामा है। कहानी एजुकेशनल राइट्स प्रोटेक्शन एजेंसी नाम की एक सरकारी टास्क फोर्स की है, जो स्कूलों में होने वाली हिंसा और गुंडागर्दी को खत्म करने के लिए कानून को अपने हाथ में लेती है। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

*बंदर* : हिंदी सिनेमा के दर्शकों के लिए बड़े पर्दे पर फिल्म 'बंदर' रिलीज होने जा रही है। अपनी अनोखी कहानी और बेहतरीन टाइटल की वजह से ये फिल्म सोशल मीडिया पर पहले ही चर्चा में है। इस फिल्म में बॉबी देओल लीड रोल में हैं।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रनेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.